राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com

# गौरवशाली भारत

नई दिल्ली से प्रकाशित

वर्ष : 12
अंक : 85
पृष्ठ : 08
नई दिल्ली
रविवार 09 अक्टूबर 2022
मूल्य : 1.50/-
RNI No .DELHIN/2011/38334



मुख्य अपडेट

पेज 3 नशे में धुत लड़कियों का हाई वोल्टेज ड्रामा, सिक्योरिटी गार्ड से की अभद्रता; दो गिरफ्तार

पेज 5 सहारनपुर में 38 करोड़ साल पुराने जीवाश्म मिले, वैज्ञानिकों ने बताया हाइडनोसेरस का है फॉसिल

पेज 7 इजरायल में भारतवंशी की हत्या, बर्थडे पार्टी में नाबालिग को चाकू से गोदा

## केरल में 1200 करोड़ की हेरोइन जब्त

### अफगानिस्तान से ईरानी जहाज पर भारत लाई गई; पाकिस्तानी नेटवर्क का हाथ

एजेंसी

तिरुवनंतपुरम। केरल में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो और नेवी ने 200 किलो से अधिक हेरोइन बरामद की है। यह ड्रग्स एक ईरानी जहाज से मिली, जो अफगानिस्तान से भारत लाई गई थी। इसका कुछ हिस्सा श्रीलंका भी भेजा जाना था। इस तस्करी के पीछे पाकिस्तान के हादी सलीम नेटवर्क का हाथ है। इंटरनेशनल मार्केट में इसकी कीमत करीब 1200 करोड़ रुपए की आंकी गई है।

एनसीबी के डिप्टी डॉयरेक्टर जनरल संजय कुमार सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि 6 लोगों को अरेस्ट किया गया है। ये सभी ईरान के हैं। NDPS अधिनियम के तहत केस दर्ज कर लिया गया है।



#### अफगानिस्तान से लाई गई थी ड्रग्स

डीडीजी संजय कुमार ने कहा कि इनकी पैकिंग वाटर प्रूफ है। इन पैकटों को सात लेयर में पैक किया गया था। ड्रग्स की सप्लाई पाकिस्तान के हादी सलीम नेटवर्क की तरफ से की गई थी। हादी सलीम भारत और अन्य देशों को हेरोइन, चरस, मेथामफेटामाइन सप्लाई करता है।

#### ईरान के हैं आरोपी

आरोपियों के पास से 3 स्मार्टफोन जब्त किए गए हैं। इस मामले में अभी तक किसी आतंकी से कोई संबंध नहीं मिला है। पूछताछ में आरोपियों ने कबूल किया कि वे ईरान के कोणार्क इलाके के रहने वाले हैं।

## बस में आग लगने से 12 जिंदा जले

### बस यवतमाल से मुंबई जा रही थी, ज्यादातर लोगों ने खिड़की से कूदकर जान बचाई

नासिक। महाराष्ट्र के नासिक में शनिवार सुबह एक भीषण हादसा हो गया। बस और आयशर ट्रक के बीच टक्कर से बस के अगले हिस्से में आग लग गई। देखते ही देखते 20 मिनट में बस धू-धूकर जल गई। हादसे में बस में सवार 12 लोग जिंदा जल गए। इनके अलावा, 38 यात्री जख्मी हुए हैं। ऐसा कहा जा रहा है कि मरने वालों का आंकड़ा बढ़ सकता है। ज्यादातर लोगों ने बस से कूदकर जान बचाई। हादसा नासिक-औरंगाबाद रूट पर नंदूरनाका के पास हुआ। बस यवतमाल से मुंबई जा रही थी। चिंतामणि ट्रेवल्स की बस में 50 से ज्यादा लोग सवार थे। पीएम मोदी ने इस घटना पर दुख जताया है।



उधर, महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे ने कहा है कि घायलों के इलाज का खर्च सरकार उठाएगी।

#### एक्सीडेंट कैसे हुआ?

हादसा शनिवार सुबह शनिवार सुबह 4:30 बजे हुआ। दुर्घटना के वक्त कोई प्रत्यक्षदर्शी मौजूद नही था, लेकिन पुलिस और फायर ब्रिगेड के अफसरों को जो साक्ष्य मिले, उससे लगता है कि ट्रक के डीजल से बस में आग लगी। दरअसल, हादसे के बाद बस और ट्रक के बीच की दूरी 50 मीटर थी। जोरदार टक्कर के बाद ट्रक के डीजल टैंक में ब्लास्ट हुआ था। इसलिए माना जा रहा है कि डीजल टैंकर के ब्लास्ट होने के बाद इससे निकला डीजल बस पर गया और बस में आग लग गई। दोनों के बीच 90 डिग्री में टक्कर हुई है। हालांकि, दुर्घटना कैसे हुई है इसको लेकर कोई भी आधिकारिक बयान नही आया है।

#### परिजन को केंद्र और राज्य सरकार ने मदद दी

**महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे ने मृतकों के परिजन को पांच-पांच लाख रुपए देने का ऐलान किया है। घायलों को फ्री में इलाज करवाया जाएगा। शिंदे ने कहा- 3 लोगों को प्राइवेट अस्पताल में एडमिट कराया गया है। हादसे को गंभीरता से लिया जाएगा और इसकी जांच कराई जाएगी।**

#### अगले हिस्से में ज्यादा नुकसान

सबसे ज्यादा जनहानि बस के अगले हिस्से में हुई। सुबह का समय होने के कारण ज्यादातर यात्री सो रहे थे, इसलिए उन्हें भागने का मौका नही मिल सका। मरने वालों में बस का ड्राइवर और कुछ बच्चे भी शामिल हैं।

## दिवाली से पहले महंगी हुई सीएनजी

### दिल्ली-एनसीआर समेत कई शहरों में कीमत 3 रुपए बढ़ी, नए रेट सुबह 6 बजे से लागू हुए

नई दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर में सीएनजी की कीमत 3 रुपए बढ़ गई है। वहीं, पीएनजी की कीमत भी 3 रुपए बढ़ी है। दिल्ली-एनसीआर में नई कीमत 8 अक्टूबर सुबह 6 बजे से लागू हो गई है। अब दिल्ली में प्रति किलो सीएनजी की कीमत 78.61 रुपए हो गई है। अभी दिल्ली में प्रति किलो सीएनजी की कीमत 75.61 रुपए थी।

#### नोएडा और गाजियाबाद में नई कीमत

आज से नई कीमत लागू होने के बाद नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद में शनिवार से प्रति किलो सीएनजी के लिए 78.17 रुपए के बजाय 81.17



रुपए देने होंगे। वहीं, गुरुग्राम में अब सीएनजी 83.94 प्रति किलोग्राम की जगह 86.94 प्रति किलोग्राम के रेट में मिलेगी।

अगर पीएनजी की कीमत की बात करें तो दिल्ली में इसकी कीमत बढ़कर 53.59 प्रति स्टैंडर्ड क्यूबिक मीटर हो गई है। नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद में इसका रेट 53 रुपए होगा। वहीं, मुजफ्फरनगर, शामली और मेरठ में कीमत 56.97 हो गई है। कानपुर, फतेहपुर और हमीरपुर में रेट 56.10 होंगे।

#### मुंबई में सीएनजी की कीमत 6 रुपए बढ़ी थी

इससे पहले मुंबई में भी इसी हफ्ते गैस वितरण कंपनी महानगर गैस लि.ने सीएनजी के दाम 6 रुपए बढ़ाए थे। अभी मुंबई में सीएनजी की कीमत 86 रुपए है। कुछ दिन पहले पेट्रोलियम मंत्रालय ने नेचरल गैस की कीमत 40त्न बढ़ाई थी। इसके बाद से देश के अलग-अलग शहरों में सीएनजी की कीमत बढ़ने की अनुमान लगाया जा रहा था।

#### नेचुरल गैस के दाम बढ़ने से महंगी हो रही सीएनजी

नेचुरल गैस की कीमतों में तेजी से अब सीएनजी की कीमतों में तेजी देखने को मिल रही है। जानकारों के अनुसार सरकार ने पिछले सप्ताह पुराने गैस सेक्टर से उत्पादित गैस के लिए भुगतान की जाने वाली दर को मौजूदा 6.1 डॉलर प्रति मिलियन ब्रिटिश थर्मल यूनिट (प्रतिशत इकाई) से बढ़ाकर 8.57 डॉलर प्रति इकाई कर दिया। ऐसे में आने वाले दिनों में सीएनजी की कीमतों में और तेजी देखने को मिल सकती है।

## गुजरात में केजरीवाल के हिन्दू विरोधी होने का प्रचार

नयी दिल्ली। दिल्ली सरकार के मंत्री राजेन्द्र पाल गौतम के हिन्दू विरोधी बयानों पर गुजरात में आम आदमी पार्टी के नेता एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल घिर गये हैं और चारों तरफ उनके हिन्दू विरोधी होने का प्रचार जोर पकड़ रहा है।भारतीय जनता पार्टी के आईटी विभाग के प्रभारी अमित मालवीय ने एक वीडियो साझा किया है जिसमें गुजरात के विभिन्न शहरों में श्री केजरीवाल के मुस्लिम टोपी एवं कंधे पर चौखाने वाली तौलिया पहने चित्र काले बैकग्राउंड के साथ पोस्टर एवं कटआउट लगाये गये हैं और उनमें गुजराती में श्री केजरीवाल को उद्धृत करके लिखा है, मैं हिन्दू धर्म को पागलपन मानता हूं। और मैं हिंदू धर्म के देवी देवताओं ब्रह्मा, विष्णु, महेश, श्रीराम, श्रीकृष्ण को ईश्वर नहीं मानूंगा, न ही उनकी पूजा करूंगा।

## मुंबई-गुजरात से 852 करोड़ की ड्रग्स जब्त

### नाशपाती-सेब के कंटेनर में मुंबई आई; कच्छ में पाकिस्तानी बोट में लदी मिली

मुंबई। मुंबई और गुजरात में 852 करोड़ की ड्रग्स जब्त की गई। मुंबई में दक्षिण अफ्रीका से आए जहाज में 50.23 किलो हाई क्वालिटी की कोकीन बरामद हुई। उधर, गुजरात के कच्छ में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पकड़ी गई पाकिस्तानी बोट में 50 किलो हेरोइन जब्त की गई। इसकी कीमत 350 करोड़ रुपए आंकी गई है।

डायरेक्टर ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस मुंबई को 6 अक्टूबर को खुफिया जानकारी मिली थी कि दक्षिण अफ्रीका से आ रहे शिप के कंटेनर में ड्रग्स है।

अफसरों ने न्हावा शेवा पोर्ट पर इसे रुकवा दिया। तलाशी में कोकीन से बनी 50 ईंटें नाशपाती और हरे सेब के बक्से में छुपी मिलीं। डीआरआई ने



शनिवार को यह जानकारी दी। यह हाल के दिनों में कोकीन की सबसे बड़ी बरामदगी है, जिसे समुद्री कंटेनर से तस्करी के लिए लाया गया था। वहीं मामले में शामिल सभी आरोपियों को NDPS अधिनियम, 1985 के तहत गिरफ्तार कर लिया गया है। कच्छ में इंडियन कोस्ट गार्ड्स और एटीएस ने जॉइंट ऑपरेशन चलाकर ड्रग्स से लदी बोट जब्त की। इस बोट का नाम अल साकार है। इस पर सवार 6 तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। इंटरनेशनल मार्केट में हेरोइन की कीमत करीब 350 करोड़ रुपए आंकी गई है। आगे की जांच के लिए नाव को कच्छ जिले के जखाऊ पोर्ट ले जाया गया है। इससे पहले 14 सितंबर को भी एक पाकिस्तानी बोट से 200 करोड़ की 40 किलो हेरोइन जब्त की गई थी।

## देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना संक्रमण से 12 मरीजों की हुई मौत



नयी दिल्ली। देश में पिछले 24 घंटे में कल की तुलना में आज कोरोना महामारी के संक्रमण से मृतकों की संख्या में वृद्धि देखी गई। इस अवधि में 12 मरीजों की मौत होने से मृतकों की संख्या 5,28,778 तक पहुंच गयी है और मृत्यु दर 1.19 प्रतिशत है।
केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि सुबह सात बजे तक 218.93 करोड़ टीके लगाए गए। देश में पिछले 24 घंटों में कोरोना संक्रमण के 2,797 नये मामले सामने आने के साथ संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर 4,46,09,257 तक पहुंच गयी है और इसी दौरान कोरोना संक्रमण के सक्रिय मामले में 1,111 की गिरावट दर्ज की गयी है, जिससे अब ऐसे कुल मामलों की संख्या घटकर 29,251 रह गयी है एवं सक्रिय दर 0.07 प्रतिशत है।
मंत्रालय ने बताया कि देश में पिछले 24 घंटे में कोविड-19 संक्रमण से 3,884 लोग स्वस्थ हुए है, जिससे अब कोरोना से निजात पाने वालों की कुल संख्या बढ़कर 4,40,51,228 हो गयी है और स्वस्थ दर 98.75 प्रतिशत है और इसी अवधि में नौ राज्यों और दो केन्द्र शासित प्रदेश में कोराना वायरस (कोविड-19) महामारी के मामलों में वृद्धि हुई है, जो पिछले दिनों की तुलना में बहुत कम है और अन्य राज्यों तथा प्रदेशों में कोरोना के मामले में गिरावट आई है। राष्ट्रीय राजधानी में कोविड-19 संक्रमण के 38 मामले बढ़कर 366 हो गए हैं। इस महामारी से निजात पाने वालों की कुल संख्या 19,77,034 हो गयी। मृतकों की संख्या 26,504 तक पहुंच गया है और इसी अवधि में केरल में कोरोना के 372 संक्रमित मामले घटने के बाद सक्रिय मामले घटकर 6,443 रह गए हैं और इस बीमारी से निजात पाने वालों की संख्या 67,34,120 हो गयी है।

## कोविड टीकाकरण में 218.93 करोड़ से अधिक टीके लगे

नयी दिल्ली। देशभर में राष्ट्रीय कोविड टीकाकरण अभियान के अंतर्गत 218.93 करोड़ से अधिक कोविड टीके लगाए गए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने शनिवार को यहां बताया कि आज सुबह सात बजे तक दो अरब 18 करोड़ 93 लाख 14 हजार 422 टीके दिये जा चुके हैं। मंत्रालय ने बताया कि पिछले 24 घंटों में कोविड संक्रमण के 2797 नये मरीज सामने आयें हैं। इनके साथ ही देश में कोरोना रोगियों की संख्या 29 हजार 251 रह गयी है। यह संक्रमित मामलों का 0.07 प्रतिशत है। दैनिक संक्रमण दर 1.07 प्रतिशत हो गयी है। मंत्रालय ने बताया कि इसी अवधि में 3884 लोग कोविड से मुक्त हुए हैं। अभी तक कुल 4 करोड़ 40 लाख 51 हजार 228 रोगी कोविड से उबर चुके हैं। स्वस्थ होने की दर 98.75 प्रतिशत है। देश में पिछले 24 घंटे में दो लाख 66 हज़ार 839 कोविड परीक्षण किए गये हैं। देश में कुल 89 करोड़ 67 लाख 48 हजार 226 कोविड परीक्षण किए हैं।

## गैस सिलेंडर में विस्फोट, जोधपुर में 4 जिंदा जले

### रिफिलिंग करते समय हुए धमाके, 16 झुलसे; मरने वाले एक ही परिवार के

जोधपुर। जोधपुर के कीर्ति नगर इलाके में शनिवार को गैस सिलेंडर में विस्फोट से 4 लोग जिंदा जल गए वहीं 16 झुलस गए। धमाके से करीब एक किलोमीटर का इलाका दहल उठा। घायलों को महात्मा गांधी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। इसमें 8 की स्थिति गंभीर हैं। ये 80 फीसदी तक झुलसे हैं। कलेक्टर हिमांशु गुप्ता ने बताया कि शनिवार दोपहर करीब 2 बजे कीर्ति नगर में अवैध तरीके से गैस रिफिलिंग के दौरान गैस लीक हुई। इसमें बाद धमाका हुआ और आग लग गई। आस-पास खड़ी गाड़ियां भी आग की चपेट में आ गईं।

#### घर से निकले घरेलू और कॉमर्शियल सिलेंडर

कीर्ति नगर में कोजाराम लोहार का मकान है। कोजाराम के चार भाइयों का परिवार इसी मकान में रहता है। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि कोजाराम का बेटा गैस रिफिलिंग का काम करता है। हादसे के बाद मकान से



करीब चार दर्जन घरेलू व कॉमर्शियल सिलेंडर बाहर निकाले गए। बताया जा रहा है कि यह मकान लोगों के घर सिलेंडर पहुंचाने वाले किसी हॉकर का है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि इस हादसे में मकान का एक हिस्सा भी ढह गया।

#### मरने वालों में एक युवक व 3 बच्चे शामिल

मरने वालों में एक युवक व तीन बच्चे शामिल हैं। नीकू (12), विक्की (15), सुरेश (45) और कोमल (13) की मौत हो गई। नक्ष (11), निरमा (37), शोभा (50), सरोज (30), हरिराम (42), नितेश (14), कंचन (30), राजवीर (5), खुशी (2), पारसराम (25), दिव्यांशु (16), अशोक (33), अनराज (42), सूरज (24) और भोमाराम (60) झुलस गए हैं। एक घायल के नाम की जानकारी नहीं मिल पाई है। मामले में सामने आया कि जिस घर में यह हादसा हुआ वहां अवैध रिफिलिंग का काम चल रहा था। घटना के बाद शहर विधायक मनीषा पंवार महात्मा गांधी हॉस्पिटल पहुंचीं। उन्होंने बताया कि इस घटना को लेकर सीएमओ ऑफिस से मॉनिटरिंग की जा रही है।

## मतदान से ही होगा कांग्रेस के नये अध्यक्ष का फैसला

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष चुनाव के लिए पार्टी के वरिष्ठ नेता मल्लिकार्जुन खड़गे और शशि थरूर में से किसी की ओर से नाम वापस नहीं लेने के बाद अब तय हो गया है कि नये अध्यक्ष का फैसला 17 अक्टूबर को होने वाले मतदान से ही होना है।

कांग्रेस के चुनाव प्रभारी मधुसूदन मिस्त्री ने नाम वापस लेने की अवधि समाप्त होने के बाद शनिवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाताओं से कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष चुनने की प्रक्रिया शुरु हो चुकी है और उम्मीदवार के नामांकन भरने की तारीखें भी बीत चुकी है।

उन्होंने कहा कि इस पद के लिए दो उम्मीदवारों के नामांकन सही पाये गए थे और आज नामांकन पत्र वापस लेने की अवधि भी समाप्त हो गई है तथा दोनों में से किसी भी उम्मीदवार ने अपना नामांकन पत्र वापस नहीं लिया है। अब चुनाव मैदान में दो ही उम्मीदवार मल्लिकार्जुन खडगे और शशि थरुर रह गए है। इस स्थिति में अब 17 अक्टूबर को सीक्रेट बैलेट से राज्यों के कांग्रेस मुख्यालयों में मतदान कराया जाएगा।

## अंग्रेजों से पैसे लेते थे सावरकर : राहुल

बेंगलुरु। भारत जोड़ो यात्रा के एक महीने पूरे होने के बाद राहुल गांधी ने शनिवार को कर्नाटक के तुरुवेकरे में 34 मिनट की एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। राहुल इस दौरान सावरकर, आरएसएस और पीएफआई से लेकर कांग्रेस की इंटरनल पॉलिटिक्स पर बात की। कांग्रेस सांसद ने कहा- देश की जनता भ्रष्टाचार से परेशान है और सरकार इसे मैनेज करने के लिए मीडिया पर कंट्रोल कर रही है। भारत के विभाजन को लेकर पूछे गए एक सवाल पर राहुल ने कहा- आजादी की लड़ाई में सावरकर अंग्रेजों के लिए काम करते थे और उसे इसके लिए पैसे मिलते थे। राहुल ने आगे कहा- आरएसएस ने भी ब्रिटिश राज का समर्थन किया था और आज उनकी नफरत के खिलाफ ही भारत जोड़ो यात्रा निकाली जा रही है।

### आफत की बारिश

### लखनऊ में रातभर से हो रही बरसात, एक मकान गिरा; अनुमान से 743 प्रतिशत ज्यादा हुई बारिश

## उत्तरप्रदेश में बारिश से 24 घंटे में 7 लोगो की मौत

लखनऊ। यूपी में तीन दिनों से हो रही बारिश अभी थमेगी नहीं। शनिवार को भी प्रदेश के 49 जिलों में 11 अक्टूबर तक भारी बारिश का येलो अलर्ट मौसम विभाग ने जारी किया है। राजधानी लखनऊ में शुक्रवार-शनिवार की रात रुक-रुककर बारिश होती रही। अयोध्या और आगरा में भी कुछ ऐसा ही हाल रहा है। यहां रातभर बारिश हुई। फतेहपुर में बारिश से जुड़े हादसों में पांच लोगों की मौत हो गई है। 3 की मौत आकाशीय बिजली गिरने से हुई है, जबकि दो की दीवार ढहने से हुई है। वहीं बारिश के चलते आगरा, एटा और हाथरस में स्कूलों की छुट्टी कर दी गई है।

लखनऊ में शनिवार दोपहर बारिश से एक मकान की दीवार और छत गिर गई।
इस दौरान खेल रहे तीन बच्चे और एक युवक मलबे के नीचे दब गए। रेस्क्यू कर चारों घायलों को निकाल कर लोक बंधु अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने तीन लोगों को ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। जहां एक युवक की हालत नाजुक बनी है।
वहीं, एटा में बारिश के चलते एक मकान की छत गिर गई। हादसे में एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई।
जबकि दो बच्चियां गंभीर रूप से घायल हो गई। उधर, आजमगढ़ में आकाशीय बिजली गिरने से एक



युवक की मौत हो गई। बिसईपुर गांव में बारिश के बाद युवक के छत पर चढ़ रहा था। इसी समय अचानक बिजली गिर गई। जिससे नदीम बुरी तरह से झुलस गया।
इसके अलावा, कानपुर, फतेहपुर, कौशांबी, उन्नाव, लखीमपुर समेत 15 से ज्यादा जिलों में बारिश हो रही है। हालांकि, इसके बाद ठंड का दौर शुरू होने का भी अनुमान है। दीपावली यानी 24 अक्टूबर तक न्यूनतम तापमान में 3 से 4 डिग्री की गिरावट हो सकती है।
अब शुक्रवार को हुई बारिश की बात करते हैं। कल 24 घंटे में 15.3 मिलीमीटर औसत बारिश प्रदेश में रिकॉर्ड की गई। यह औसत अनुमान से 743 प्रतिशत ज्यादा है। प्रदेश में 3 दिनों से लगातार बारिश से रात में हल्की ठंड और सुबह कोहरा पड़ रहा है।

#### फतेहपुर में बिजली से जुड़े हादसे में 5 की मौत

फतेहपुर में बारिश से जुड़े हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई है। तीन लोगों की मौत आकाशीय बिजली गिरने से 3 लोगों को मौत हो गई है। जबकि एक महिला झुलस गई है। वहीं बड़नपुर के सोनही गांव में कच्चा मकान की दीवार गिरने से चाचा-भतीजे की मलबे में दबने से मौत हो गई है। जिले में लगातार 3 दिनों से बारिश हो रही है। जिसके चलते कई जगहों पर पानी भर गया है। जिससे लोगों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

## गुजरात में किसानों को पांच फ़सलों पर एमएसपी देंगे : केजरीवाल

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि गुजरात में सरकार बनने के बाद हम किसानों को यहां भी पंजाब की तरह पाँच फ़सलों गेहूं, धान, चना, मूगफली और कपास पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) देंगे।

केजरीवाल ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ गुजरात के दाहोद में जनसभा को संबोधित किया और उसके बाद बड़ोदा में तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि गुजरात में सरकार बनने के बाद हम किसानों को यहां भी पंजाब की तरह पांच फ़सलों गेहूं, धान, चना, मूगफली और कपास पर एमएसपी देंगे। फ़सल नुक़सान पर



50 हज़ार रुपए प्रति हेक्टेयर मुआवज़ा देंगे, पर्याप्त बिजली देंगे और किसानों की सारी समस्याएं दूर करेंगे। उन्होंने कहा कि पूरे गुजरात में इस समय बदलाव की आंधी चल रही है।

बड़ोदा में तिरंगा यात्रा को संबोधित करते हुए 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक ने कहा कि ये लोग मेरे खिलाफ गुजरात में जगह-जगह पोस्टर्स-होर्डिंग्स लगाए हैं। इसमें इन्होंने भगवान के खिलाफ बहुत अपशब्द का इस्तेमाल किया है। ये मुझसे नफरत में इतने अंधे हो गए हैं कि इन्होंने भगवान को भी नहीं छोड़ा। गुजरात की जनता यह बर्दाश्त नहीं करेगी। मेरा जन्म श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के दिन हुआ था। मुझे भगवान ने कंस के औलादों का नाश करने के लिए स्पेशल काम देकर भेजा है। भगवान और लोग हमारे साथ हैं।

केजरीवाल ने कहा, गुजरात में दिसंबर में आम आदमी पार्टी की सरकार बनने जा रही है। यह मैं नहीं, खुफिया एजेंसी की रिपोर्ट कह रही है। खुफिया रिपोर्ट में लिखा है कि आम आदमी पार्टी की 94-95 सीट आ रही है।

## शार्ट न्यूज

### नशे में धुत लड़कियों का हाई वोल्टेज ड्रामा, सिक्योरिटी गार्ड से की अभद्रता; दो गिरफ्तार

नोएडा। नोएडा की हाई प्रोफाइल सोसाइटियों से लगातार गार्ड से बदसलूकी के मामले सामने आ रहे हैं। अभी हाल ही में सोशल मीडिया पर एक और वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में साफ नजर आ रहा है कि नशे में धुत्त लड़कियों ने गार्ड से बदसलूकी की। नोएडा के फेस 3 क्षेत्र स्थित सेक्टर 121 अजनारा होम्स सोसाइटी में शुक्रवार देर रात शराब के नशे में धुत तीन महिलाओं ने हाई वोल्टेज ड्रामा किया। उन्होंने एक सिक्योरिटी गार्ड से अभद्रता की। एक महिला ने गार्ड का कॉलर पकड़ा। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने पर पुलिस ने गार्ड की शिकायत पर तीन महिलाओं के खिलाफ एनसीआर दर्ज की है। पुलिस जांच में पता चला है कि पीड़ित ने कार पर सोसाइटी का स्टीकर न होने पर महिलाओं को गेट पर रोका था। अजनारा होम्स सोसाइटी में शाहजहांपुर निवासी पंकज उर्फ़ उज्वल सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करते हैं। शुक्रवार देर रात सोसायटी में रहने वाली अंजलि उनकी बहन दीक्षा और उनकी एक दोस्त काकुल कार से सोसाइटी के गेट पर पहुंचे। दावा है कि तीनों महिलाएं शराब के नशे में धुत थी। कार पर सोसाइटी का स्टीकर न होने से गार्ड ने उन्हें गेट पर रोक लिया।अंजलि गार्ड पंकज से बहस करने लगी। अंजलि के साथ उसकी दोस्त काकुल भी गार्ड से बहस करने लगी। बहस के दौरान दोनों महिलाओं ने गार्ड के साथ अभद्रता करते हुए गाली गलौज की और उसका कॉलर पकड़कर मारपीट की।

### त्योएहारों पर 200 अतिरिक्त बस चलेंगी

नोएडा। त्योएहारों पर उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की ओर से 200 अतिरिक्त बस चलाई जाएंगी। भीड़ बढ़ने पर 150 और बसें सड़कों पर उतारी जाएंगी। परिवहन निगम के मुताबिक इनमें से अधिकतर बस पूर्वांचल और उत्तराखंड के लिए चलेंगी, जिनमें से कुछ नोएडा और ग्रेटर नोएडा से होकर भी गुजरेंगी। इससे यात्रियों को दीपावली, भैय्या दूज, गोवर्धन और छठ पूजा पर घर जाने में काफी सुविधा होगी।

### दस मोबाइल संग चोर गिरफ्तार

नोएडा। एक्सप्रेसवे कोतवाली पुलिस ने चोरी के दस मोबाइल संग चमन निवासी छपरोली सेक्टर-168 को छपरोली के पास से गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से विभिन्न कंपनी के 10 महंगे मोबाइल बरामद किए गए हैं। सभी मोबाइल फोन अलग-अलग जगहों से चोरी किये गए थे। आरोपी चमन के खिलाफ कोतवाली में अवैध हथियार की तस्करी का मुकदमा भी दर्ज था। पुलिस काफी दिनों से आरोपी की तलाश कर रही थी। आरोपी खाली घरों में सेंधमारी कर चोरी की घटनाओं को अंजाम देता था। वहीं बाजारों व होटलों से मोबाइल चोरी करता था। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया।

### नोएडा डिपो में चालक-परिचालकों ने किया योग

नोएडा। मोरना स्थित नोएडा डिपो में शनिवार को योग शिविर लगाया गया। इस मौके पर चालक, परिचालक और डिपो के कर्मचारियों ने योग किया। योगाचार्य डॉ.वेद प्रकाश ने योग कराया और इसके महत्व की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि योग करने से मन और शरीर स्वस्थ रहते हैं। व्यक्ति तनाव से दूर रहता है और उसे बीमारियां नहीं घेरती हैं। डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक नरेश पाल सिंह ने कहा कि प्रत्येक माह के द्वितीय शनिवार को डिपो में योग शिविर लगाया जाता है।

### कोरोना के दो नए रोगियों की पुष्टि

नोएडा। कोरोना के नए रोगियों के मिलने का सिलसिला जारी है। शनिवार को कोरोना के दो नए रोगियों की पुष्टि हुई है। वहीं, तीन रोगी इलाज के बाद स्वस्थ हुए हैं। सक्रिय रोगियों की संख्या 20 है। जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. मनोज कुशवाहा ने बताया कि चार रोगी अस्पताल में भर्ती हैं। इसमें एक रोगी भंगेल स्थित कोविड अस्पताल में भर्ती है। बाकी रोगियों का निजी अस्पतालों में इलाज चल रहा है।

### बिल्डर पर जांच के बाद ब्याज-जुर्माना लगाया

नोएडा। ईकोटेक तीन स्थित ईको होम्स बिल्डर और सेक्टर-63 स्थित गारमेंट फैक्टरी पर शुक्रवार राज्य वाणिज्यकर विभाग गौतमबुद्ध नगर की देर रात तक जांच चली। फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) के मद में जीएसटी चोरी की जांच के बाद बिल्डर पर ब्याज और जुर्माना लगाया गया। आईटीसी मिलाकर यह करीब 45 लाख रुपये है। सुबह करीब 11 बजे कार्रवाई शुरू हुई थी। विभाग के संयुक्त आयुक्त मनोज कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि बिल्डर ने लोगों को पजेशन दे दिया है और अब मेंटिनेंस का जिम्मा संभाल रहा है। 32 लाख रुपये की फर्जी आईटीसी की रकम बिल्डर ने जमा कर दी है। करीब 13 लाख रुपये ब्याज और जुर्माना भी बिल्डर से वसूला जाएगा। उन्होंने बताया कि दस्तावेजों में काफी गड़बड़ी मिली है। वहीं, गारमेंट फैक्ट्री को सेवा प्रदान करने वाली कंपनी फर्जी आईटीसी का लेनदेन करके कर चोरी कर रही थी। करीब 13 लाख रुपये ब्याज और जुर्माना जमा कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि रेकी के बाद और व्यापारियों द्वारा कर चोरी की जानकारी सामने आई है। जल्द ही इन पर छापेमारी की जाएगी। व्यापारी वक्त पर कर जमा करें और ऐसे लोगों की बातों में न आएं जो फर्जी बिल देकर कर चोरी का झांसा देते हैं। ऐसे लोगों की विभाग को सूचना दें। व्यापारियों का नाम गुप्त रखा जाएगा।

### सीएनजी के दाम में बढ़ोतरी से बजट बिगड़ेगा

**गाजियाबाद।** घरेलू गैस के रूप में प्रयुक्त होने वाली पीएनजी व कार में इस्तेमाल होने वाली सीएनजी गैस की कीमतों में बढ़ोतरी से आम और मध्यम वर्ग परिवारों पर बोझ पड़ेगा। लोगों को हर महीने औसतन 400-500 रुपए अतिरिक्त खर्च करने होंगे। बढ़े हुए इस खर्च के कारण कई घरेलू खर्चे में कटौती करनी पड़ेगी। लोगों को कहना है कि खाद्य वस्तुओं से लेकर गैस तक लगातार महंगे होने से घर का बजट बिगड़ता जा रहा है। पीएनजी के दाम में शनिवार सुबह से तीन रुपए प्रति किलो की बढ़ोतरी की गई है। बढ़ोतरी से जिले के आम व मध्यमवर्ग परिवार पर महंगाई की मार पड़ी है। नौकरी पेशा परिवार से लेकर निजी कंपनियों में काम करने वाले परिवार के लोगों को सोचने पर मजबूर कर दिया है। वहीं रसोई का बजट भी बिगड़ने की उम्मीद है। इन परिवारों की महिलाओं का कहना है कि खाद्य वस्तुओं से लेकर गैस की कीमत लगातार बढ़ती जा रही है। ऐसे में घर खर्च चलाना मुश्किल हो रहा है। पटेल नगर में रहने वाली करुणा दीक्षित का कहना है कि उनके परिवार में तीन बच्चे समेत परिवार के 5 लोग हैं। पति निजी क्षेत्र में काम करते हैं। उन्होंने बताया कि गैस सिलेंडर की लगातार बढ़ती कीमतों की वजह से कम खर्च की चाहत मे घरेलू पीएनजी का कनेक्शन लिया था ।

### गांवों के पार्कों में बनीं ओपन जिम का अगले माह से जीर्णोद्धार

गाजियाबाद। पिछले साल करोड़ों रुपये का बजट खर्च कर 48 गावों के पार्कों में बनाई गईं ओपन जिम में से ज्यादातर बदहाल स्थिति में हैं। अगले माह से बदहाल ओपन जिम का जीर्णोद्धार किया जाएगा। इसके लिए पंचायती राज विभाग ने कार्ययोजना तैयार कर ली है। जनपद के रजापुर में 16, भोजपुर ब्लॉक में 14, मुरादनगर में 10 और लोनी में 8 ओपन जिम खोली गई थीं। यह जिम उन गांवों में खोली गई थीं, जहां पर पार्क की सुविधा थी। इसका उद्देश्य पार्कों में सुबह की सैर करने के साथ जिम कर अपने स्वास्थ्य को और बेहतर बनाना था। लेकिन कुछ महीनों में ही ओपन जिम की स्थिति बदहाल हो गईं। असामाजिक तत्वों ने जिम में लगाई गईं मशीन तक तोड़ दीं। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि पार्क में खुले में ओपन जिम होने के कारण बाहरी लोग मशीनों को नुकसान पहुंचाते हैं, जिससे ओपन जिम में लगी ज्यादातर मशीन खराब स्थिति में आ गई हैं। जिला पंचायत राज अधिकारी प्रदीप कुमार द्विवेदी ने बताया कि खराब स्थिति में पड़ीं ओपन जिम की सूची तैयार कर ली गई है। अगले माह से मेंटीनेंस का कार्य शुरू करा दिया जाएगा। जिन ओपन जिम की मशीन खराब हो गई हैं उन्हें ठीक कराया जाएगा। जरूरत के हिसाब से नई मशीन भी खरीदी जाएंगी।

# दिल्ली शराब घोटाला : ईडी के छापे में 1 करोड़ रुपये कैश जब्त

## कुछ डिजिटल उपकरण और दस्तावेज भी बरामद



नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय ने अब खत्म हो चुकी दिल्ली आबकारी नीति में कथित अनियमितताओं और मनी लॉन्ड्रिंग जांच के सिलसिले में छापेमारी के बाद लगभग 1 करोड़ रुपये नकद जब्त किए हैं। ईडी ने शुक्रवार को दिल्ली-एनसीआर, पंजाब और तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में करीब 35 जगहों पर छापे मारे गए थे। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को बताया कि शराब कारोबारियों, वितरण कंपनियों और इससे जुड़ी संस्थाओं के खिलाफ छापेमारी के दौरान एक स्थान से करीब एक करोड़ नकद जब्त किए गए हैं। उन्होंने सभी बरामदगी के स्थानों का खुलासा किए बिना कहा कि कुछ डिजिटल उपकरणों और दस्तावेजों को भी जब्त किया गया है। उन्होंने कहा कि ईडी के अधिकारियों ने दिल्ली स्थित एक टीवी समाचार संगठन के एक निदेशक, जो एक तेलुगु दैनिक के बोर्ड में भी शामिल है, एक शहर के व्यवसायी, जिसकी कंपनी विभिन्न मादक पेय पदार्थों का आयात और वितरण करती है और पंजाब के एक पूर्व विधायक से जुड़े परिसर की भी तलाशी ली थी।

केंद्रीय एजेंसी इस मामले में अब तक 103 से ज्यादा जगहों पर छापेमारी कर चुकी है और पिछले महीने शराब कारोबारी और शराब बनाने वाली कंपनी इंडोस्पिरिट के प्रबंध निदेशक समीर महेंद्रू को गिरफ्तार किया था।

मनी लॉन्ड्रिंग का मामला सीबीआई की एक एफआईआर से उपजा है, जिसमें दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को एक आरोपी के रूप में नामजद किया गया था।

दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने दिल्ली की आबकारी नीति 2021-22 के कार्यान्वयन में कथित अनियमितताओं की सीबीआई जांच की सिफारिश के बाद यह शराब नीति जांच के दायरे में आ गई थी। उन्होंने इस मामले में 11 आबकारी अधिकारियों को सस्पेंड भी कर दिया था।

ईडी ने आप विधायक दुर्गेश पाठक और तिहाड़ जेल में बंद मंत्री सत्येंद्र जैन से भी पूछताछ की, जबकि सीबीआई ने कारोबारी विजय नायर को गिरफ्तार कर कई लोगों और गिरफ्तार से पूछताछ की थी।

मनी लॉन्ड्रिंग का मामला सीबीआई की एक प्राथमिकी से उपजा है जिसमें दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को एक आरोपी के रूप में नामित किया गया था।

दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने दिल्ली की आबकारी नीति 2021-22 के कार्यान्वयन में कथित अनियमितताओं की सीबीआई जांच की सिफारिश के बाद यह योजना जांच के दायरे में आई।

# नोएडा में दो एनकाउंटर, 2 बदमाश गिरफ्तार

एजेंसी

नोएडा। नोएडा पुलिस इन समय एक्शन मोड में है। शुक्रवार रात बैक टू बैक 2 एनकाउंटर हुए। इसमें 25-25 हजार रुपए के दो इनामी गौतस्कर और एक शातिर लुटेरे को गिरफ्तार किया गया। पुलिस फरार बदमाशों की तलाश के लिए कॉबिंग कर रही है।

थाना सेक्टर-39 पुलिस सेक्टर-41 के पास चेकिंग कर रही थी। इस दौरान 2 वांछित बदमाशों के साथ पुलिस की मुठभेड़ हो गई। पुलिस ने फायर किया। गोली दोनों बदमाशों के पैर में लगी। घायल अवस्था में दोनों को गिरफ्तार किया गया। इनकी पहचान कफील और बिलाल निवासी धौलाना हापुड़ के रूप में हुई।

बदमाशों के कब्जे से 2 अवैध तमंचा, 2 खोखा कारतूस, 5 जिन्दा कारतूस, 1 बिना नम्बर प्लेट की कार और गौकशी में प्रयोग होने वाले उपकरण बरामद हुए। इन दोनों के खिलाफ 12 से ज्यादा मुकदमे दर्ज हैं। दोनों पहले भी गौकशी के मामले में जेल जा चुके हैं। दोनों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की जा चुकी है।

### लुटेरे गैंग के लीडर को मारी गोली

थाना फेस-2 क्षेत्र में एनोनदीता कंपनी के पीछे से वांछित ओर फरार बदमाश कमरूद्दीन को पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया। इसके पैर में गोली लगी। इसके पास से चोरी के दो जोड़ी कंगन और 1 जोड़ी झुमका बरामद हुआ। चोरी करने वालों का अंतरराज्यी गैंग है, जो NCR क्षेत्र में चोरी की घटना को अंजाम देते हैं।

पुलिस ने बताया कि जिस दुकान में चोरी की प्लानिंग करते हैं उसके आसपास किराए पर दुकान लेकर रैकी करके घटना को अंजाम देते थे। इसने अपनी साथियों के साथ मिलकर भंगेल स्थित ज्वेलरी शॉप से नकाब लगाकर चोरी की थी। इस मामले में तीन साथी अर्जुन, योगेश , नरेश निवासी नेपाल को गिरफ्तार किया जा चुका है। इनके लीडर कमरूद्दीन को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया।

# सेक्टर-61 और 135 में चला सफाईगिरी अभियान

नोएडा। नोएडा प्राधिकरण की ओर से सेक्टर-61 और 135 में शनिवार को सफाईगिरी अभियान चलाया गया। सेक्टर में पहुंचे अधिकारियों ने सफाई व्यवस्था का जायजा लिया और लोगों की समस्याएं सुनीं। शहर में सफाई जागरूकता और आम जन की समस्याओं की सुनवाई के लिए नोएडा प्राधिकरण यह अभियान चला रहा है। संबंधित सेक्टर में पहुंचे अधिकारियों ने स्थानीय आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों और लोगों के जरिए समस्याओं को जाना। लोगों की जो प्राधिकरण से जुड़ी समस्याएं थीं, उनको सुना और निस्तारण का आश्वासन दिया। सेक्टर-61 में ओएसडी इंदु प्रकाश सिंह की अगुवाई में जन स्वास्थ्य विभाग के उपहाप्रबंधक एसपी सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक विजय रावल समेत उद्यान, जल और विद्युत यांत्रिक विभाग के अधिकारी पहुंचे।

यहां सीवर लाइन से जुड़ी हुई एक शिकायत सामने आई। इसके साथ ही उद्यान की कुछ समस्याएं स्थानीय निवासियों ने रखी।

# दिल्ली के नरेला में 8 साल की बच्ची की बेरहमी से हत्या

## पुलिस ने पड़ोसी को किया गिरफ्तार

नई दिल्ली। उत्तरी दिल्ली के नरेला इलाके में 8 वर्षीय एक बच्ची की उसके पड़ोसी द्वारा कथित तौर पर बेरहमी से हत्या कर दी गई। आरोपी और पीड़िता का परिवार साथ-साथ रहता है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने इस मामले में बच्ची से बलात्कार किए जाने की बात से इनकार किया है और हत्या के लिए पीड़िता के भाई के आरोपी के साथ तनावपूर्ण संबंधों को जिम्मेदार ठहराया।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस को बच्ची के लापता होने की सूचना शुक्रवार रात करीब 10 बजे मिली थी। पीड़िता के घर से लगभग 150 मीटर की दूरी पर लगे सीसीटीवी फुटेज की पड़ताल करने के बाद आरोपी का पता लगाया गया। उन्होंने बताया कि रात के करीब साढ़े 11 बजे आरोपी को तलाश कर पुलिस ने हिरासत में ले लिया था।

डीसीपी (बाहरी उत्तर) देवेश कुमार महला के मुताबिक, आरोपी ने पहले पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की, लेकिन लगातार पूछताछ के बाद आरोपी ने बताया कि पीड़िता के भाई के साथ उसके तनावपूर्ण संबंध थे। उसने बदला लेने के मकसद से उसकी बहन की घर से करीब एक किलोमीटर दूर पर हत्या कर दी।

पुलिस ने बताया कि लड़की के शव को बरामद कर लिया गया है और अपराध और फॉरेंसिक विभाग के अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है।

उन्होंने बताया कि पीड़िता की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में गला घोंटने और सिर में गहरी चोट के बारे में पता चला है, लेकिन बलात्कार के स्पष्ट संकेत नहीं थे।

डीसीपी ने कहा कि पुलिस ने गुमशुदगी की शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

### दिल्ली महिला आयोग ने पुलिस को भेजा नोटिस

वहीं, दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने ट्वीट कर कहा, 8 साल की बच्ची का नरेला में दरिंदों ने पत्थर से सर कुचल दिया। ये दिल्ली देश की राजधानी का हाल है। परिवार का कहना है कि पड़ोसी और उसके साथी ने बेटी का अपहरण कर रेप किया और फिर मार डाला। दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी कर रहे हैं।

# फरीदाबाद : जमाई कॉलोनी के 600 मकानों पर चला बुलडोजर

## नगर निगम ने खाली करवाई छह एकड़ जमीन; यातयात रहा बाधित



फरीदाबाद। गुरुग्राम-पाली मोड़ पर अरावली में अवैध रूप से बसी जमाई कॉलोनी में लगातार दूसरे दिन शुक्रवार को भी बुलडोजर चला। इस दौरान इस कॉलोनी के करीब 600 मकानों को नगर निगम के तोड़फोड़ दस्ते ने ध्वस्त कर दिया। बीते दो दिनों में करीब छह एकड़ जमीन खाली करवा ली गई है। शुक्रवार को भी नगर निगम का तोड़फोड़ दस्ता भारी पुलिस बल के साये में करीब 11 बजे जमाई कॉलोनी पहुंचा और तोड़फोड़ शुरू की। तोड़फोड़ दस्ते में करीब आठ मशीन शामिल रही। चार ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए। तोड़फोड़ के दौरान सभी रास्तों पर यातायात बंद कर दिया गया। भारी पुलिस बल के सामने लोगों ने मकान तोड़ने का विरोध अधिक नहीं कर पाए। कुछ लोगों ने विरोध करने का प्रयास किया, लेकिन भारी पुलिब बल के सामने उनकी एक नहीं चली। अपने मकानों को ध्वस्त होते देखते रहे। मकानों को हटाने की कार्रवाई के दौरान पुलिस की कड़ी नजर स्थानीय लोगों पर बनी रही।

### अभी तक करीब डेढ़ हजार मकान तोड़े गए

जमाई कॉलोनी में अब तक करीब डेढ़ हजार मकान तोड़ दिए गए हैं। करीब पांच मकान बीते वर्ष तोड़े गए थे और इन दो दिनों में करीब एक हजार मकान तोड़ने का दावा नगर निगम ने किया है। नगर निगम अधिकारियों के मुताबिक अब करीब 400 मकान और बचे हैं। दो दिन में इन्हें भी हटा दिया जाएगा। जमाई कॉलानी करीब 10 एकड़ जमीन पर बसी है। अभी तक करीब छह एकड़ जमीन खाली करवाई जा चुकी है।

### 22 अक्तूबर तक देनी है अदालत में कार्रवाई की रिपोर्ट

22 जुलाई को दिए गए सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के मुताबिक 25 अक्तूबर 1980 के बाद केंद्र सरकार की बगैर अनुमति के अरावली में किए अवैध निर्माणों को तीन महीने में धराशायी किया जाएगा। इससे संबंधित रिपोर्ट नगर निगम को 22 अक्तूबर तक सर्वोच्च न्यायालय में प्रस्तुत करनी है। सर्वोच्च न्यायालय के इस नए आदेश से अरावली में बने करीब 123 अवैध फार्महाउस समेत बैंक्वेटहॉल, शैक्षणिक संस्थान, धार्मिक स्थल, रिहायशी कॉलोनी, पर्यटन स्थल आदि निर्माणों को जमीदोज करना होगा। सर्वोच्च न्यायालय ने हरियाणा सरकार की दलील को खरिज कर दिया था कि अगर पीएलपीए-1900 की धारा तीन, चार व पांच को लागू किया तो करीब 40 फीसदी हिस्सा इनसे प्रभावित होगा। अदालत ने अरावली को वन क्षेत्र ही माना है। ऐसे में जिसके पास केंद्र सरकार की मंजूरी नहीं है, वे सभी अवैध हैं।

# ग्रेटर नोएडा की सोसाइटी में विदेशी युवती से छेड़छाड़

ग्रेटर नोएडा। शहर की पारस टिएरा सोसाइटी में विदेशी युवती के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। युवती का आरोप है कि युवक ने पहले उसे शराब पिलाई और फिर उसके साथ छेड़छाड़ की। विरोध करने पर आरोपी ने मारपीट कर उसे भगा दिया। इस मामले में पीड़िता ने दिल्ली में जीरो एफआईआर दर्ज करवाई थी। दिल्ली पुलिस ने घटनास्थल ग्रेटर नोएडा का होने की वजह से के केस ट्रांसफर किया है। सेक्टर-142 थाना पुलिस के मुताबिक दिल्ली पुलिस की जीरो एफआईआर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया एफआईआर के मुताबिक विदेशी युवती का आरोप है कि 28 जुलाई की रात आरोपी युवक दिल्ली से उसे ग्रेटर नोएडा स्थित पारस टिएरा सोसाइटी में अपने फ्लैट पर लेकर आया था। उसने फ्लैट में युवती को पहले शराब पिलाई फिर उसके साथ छेड़छाड़ की। विरोध करने पर मारपीट भी की। इसके बाद पीड़ित युवती ने दिल्ली पहुंचकर किशनगढ़ थाने में शिकायत दी। इस मामले में पुलिस ने ग्रेटर नोएडा की घटना होने की वजह से जीरो एफआईआर दर्ज की थी। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि दिल्ली पुलिस द्वारा भेजी गई जीरो एफआईआर के मुताबिक मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस द्वारा मामले की छानबीन शुरू कर दी गई है। इसमें जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# दिल्ली-एनसीआर में बारिश के साथ ही गुलाबी ठंड ने दी दस्तक

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में शुक्रवार से रुक-रुक कर हो रही बारिश से शनिवार सुबह लोगों को गुलाबी ठंड का अहसास हुआ।

मौसम विभाग के अनुसार राजधानी में पिछले तीन दिनों में तापमान में तकरीबन सात डिग्री सेल्सियस की गिरावट देखी गयी है।

मौसम विभाग ने पहले ही शनिवार और रविवार को मध्यम बारिश होने का पूर्वानुमान जताया था। शुक्रवार दोपहर से ही दिल्ली-एनसीआर में काले बादल दिखाई दे रहे थे। कल रात से ही कई इलाकों में हल्की बूंदाबांदी जारी है। विभाग के अनुसार, बादलों और मौसम की स्थितियों को देखते हुए राजधानी में चार से पांच दिनों तक बारिश हो सकती है। विभाग ने आठ से 12 अक्टूबर के बीच बूंदाबांदी और हल्की बारिश होने का अनुमान जताया है। गौरतलब है कि राजधानी से मानसून 29 सितंबर को वापसी कर चुका है और यह मानसून के बाद की पहली बारिश होगी। यह वर्षा बंगाल की खाड़ी के ऊपर विकसित होने वाली मानसून प्रणालियों के प्रभाव के कारण होगी। इसके असर से दिल्ली सहित उत्तर भारत में कई जगहों पर बारिश होगी। लगातार बादल छाए रहने और बारिश के कारण अधिकतम और न्यूनतम तापमान में भी गिरावट आई है। तापमान में गिरावट अभी कुछ दिनों तक बनी रहेगी। मौसम विभाग के अनुसार बारिश के बाद अधिकतम तापमान 27 से 28 डिग्री के आसपास रहेगा और इसमें करीब छह डिग्री सेल्सियस की कमी आयेगी। न्यूनतम तापमान भी 20 डिग्री सेल्सियस के इर्दगिर्द रहेगा।

राजधानी में शुक्रवार को अधिकतम तापमान 27.1 डिग्री रहा, जो सामान्य से सात डिग्री कम रहा है। न्यूनतम तापमान 21.8 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य है। हवा में नमी का स्तर 81 से 96 प्रतिशत तक बनी रही। राजधानी के कुछ इलाकों में पिछले 24 घंटों में और सुबह 8ः30 बजे के बाद भी बूंदाबांदी हुई। शुक्रवार सुबह साढ़े आठ बजे से आज सुबह आठ बजे तक सफदरजंग में 25.3 मिमी, पालम में 0.4 मिमी, लोदी रोड में 19.4 मिमी, रिज में 29.0 मिमी, आया नगर में 10.4 मिमी, मंगेशपुर में 1.0 मिमी, नजफगढ़ में 5.0 मिमी बारिश रिकार्ड की गयी और गुरुग्राम में भी हल्की बूंदाबांदी हुई।

दिल्ली में शुक्रवार की सुबह हल्की बारिश, हवाओं और आसमान में बादल छाये रहने से न केवल तापमान में गिरावट दर्ज की गयी बल्कि वायु गुणवत्ता में भी सुधार दर्ज किया गया।

राजधानी राजधानी में आज आमतौर पर बादल छाये रहेंगे और हल्की से मध्यम बारिश होने का अनुमान है।

# महर्षि वाल्मीकि जयंती: दिल्ली पुलिस ने जारी किए यातायात परामर्श




नयी दिल्ली। महर्षि वाल्मीकि जयंती रविवार को देश भर में धूमधाम से मनायी जाएगी और राजधानी दिल्ली में इस उपलक्ष्य में विभिन्न संगठनों ने इस अवसर शोभा यात्राओं और झांकियों के आयोजन की घोषणा की है।

राजधानी में विभिन्न संगठनों द्वारा बाल्मीकि जयंती कार्यक्रम और शोभा-यात्राओं की घोषणा के मद्देनजर दिल्ली पुलिस ने रविवार को दिल्ली वासियों के लिए शनिवार को एक विस्तृत यात्रा परामर्श जारी किया है।

पुलिस ने लोगों को सलाह दी है कि वे उन सड़कों / हिस्सों और उस क्षेत्र से बचें जहां जुलूस निकाला जाएगा।

पुलिस ने कहा है कि नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन, पुरानी दिल्ली रेलवे, निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन और आईएसबीटी जाने वाले यात्रियों को मार्ग में संभावित देरी को समायोजित करने के लिए पर्याप्त समय के साथ जाना चाहिए।

दिल्ली पुलिस ने नेताजी सुभाष मार्ग, चावड़ी बाजार रोड, अजमेरी गेट रोड, देशबंधु गुप्ता रोड, चित्रा गुप्ता रोड, पंचकुइयां मार्ग, मंदिर मार्ग और आसपास की सड़कों और उनसे जुड़े कुछ रास्तों पर रविवार को शोभा यात्रा देखते हुए यातायात की आवाजाही पर प्रतिबंध घोषित किया है। बाल्मीकि जयंती हर साल आश्विन मास की पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। इस वर्ष महर्षि वाल्मीकि जयंती नौ अक्टूबर कोमनाई जाएगी। इस उपलक्ष्य में बाल्मीकि मंदिरों में दर्शन और भजन-कीर्तन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ होने के अलावा शहरों में शोभा यात्राओं और झांकियों का भी आयोजन किया जाता है।

दिल्ली पुलिस ने कहा है कि इस वर्ष, महर्षि वाल्मीकि के अनुयायी/भक्त बड़ी संख्या में वाल्मीकि मंदिरों के दर्शन करेंगे, जिसके परिणाम स्वरूप वाल्मीकि मंदिरों में भारी भीड़ होगी। वाल्मीकि मंदिरों में भजन/कीर्तन सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा, महर्षि वाल्मीकि के भक्तों द्वारा कुछ शोभा यात्राएं भी निकाली जाएंगी।

पुलिस ने बताया है कि दिल्ली प्रदेश महर्षि वाल्मीकि जन्मोत्सव समिति, दिल्ली दोपहर बाद दो बजे गौरी शंकर मंदिर- शीश गंज गुरुद्वारा-चांदनी चौक-टाउन हॉल-नयी सड़क-बादशबुल्ला चौक के रास्ते लाल किले से शोभा यात्रा निकालेगी जिसमें ढाई से तीन हजार लोगों के शामिल होने का अनुमान है।

# पुलिस आयुक्त ने सुनी व्यापारियों की समस्या

एजेंसी

नोएडा। सेक्टर-108 पुलिस आयुक्त कार्यालय में आयोजित परस्पर संवाद कार्यक्रम के तहत पुलिस अफसरों ने व्यापारियों की समस्याओं को सुना और उन्हें साइबर अपराध से बचने के तरीके बताए। व्यापारियों की सुरक्षा के दृष्टिगत प्रत्येक तीन माह में यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। व्यापारियों ने महिलाओं की सुरक्षा और औद्योगिक क्षेत्रों में आए दिन हो रही चोरी व लूट की घटनाओं पर प्रकाश डालते हुए पुलिस से सुरक्षा की मांग की। अधिकारियों ने संबंधित कोतवाली प्रभारी को व्यवस्था दुरुस्त करने के आदेश दिए।

पुलिस आयुक्त आलोक सिंह की अध्यक्षता में आयोजित संवाद कार्यक्रम के प्रथम चरण में उद्यमियों और व्यापारियों की समस्याओं को सुना गया। दूसरे चरण में साइबर सेल टीम के अधिकारियों ने व्यापारियों एवं उद्यमियों को साइबर क्राइम से बचाने के तरीके बताए। उद्यमी प्रतिनिधियों ने कहा कि वर्तमान में सभी औद्योगिक इकाइयों में महिला कर्मचारियों की संख्या बहुत बढ़ी है, उनकी सुरक्षा बेहद जरूरी है। औद्योगिक क्षेत्र में अतिक्रमण, मोबाइल, साइकिल चोरी, तिगरी गोल चक्कर व अन्य चौराहों पर जाम की स्थिति, नए औद्योगिक क्षेत्र में पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाने को कहा। पुलिस आयुक्त ने उद्यमियों एवं व्यापारियों की समस्याएं सुनी और कहा कि औद्योगिक विकास में और अधिक तेजी लाने के उद्देश्य से उद्यमियों एवं व्यापारियों की समस्याओं का निराकरण एवं उनको सुरक्षा प्रदान करना पुलिस का मुख्य दायित्व है।उद्यमी अपने-अपने उद्योग को बहुत ही स्वतंत्र एवं मजबूती के साथ अपने उद्योगों को संचालित करें। औद्योगिक इकाइयों को प्रभावित करने में यदि कोई भी अपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्ति किसी प्रकार की भी घटना करेंगे, पुलिस के द्वारा उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने सभी उद्यमी और व्यापारियों से अपने प्रतिष्ठान पर सीसीटीवी कैमरे लगाने केसाथ ही उनके यहां कार्य कर रहे कर्मचारियों का पुलिस सत्यापन कराने के आदेश दिए, ताकि घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। इसके अलावा फायर सेफ्टी व एनजीटी के नियमों की अनदेखी न करने की अपील की।

नई दिल्ली
रविवार 09 अक्टूबर 2022
Www.gauravshalibharat.com

# संपादकीय



## दवा या जहर

कोई भी व्यक्ति बीमार होने पर चिकित्सक की सलाह से दवा इसलिए लेता है, ताकि वह स्वस्थ हो सके। लेकिन अगर दवा लेने के बाद उसका रोग और गंभीर अवस्था में पहुंच जाए या फिर उसकी जान तक चली जाए तो यह दवाओं के निर्माण से लेकर कारोबार तक पर एक गंभीर सवाल है।

पश्चिम अफ्रीका के गांबिया में कम से कम छियासठ बच्चों की जान इसलिए चली गई कि उन्हें खांसी होने पर एक 'कफ सिरप' पिलाया गया था। यह दवा हरियाणा के सोनीपत में स्थित एक कंपनी में बनी थी। इससे बड़ी विडंबना क्या होगी कि अभिवावकों ने अपने बीमार बच्चों की तबीयत ठीक करने के लिए वह दवा पिलाई होगी, मगर इसकी कीमत उन्हें उनकी जिंदगी गंवा कर चुकानी पड़ी। अगर यह महज किसी लापरवाही का मामला है तो दवा बनाने वाली किसी कंपनी को क्या इस आधार पर कोई छूट दी जा सकती है?

शुरुआती प्रतिक्रिया में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इस मसले पर गंभीर रुख अख्तियार किया और संबंधित खांसी की दवा सहित गांबिया में चिह्नित की गई उन दवाओं के इस्तेमाल के खिलाफ चेतावनी जारी की, जिनकी वजह से छियासठ बच्चों के गुर्दे खराब हो गए और आखिरकार उनकी जान चली गई।

इस मसले पर डब्लूएचओ ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि खांसी की ये कुछ दवाएं इंसान के लिए जहर की तरह हैं। डब्लूएचओ की चेतावनी के बाद केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन ने जांच के आदेश जारी कर दिए हैं। सवाल है कि किसी दवा के निर्माण और निर्यात या फिर देश में ही किसी मरीज के उपयोग से पहले क्या दवाओं की जांच की कोई व्यवस्था नहीं है, ताकि ऐसी त्रासद घटना को होने से रोका जा सके?

दरअसल, शायद यह मामला दबा रह जाता अगर इतनी बड़ी तादाद में बच्चों की जान जाने की घटना किसी बाहरी देश में नहीं हुई होती और डब्लूएचओ ने इस पर सख्त रवैया नहीं अपनाया होता। देश या विदेशों में कहां-कहां इस तरह की लापरवाही की वजह से कितने लोग अपनी सेहत पर कैसा दुष्प्रभाव झेलते हैं या फिर बीमारी से छुटकारे की भूख में जान गंवा बैठते हैं, यह ठीक से पता भी नहीं चल पाता।

क्या इस घटना को महज दवा के असर से हुई मौतों के तौर पर देखा जाएगा या फिर इसे किसी हत्याकांड की तरह भी बरता जाना चाहिए? आखिर बच्चों के बीमार होने के बाद भरोसे की वजह से ही वह दवा दी गई होगी। इस भरोसे के उलट गुर्दे खराब होने के साथ छियासठ बच्चों की मौत का जिम्मेदार किसे माना जाना चाहिए?

किसी भी दवा के निर्माण से लेकर खुले बाजार में आने से पहले एक लंबी प्रक्रिया होती है, जिसमें कई स्तरों पर परीक्षण के बाद ही उसे मरीजों के आम उपयोग के लिए जारी किया जाता है। लेकिन हालत यह है कि किस दवा को चिकित्सीय परीक्षण की किस प्रक्रिया से गुजारा गया और उसके क्या परिणाम रहे, इसका ब्योरा आम लोगों की पहुंच में नहीं होता।

हर दवा में इस्तेमाल रसायनों का कोई न कोई असर होता है। कई बार ऐसा भी हो सकता है कि कोई रसायन बीमारी को ठीक करने के साथ-साथ शरीर के किसी अन्य हिस्से को गंभीर नुकसान पहुंचा दे या फिर जानलेवा साबित हो। इसलिए जब तक कोई दवा दुष्प्रभाव के लिहाज से सौ फीसद सुरक्षित साबित न हो, तब तक उसके आम इस्तेमाल की इजाजत नहीं दी जानी चाहिए।

अगर किसी कंपनी की दवा या टीके से दुष्प्रभाव के मामले सामने आते हैं या फिर किसी की मौत होती है तो कंपनी सहित उसके उपयोग की सलाह देने वाले चिकित्सक को भी जिम्मेदार माना जाना चाहिए और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

## मतांतरित दलितों को आरक्षण देने पर सवाल

वैसे तो उक्त आयोग मतांतरित दलितों की मूल मत में वापसी की संभावनाएं तलाशेगा लेकिन कहना कठिन है कि इससे जाति-पंथ आधारित आरक्षण की मांग के सिलसिले को रोका जा सकेगा। आरक्षण को लेकर जिस तरह नित-नई मांगें सामने आ रही हैं उन्हें देखते हुए नए दृष्टिकोण की आवश्यकता है।

मतांतरण कर ईसाई या मुस्लिम बने अनुसूचित जाति के लोगों को दलित मानकर आरक्षण दिया जाना चाहिए या नहीं, इस प्रश्न के निर्धारण के लिए एक आयोग गठित करने का केंद्र सरकार का निर्णय अपेक्षा के अनुरूप ही है। कहना कठिन है कि सुप्रीम कोर्ट के पूर्व प्रधान न्यायाधीश की अध्यक्षता वाला यह आयोग किस नतीजे पर पहुंचेगा, लेकिन यह किसी से छिपा नहीं कि एक लंबे समय से यह मांग हो रही है कि मतांतरित होकर ईसाई और मुस्लिम बने दलितों को भी आरक्षण का लाभ मिले।

इसके पक्ष में यह तर्क दिया जाता रहा है कि मतांतरण के बाद भी उनकी स्थिति दलितों जैसी ही बनी रही और इसी कारण उनकी पहचान दलित ईसाई और दलित मुस्लिम के रूप में होती है। यह भी कहा जाता है कि जब मतांतरित अनुसूचित जनजातियों को आरक्षण का लाभ मिल रहा है तो फिर अनुसूचित जातियों को क्यों नहीं मिलना चाहिए? इसके विरोध में यह तर्क दिया जाता है कि यदि मतांतरण के बाद भी अनुसूचित जाति के लोगों की स्थिति दलितों जैसी ही रही तो फिर यह कैसे कहा जा सकता है कि ईसाइयत और इस्लाम में अगड़े-पिछड़े जैसी किसी धारणा और जातिगत भेदभाव के लिए कोई स्थान नहीं?

इस प्रश्न का उत्तर खोजना आसान नहीं, क्योंकि अनुसूचित जाति के लोगों को मतांतरित करते समय यही प्रलोभन दिया जाता है कि नए पंथ में उन्हें किसी भेदभाव का सामना नहीं करना होगा। स्पष्ट है कि हिंदू, सिखों और बौद्धों में जातिगत भेदभाव की जो समस्या है, वह ईसाइयत और इस्लाम में भी है। यदि मतांतरण कर ईसाई और मुस्लिम बने दलितों को दलित मानकर आरक्षण दिया जाता है तो मतांतरण में लिप्त तत्वों का मनोबल और बढ़ सकता है- ठीक वैसे ही जैसे जनजातियों को मतांतरित करने वालों का बढ़ा हुआ है।

वैसे तो उक्त आयोग मतांतरित दलितों की अपने मूल मत में वापसी की संभावनाएं भी तलाशेगा, लेकिन कहना कठिन है कि इससे जाति-पंथ आधारित आरक्षण की बढ़ती मांग के सिलसिले को रोका जा सकेगा। आरक्षण को लेकर जिस तरह नित-नई मांगें सामने आ रही हैं उन्हें देखते हुए नए दृष्टिकोण को अपनाने की आवश्यकता है। चूंकि आज के समय की तुलना आजादी के बाद के कालखंड से नहीं की जा सकती, इसलिए आरक्षण की पात्रता नए सिर से तय की जानी चाहिए, ताकि पात्र लोगों को ही उसका लाभ मिले। आज देश में दो ही जातियां हैं-एक सशक्त और दूसरी अशक्त। ऐसे में ऐसी कोई व्यवस्था की जाए जिससे जाति, पंथ देखे बिना सभी अशक्त लोगों को आरक्षण मिल सके। आरक्षण के मामले में इस प्रश्न पर भी विचार किया जाना चाहिए कि आखिर किसी को उसका लाभ पीढ़ी दर पीढ़ी क्यों मिलना चाहिए?



(9 अक्टूबर विश्व डाक दिवस विशेष)

## अब नहीं आती अपनों की चिट्ठी-पत्री



संचार क्रांति के इस युग में अब नहीं आती कहीं से भी अपनों की चिट्ठी-पत्री। बदलते दौर में घर से जाते समय अब कोई नहीं कहता कि पहुंतें ही चिट्ठी लिखना। आज की नयी पीढ़ी पत्र लेखन की कला से कोसो दूर है। वास्तव में नयी पीढ़ी यह भी नयी जानती कि डाकिया भी कोई होता है। चैटिंग के इस ज़माने में न ही उसे पोस्टकार्ड, अंतर्देशीय पत्र व लिफाफ की जानकारी है। आज इंटरनेट, फोन व मोबाइल ने अब लगभग चिट्ठी लिखने की परंपरा को समाप्त कर दिया है। बरसों पूर्व में घर से बाहर जाते समय कहा जाता था कि पहुंचतें ही पत्र लिखना। लेकिन अब न ही कोई कहता है और न ही पत्र लिखने की जरूरत है। भागदौड़ भरी जिंदगी में घर से निकलकर मंजिल तक पहुंचने के क्रम में फोन व मोबाइल के माध्यम से कई बार रास्ते के समाचार से लोग अवगत हो जाते हैं।

-प्रियंका सौरभ

डीजे के कानफोड़ू शोर में चिट्ठी आई है-आई है चिट्ठी आई, बड़े दिनों के बाद.., संदेशे आते हैं, हमें तरसाते हैं.., खत लिख दे सांवरियां के नाम बाबु.., ये मेरा प्रेम पत्र पढ़कर कि तुम नाराज न होना.., फूल तुम्हें भेजा है खत में.., डाकिया डाक लाया.., लिखे जो खत तुझे.., चांद नजरों में मुस्कुराया है, मेरे खत.. आदि गीतों की अब प्रासंगिकता धीरे-धीरे समाप्त होती जा रही है। संचार क्रांति के इस युग में अब नहीं आती कहीं से भी अपनों की चिट्ठी-पत्री। बदलते दौर में घर से जाते समय अब कोई नहीं कहता कि पहुंतें ही चिट्ठी लिखना। आज की नयी पीढ़ी पत्र लेखन की कला से कोसो दूर है। वास्तव में नयी पीढ़ी यह भी नयी जानती कि डाकिया भी कोई होता है। चैटिंग के इस ज़माने में न ही उसे पोस्टकार्ड, अंतर्देशीय पत्र व लिफाफ की जानकारी है।

अब इंटरनेट, फोन व मोबाईल के इस युग में पत्र लेखन की परंपरा धीरे-धीरे समाप्त होती जा रही। एक वो मनमोहक दौर था जब अपनों के पास चिट्ठियां लिखी जाती थीं और उसके जवाब के लिए बेसब्री से इंतजार किया जाता था। गेट पर डाकियां को देखकर मन खुश हो जाता था। लेकिन आज इंटरनेट, फोन व मोबाइल ने अब लगभग चिट्ठी लिखने की परंपरा को समाप्त कर दिया है। बरसों पूर्व में घर से बाहर जाते समय कहा जाता था कि पहुंचतें ही पत्र लिखना। लेकिन अब न ही कोई कहता है और न ही पत्र लिखने की जरूरत है। भागदौड़ भरी जिंदगी में घर से निकलकर मंजिल तक पहुंचने के क्रम में फोन व मोबाइल के माध्यम से कई बार रास्ते के समाचार से लोग अवगत हो जाते हैं।

उस दौर में जब शादी के लिए किसी लड़की को देखने जाया जाता था तो उससे चिट्ठी लिखवायी जाती थी। स्कूल में बच्चों को दोस्त, पिता, भाई आदि के पास पत्र लिखने को आता था। साथ ही परीक्षा में डाकिया पर निबंध भी आता था। लेकिन अब यह सब वक्त के साथ-साथ अब धीरे-धीरे समाप्त होता जा है। आज के बच्चे अब पत्र लेखन की परंपरा को नहीं जानते हैं। न ही वह डाकिया, पोस्टकार्ड, अंतर्देशीय पत्र के बारे में कुछ भी जानते हैं। नए जमाने के प्रेमी-प्रमिका भी अपने दिल की बात चिट्ठी से नहीं इंस्टा से करते और न ही एक-दूसरे तक प्रेम की पाति को पहुंचाने के लिए कागज़-कलम माध्यम की जरूरत उन्हें होती है। एक वो दौर था जब पत्रों की अहमियत होती थी। उस समय लोग



गर्व से कहते थे-%ये मेरे दादा की चिट्ठी है। मेरे दादा जी ने मेरे पास ये लिखा था। उनकी ऐसी सुन्दर लिखावट थी। ये फलां की चिट्ठी है... ।% लेकिन मोबाइल व फोन के इस युग में अब हमारे पास वैसी कोई भी अनमोल चीज नहीं जिसे भविष्य में किसी को कुछ दिखाया जा सके।

सालों पहले परदेश में रह रहे पिया की चिट्ठी का इंतजार हो या जम्मू-कश्मीर में सीमा की चौकसी कर रहे पुत्र का पिता को मनीआर्डर सबको चिठ्ठी ही दिलासा देती थी, यह सब संचार क्रांति से बीते दिनों की बात हो गयी। आज इंटरनेट के इस युग में पल-पल की खबर मोबाइल के जरिये सैकड़ों मील दूर अपने नाते-रिश्तेदारों के पास पहुंच रही है। इसी तरह इंटरनेट के ग्रामीण क्षेत्र में विस्तार से पलभर के भीतर रुपया उसके चाहने वाले के खाते में पहुंच रहा है। हमारी हिंदी फिल्मों के गाने जैसे फूल तुम्हें भेजा है खत में या मैंने खत महबूब के नाम लिखा.. जैसे गाने लोगों को चिट्ठी की महत्ता समझाते थे। पुराने दिनों में गांवों में 15 दिन से लेकर तीन माह तक चिट्ठी आना सामान्य बात थी। चिट्ठियों के उस जमाने में तार के माध्यम से घर की अच्छी-बुरी खबर को भी घर आने तक हफ्तों लग जाते थे। फिर भी उन दिनों आसल-कुशल जानने के यही उचित माध्यम थे। वो भी एक दौर था जब लोग चिट्ठियों को वर्षो तक सहेजकर रखते थे। पोस्टमैन गांव में आने पर ग्रामीण बिना चिट्ठी के भी अपने स्वजन की कुशल पोस्टमैन से पूछ लेते थे। लेकिन अब मोबाइल की गांव-गांव पहुंच से बच्चे से लेकर बूढ़े तक यहाँ तक की अनपढ़ महिलाएं मिसकॉल के माध्यम से अपने चाहने वाले से बिना पैसा खर्च किए बात कर ले रहे हैं।

अब ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित बैंकों के सीबीएस के माध्यम से इंटरनेट से जुड़ने से मिनटों में भेजने वाले का पैसा उसे लेने वाले खाताधारक के पास पहुंच जा रहा है। करवट लेते समय में द्यस्कूल-कालेजों में गुरुजनों द्वारा पत्र लिखने के प्रकार भी अब कोर्स से गायब हो गए हैं। इनकी जगह कक्षा-कक्षों में कम्प्यूटरों ने ले ली है। हालांकि इस तकनीक का पूर्ण ज्ञान पुराने जमाने के अध्यापकों को न होने से प्राथमिक विद्यालय से लेकर डिग्री कालेजों तक सरकार द्वारा दिए गए यह कम्प्यूटर केवल कक्षा-कक्ष की शोभा बढ़ा रहे हैं। बहरहाल इस सबके बावजूद इस तकनीक ने ग्रामीण क्षेत्रों में एक क्रांति ला दी है। बड़े बुजुर्गो तक का मानना है कि मोबाइल एवं इंटरनेट से सूचना के क्षेत्र में भारत ने अभूतपूर्व सफलता हासिल की है।

हमारी डाक सेवाओं ने यह बदलने में मदद की है कि कैसे लोग एक दूसरे के साथ कठोर तरीके से संवाद करते हैं। हालाँकि, इंटरनेट के दिनों से पहले, लोगों को मेल के संबंध में अंतर्राष्ट्रीय नीतियों के कारण एक दूसरे को पत्र और पैकेज प्राप्त करने में वास्तव में कठिन समय लगता था। विश्व डाक दिवस यहां लोगों को यह याद दिलाने के लिए है कि कैसे डाक सेवाएं सभी के लिए आसान हो गईं जब दुनिया भर के देशों ने आखिरकार एक समझौते पर पहुंच गए, जो मेल को संसाधित करने के तरीके के बारे में सब कुछ बदल देगा। विश्व डाक दिवस का उद्देश्य लोगों को इस बारे में शिक्षित करना है कि कैसे दुनिया भर के डाक कार्यालयों ने वैश्विक संचार को आगे बढ़ाने में मदद की है और सभी को एक-दूसरे से और अधिक जोड़ा है।

यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन 1874 में शुरू हुआ जब इसे बर्न की संधि द्वारा डाक नीतियों को स्थापित करने में मदद करने के लिए स्थापित किया गया था। बर्न की संधि एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का परिणाम थी, जिसे स्विस सरकार द्वारा आयोजित किया गया था, ताकि अलग-अलग डाक नियमों को एकीकृत किया जा सके ताकि मेल का स्वतंत्र रूप से आदान-प्रदान किया जा सके। जबकि नीतियों को अद्यतन करने में मदद करने के लिए संधि में कई बार संशोधन किया गया है, यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन ने एक सार्वभौमिक फ्लैट दर स्थापित करने में मदद की है जिस पर मेल दुनिया में कहीं भी भेजा जा सकता है। इसने डाक वाहकों को यात्रा करते समय कई देशों में अधिकार बनाए रखने में मदद की, और प्रत्येक देश को अर्जित धन को बनाए रखने की अनुमति दी।

विश्व डाक दिवस इस संधि को मनाता है, क्योंकि इसने अब लोगों को मेल भेजने और प्राप्त करने के तरीके को आकार देने में मदद की है। इस दिन को मनाने के लिए लोग समय निकाल कर किसी प्रियजन, परिवार के किसी सदस्य या किसी करीबी को मेल भेजते हैं। यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन में, वे आर्थिक स्थिरता और पर्यावरण संरक्षण के बारे में चर्चा सहित सभी के लिए मेल को बेहतर अनुभव बनाने के लिए अपनी पहल की दिशा में काम करते हैं। इंडिया पोस्ट भारत की केंद्रीय डाक प्रणाली है, इसकी स्थापना 1 अप्रैल 1854 को हुई थी। यह भारत सरकार के संचार मंत्रालय के तहत काम करता है। भारत की डाक प्रणाली दुनिया में व्यापक रूप से वितरित नेटवर्क में से एक है।

भारत को मुख्य डाकपाल की अध्यक्षता में 23 डाक मंडलों में विभाजित किया गया है। इंडियन पोस्ट फिलेटली, आर्मी पोस्टल सर्विस, इलेक्ट्रॉनिक इंडियन पोस्टल ऑर्डर, पोस्टल लाइफ इंश्योरेंस, पोस्टल सेविंग्स, बैंकिंग, डेटा कलेक्शन, ई-कॉमर्स और रेलवे में अपनी सेवाएं प्रदान करता है। डाक टिकटों का उपयोग डाक और सेवाओं के लिए किया जाता है। भारत में विभिन्न विषयों के साथ विभिन्न प्रकार के टिकटों का उत्पादन किया जाता है। एशिया में पहला डाक टिकट भारत में जुलाई 1852 में बार्टले फ्रेरे द्वारा जारी किया गया था। पोस्टल इंडेक्स नंबर 15 अगस्त 1972 को जारी पोस्ट ऑफिस का 6 अंकों का कोड है। कुल 9 पिन क्षेत्रों में से आठ पिन भौगोलिक क्षेत्र हैं और एक आर्मी पोस्टल सर्विस के लिए आरक्षित है।

## राजस्थान में गहलोत युग के अंत का समय

राजनीति में संख्या बल के अपने मायने हैं। प्रदेश का सीएम वहीं बनेगा जो विधायक दल का नेता होगा यहीं बात राष्ट्रीय स्तर पर पीएम पद के लिए भी लागू होती हैं। 1999 में जब अटलबिहारी वाजपेयी की सरकार महज एक वोट से गिर गयी थी। तब वास्तविक रूप से राजनीति में संख्या बल की महत्ता समझ आई थी। दूसरी राजस्थान में अब समझ आयी जब राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने काँग्रेस हाईकमान की इच्छा के विपरीत अपने समर्थक विधायकों से विधानसभा अध्यक्ष को इस्तीफा दिलाकर संख्या बल की ताकत से कांग्रेस हाईकमान सहित देश को अवगत कराया। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के समर्थक विधायकों की संख्या और विधानसभा अध्यक्ष को सौपें इस्तीफों से सचिन पायलेट का मुख्यमंत्री बनना फिलहाल सम्भव नहीं दिखता हैं। इन परिस्थियों में तात्कालिक तौर पर जरूर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत अपनी मंशा में काँमयाब दिखाई दे रहे हो किन्तु यह काँमयाबी लम्बी दूर तक चलने वाली नहीं दिखाई दे रहीं है। अब ऐसा लगने लगा है कि राजस्थान में गहलोत युग का अंत बेहद निकट हैं। गहलोत युग का अंत दिखाई देने के पीछे उनकी बढ़ती उम्र हैं ही, उनके द्वारा हाईकमान की इच्छा के विरुद्ध कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनाव में शर्तो के साथ शामिल होने का प्रस्ताव ओर मुख्यमंत्री के पद के प्रति मोह का प्रदर्शन करना भी उनके युग के अंत का संकेत नजर आता हैं।

किसी नेता की प्रादेशिक स्तर पर पूछपरख का कारण उसकी पार्टी के प्रति निष्ठा और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पार्टी में मजबूत पकड़ को ही माना जाता हैं। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के राजस्थान में ताकत का मूलाधार उनका 10 जनपद के समक्ष मजबूत होना था। विधायको के संख्याबल का कमाल भी वह इसी ताकत के बल पर दिखा पाए हैं। अशोक गहलोत की अपनी पार्टी के प्रति निष्ठा और हाईकमान का आशीर्वाद ही उनकी मुख्य ताकत हैं। राजस्थान में खासकर कांग्रेस में तेजी से घटित राजनैतिक घटनाक्रम में अशोक गहलोत अब तक मुख्यमंत्री की कुर्सी पर जरूर काबिज दिखाई दे रहें हैं किन्तु मुख्यमंत्री होने के बावजूद वें अपने राजनैतिक जीवनकाल के सबसे कमजोर दौर से गुजरते भी दिखाई दे रहे हैं। क्या राजस्थान के जादूगर अशोक गहलोत का जादू अब बेअसर दिखाई देने लगा हैं ? या फिर वें पुनः अपनी सियासी चालो से अपने राजनैतिक वजूद को बचाने में काँमयाब हो सकेंगे ? यह सवाल फिलहाल राजनैतिक हलकों की बहस का मुख्य विषय बन गया हैं। दरअसल राजनीति के इस माहिर खिलाड़ी की कमजोर होती राजनीतिक प्रतिष्ठा से जुड़े कयासों के पीछे मुख्यमंत्री पद पर बने रहने का लालच महत्वपूर्ण कारण हैं। मुख्यमंत्री पद का मोह न दबा पाने में गहलोत अपनी अहमियत को गवा बैठे। राजस्थान का सारा नाटक गहलोत के इशारे पर हुआ हैं यह जानते हुए भी कांग्रेस आलाकमान राजस्थान की सरकार चले जाने के भय से चुप जरूर है। किंतु गहलोत की वह स्थिति अब आलाकमान के सामने नहीं रहीं जो उन्हें ताकतवर बनाती थी। अब जबकि राजस्थान के राजनैतिक आकाश में अशोक गहलोत कमजोर होतें जान पड़ रहे हैं। मुख्यमंत्री पद की लालसा में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद पर चुनाव न लड़ने का फैसला भी गहलोत के राजनैतिक भविष्य के थमने के संकेत हैं।

राजस्थान की जनता हर पांच साल में सरकार भी बदल देती है। भारतीय जनता पार्टी के लिए 2023 का अवसर बेहद अच्छा है, किंतु राजस्थान में भाजपा भी गुटबाजी से पीड़ित हैं।




## विद्या, ज्ञान और कौशलता मानवीय आजीविका चलाने के मूल मंत्र



पृथ्वी पर बुद्धि क्षमता में सर्वश्रेष्ठ मानव योनि- विद्या, ज्ञान और कौशलता से परिपूर्ण मानव को अपनी आजीविका चलाने, जीवन की प्रगति के लिए चिंता नहीं होगी – एडवोकेट किशन भावनानी

गोंदिया – पृथ्वी पर बुद्धि क्षमता में सर्वश्रेष्ठ मानव योनि को माना गया है, ऐसा हम पौराणिक कथाओं और आध्यात्मिक प्रवचनों, बड़े बुजुर्गों से वार्तालाप में हम सुनते आ रहे हैं। अगर हम प्रैक्टिकल वे में इसे महसूस करें तो अक्षरत:अक्षर यह पूर्ण सत्य है।

साथियों आदिकाल से हम सुनते आ रहे हैं कि सर्वश्रेष्ठ प्रजाति मानव गर्भ से कुछ सीख़ कर नहीं आता प्राणी जन्म के बाद से ही सभ कुछ सीख़ता है और अलग-अलग रूप में अपनी आजीविका चलाता है।जीवन में गरीबी अमीरी सुख-दुख इत्यादि के चक्र में आता है।

साथियों बात अगर हम मानव के दुनिया में जीवन यापन की करें तो यह 100 फ़ीसदी सत्य बात है कि यदि मानव में उपरोक्त तीनों प्रमुख मंत्र विद्या, ज्ञान और कौशलता या इनमें से कोई भी एक मंत्र निहित है तो वह मानव अपनी आजीविका, जीवन को प्रगति कर सफलताओं को पाने में कभी पीछे नहीं रहेगा।

साथियों बात अगर हम इन उपरोक्त तीन मंत्रों की करें तो दिमाग में सीधा नाम शैक्षणिकता का आता है और शिक्षा प्राप्त करने के लिए सबसे महत्वपूर्ण बात मानसिक स्वास्थ्य सर्वोपरि से हम इनकार नहीं कर सकते और तीनों मंत्र प्राप्त करने के लिए हम प्री प्ले नर्सरी स्कूल से लेकर उच्च शिक्षा तक शिक्षण संस्थाओं के माध्यम से विद्या, ज्ञान और कौशलता हासिल करते हैं। मेरा मानना है कि यह तीनों मंत्र हर मानव के लिए एक ब्रह्मास्त्र की शक्ति रखते हैं, क्योंकि इनके बल पर हम किसी भी परिस्थितियों में अपनी आजीविका और जीवन की प्रगति को के पथ पर चलने में ज़रूर सफल होंगे ऐसा हमें विश्वास है।

साथियों बात अगर हम लक या किस्मत की करें तो भारत एक अति आध्यात्मिकता पालक देश है। जहां कुछ अपवादों को छोड़कर, नागरिकों का आध्यात्मिकता में अति विश्वास हैं और हम भाग्य को भी नकार नहीं सकते, यानें गॉड गिफ्टेड ज्ञान को भी नकार नहीं सकते। और कहते हैं ना कि, अगर किस्मत ही ख़राब हो तो क्या करें? परंतु मेरा निजी मानना है कि उपरोक्त तीनों मंत्रों के आगे किस्मत को भी पसीज़ना पड़ता है और मानव की हिम्मत जज़्बा और जांबाज़ी की जीत होती है! हालांकि बड़े बुजुर्गों का कहना है कि भगवान भूखा उठाता है, परंतु किसी को भूखा सुलाता नहीं, यह बात भी हम सच मानते हैं, परंतु यह भी सच्चाई है कि मानव को जीवन में एक सफ़ल जिंदगी जीकर अपनी अगली पीढ़ियों के लिए रास्ता बनाने के लिए विद्या, ज्ञान और कौशल रुपी तीनों मंत्रों को ग्रहण करना आवश्यक है।

साथियों बात अगर हम इन तीनों मंत्रों की संलग्नता आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए करें तो यह बिल्कुल सटीक, सत्य मंत्र साबित होंगे। क्योंकि यही वह तीनों सशक्त और धारदार अस्त्र हैं जो मानव को प्रगति की ओर आसान रास्ता बनाने में मदद करते हैं। जिसमें उनके साथ उस व्यक्ति का गांव, शहर, जिला, राज्य और देश भी तीव्रता से उन्नति प्राप्त करता है। इन तीनों मंत्रों को हमारी नई शिक्षा प्रणाली 2020 में भी शामिल किया गया है।

साथियों बात अगर हम भारतीय पीएम की आकांक्षाओं आत्मनिर्भर भारत, 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था, 2047 का भारत विज़न की करें तो अगर हम भारतीय नागरिकों ने उपरोक्त तीनों मंत्र ग्रहण कर लिए तो वह दिन दूर नहीं होगा जब हम इससे कहीं अधिक बढ़-चढ़कर वैश्विक सफलताओं के झंडे भारत विज़न 2047 के पूर्व ही गाड़ देंगे और हम वैश्विक महाशक्ति उभर कर सामने होंगे।

साथियों बात अगर हम कुछ समय पूर्व माननीय पीएम के वर्चुअल संबोधन की करें तो पीआईबी के अनुसार,उन्होंने भी कहा कि,हमारे यहाँ कहा जाता है-सत् विद्या यदि का चिन्ता, वराकोदर पूरणे। भावार्थ जिसके पास विद्या है, ज्ञान और कौशल है उसे अपनी आजीविका के लिए, जीवन की प्रगति के लिए चिन्ता नहीं करनी पड़ती। सक्षम व्यक्ति अपनी प्रगति के लिए खुद ही रास्ते बनाता है। मुझे खुशी है कि सरदारधाम ट्रस्ट द्वारा शिक्षा और कौशल पर बहुत जोर दिया जा रहा है।

21वीं सदी में भारत के पास अवसरों की कमी नहीं है। हमें खुद को ग्लोबल लीडर रूप में देखना है, अपना सर्वश्रेष्ठ देना है और सर्वश्रेष्ठ करना भी है।पूरा भरोसा है कि देश की प्रगति में गुजरात का जो योगदान रहा है, उसे हम अब और सशक्त रूप में सामने लाएँगे। हमारे प्रयास न केवल हमारे समाज को नई ऊंचाई देंगे, बल्कि देश को भी विकास की बुलंदी पर लेकर जाएंगे। उन्होंने कहा हमारी नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति का भी इस बात पर विशेष फोकस है कि हमारी शिक्षा, कौशल बढ़ाने वाली होनी चाहिए। भविष्य में मार्केट में कैसी स्किल की डिमांड होगी, फ्यूचर वर्ल्ड में लीड करने के लिए हमारे युवाओं को क्या कुछ चाहिए होगा, राष्ट्रीय शिक्षा नीति स्टूडेंट्स को शुरुआत से ही इन ग्लोबल रियलिटीस के लिए तैयार करेगी आज स्किल इंडिया मिशन भी देश की बड़ी प्राथमिकता है। इस मिशन के तहत लाखों युवाओं को अलग अलग कौशल सीखने का अवसर मिला है, वो आत्मनिर्भर बन रहे हैं। नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रोमोशन स्कीम के तहत युवाओं को पढ़ाई के साथ साथ कौशल विकास का अवसर भी मिल रहा है, और उनकी आमदनी भी हो रही है।

अतः अगर हम उपरोक्तत पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि मानसिक स्वास्थ्य सर्वोपरि, विद्या, ज्ञान और कौशलता मानवीय आजीविका चलाने के वास्तव में मूल मंत्र हैं।

## दिव्य प्रकाश

ऐसा प्रकाश हम बने,
दिव्य उजाला लेकर आए,
अंधेरे है जीवन में बहुत घने,
हम भी थोड़ी रोशनी बन जाए।

अपने हुनर के सेज से,
कुछ नहीं तो अपने आसपास चमकाए,
प्रेम और दीनता के तेज से,
इंसानियत के दीए जलाएं।

अखंड नैतिकता की ज्योति हो,
जो कभी भुज ना पाए,
चमकदार माला पीरोती हो,
जो हमारे अस्तित्व को सजाए।

सकारात्मकता का चिराग बनकर,
स्वयं में उचित दृष्टिकोण लाए,
यज्ञ की आग सी जलकर,
समस्त नकारात्मकता को जलाए।

ऐसा प्रकाश हम बने,
दिव्य उजाला लेकर आए,
अंधेरे है जीवन में बहुत घने,
हम भी थोड़ी रोशनी बन जाए।

## शार्ट न्यूज

### अयोध्या में दीपोत्सव के लिए आनंदीबेन का जनसहभागिता, जनसहयोग अभियान कल से

अयोध्या। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने 23 अक्टूबर को अयोध्या में होने वाले दीपोत्सव में आमजनमानस की भावनात्मक जनसहभागिता स्थापित करने की पहल की है। राज्यपाल का जनसहभागिता और जनसहयोग अभियान 10 अक्टूबर से शुरू होगा। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय प्रशासन ने दीपोत्सव कार्यक्रम को यादगार बनाने के लिए विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों के माध्यम से जनसहभागिता स्थापित करने की दिशा में उचित प्रयास शुरू कर दिए है। इसकी औपचारिकता की शुरूआत 07 अक्टूबर को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो अखिलेश कुमार सिंह ने परिसर से जिला प्रशासन की उपस्थित में शुरू कर दी है। जिसमें स्वयं राज्यपाल पटेल, राजभवन परिवार तथा बड़ी संख्या में परिसर के शिक्षकों की दीपोत्सव सामग्री दीपोत्सव नोडल अधिकारी प्रो. अजय प्रताप सिंह को प्रदान की गयी। यह राज्यपाल की प्रेरणा से जनसहभागिता एवं जनसहयोग अभियान 10 अक्टूबर से लेकर 18 अक्टूबर तक वृहत स्तर पर चलेगा। जिसमें विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों के शिक्षकों, कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं एवं सम्बन्धित क्षेत्र से जन-सामान्य के सहयोग से दीप प्रज्वलन कार्यक्रम हेतु स्वेच्छा से तेल, बाती एवं मोमबत्ती का संग्रह किया जायेगा। प्रो. सिंह ने बताया कि अयोध्या में राम की पैड़ी पर दिव्य दीपोत्सव कार्यक्रम राज्य पर्यटन विभाग और जिला प्रशासन के सहयोग से विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय के विद्यार्थी दीपक प्रज्वलित करते आ रहे है।

### नई शिक्षा-नीति के तहत बस्ता रहित पढ़ाई का बच्चों ने लुत्फ उठाया

जौनपुर। उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले के सेंटजॉन्स स्कूल में नई शिक्षा नीति के तहत शुक्रवार को एलकेजी एवं यूकेजी कक्षाओं के लिए बिना स्कूली बस्ता के पढ़ाई शुरू हुई। नई शिक्षा नीति के नियमों के अनुपालन में स्कूल के प्रधानाचार्य फादर पी विक्टर ने विद्यालय में सप्ताह में एक दिन बैगलेस एजुकेशन की शुरुआत कराई। इससे एलकेजी एवं यूकेजी के बच्चों में गजब का उत्साह देखने को मिला। बच्चों ने तरह तरह के खेल खेलते हुए ज्ञान अर्जित किया। इस बारे में फादर विक्टर ने बताया कि खेलते हुए सीखना एवं स्वयं करके सीखना, सीखने की अनोखी विधा है। उन्होंने कहा, हमारे देश में इस विधा का चलन प्राचीनकाल से ही था। पंचतंत्र के लेखक विष्णु शर्मा ने कहानी सुनाते हुए खेल खेल में ही बच्चों को पढ़ाया। नई शिक्षा नीति के तहत मनोरंजन के साथ पढ़ाई के लिए शासन द्वारा दिशानिर्देश दिया गया है और सेंटजॉन्स स्कूल इसके लिए पूरी तरह से तैयार है। हमारे विद्यालय में शुरू से ही शिक्षणोत्तर क्रियाकलापों को बढ़ावा दिया गया है। इसके लिए कक्षा एलकेजी से कक्षा दो तक के बच्चों के लिए शुक्रवार का दिन निश्चित किया गया है एवं कक्षा तीन से बारहवीं तक के बच्चों के लिए शनिवार का दिन तय किया गया है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को दीपा-सज्जा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें एलकेजी एवं यूकेजी के बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लिया। इस प्रतियोगिता में कक्षा एलकेजी के जैनब शनवाज एवं अर्णव सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जाग्रव प्रताप एवं अथर्व पांडेय ने द्वितीय स्थान तथा आवाज़ खान, योगिशा सिंह, दक्ष जायसवाल तथा शिवा सिंह शिवा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। यूकेजी के आंशी एवं प्रगति ने प्रथम स्थान, यक्षी, अर्पित, यथार्थ एवं आध्वी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

### फर्रुखाबाद में विषाक्त भोजन से 13 लोग बीमार, अस्पताल में भर्ती

फर्रुखाबाद। उत्तर प्रदेश में फर्रुखाबाद जिले के जहानगंज थाना क्षेत्र के मोह दीनपुर गांव में विषाक्त भोजन खाने से कम से कम 13 लोग बीमार हो गए, जिनका जिले के विभिन्न अस्पतालों में उपचार शुरू किया जा रहा है। फर्रुखाबाद जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी अवनींद्र कुमार शनिवार तड़के जहानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम मोहद्दीनपुर में विषाक्त भोजन से बीमार हुए लोगों को देखने के लिए अस्पताल पहुंचे। जहां उन्होंने सभी बीमारों को समुचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई। उन्होंने बताया कि सभी मरीज खतरे से बाहर हैं। पुलिस सूत्रों ने आज बताया कि जहानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम मोहिद्दीन पुर के गृह स्वामी अनिल कुमार के यहां कल शाम एक आयोजन में पूड़ियां, सब्जी, पंजीरी, चरणामृत प्रसाद लिया। इसके बाद आज तड़के साढ़े तीन बजे के करीब गांव में 13 लोगों के पेट में दर्द, उल्टी दस्त की शिकायत हुई। जिसके बाद उन्हें एम्बुलेंस 108 से अस्पताल ले जा गया। विषाक्त भोजन से पीड़ितों में गुड्डी निर्मला, संत पाल और इंद्रेश को फर्रुखाबाद के डॉक्टर राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया और अनिल, विपिन, रिंकी, रविंद्र, रितिक, ओम प्रकाश, राम तीरथ, रजनी तथा मोनू सभी बीमार नौ लोगों को कोकमालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। जहां सभी की हालत खतरे से बाहर है।

### फिरोजाबाद : एसटीएफ ने हवाला लेनदेन के मामले में चूड़ी व्यवसाई को हिरासत में लिया

फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश में फिरोजाबाद के थाना उत्तर क्षेत्र निवासी चूड़ी व्यवसाई वरुण कुमार को लखनऊ पुलिस की एसटीएफ टीम ने हवाला लेनदेन के मामले में शुक्रवार को हिरासत में लेकर पूछताछ के लिए ले गई। स्थानीय पुलिस सूत्रों के मुताबिक वरुण कुमार को गांजा तस्करी से जुड़े गिरोह के लिए हवाला के माध्यम से भुगतान करने के आरोप में पकड़ा गया है। वरुण कुमार और हवाला तस्करों के बीच कोडवर्ड में व्हाट्सएप पर बात होती थी उसी के अनुसार व्यवसाई तस्करों को पेमेंट करता था। जानकारी मिली है एसटीएफ पुलिस टीम को रुपयों के बड़े लेनदेन से सम्बंधित डायरी और फोन डिटेल्स भी साक्ष्य के रुप में व्यवसाई के पास से मिले है। इस सिलसिले वरुण के खिलाफ़ ललितपुर में मुकदमा दर्ज किया गया था। इसकी जांच लखनऊ एसटीएफ द्वारा की जा रही है उसी मामले में व्यवसाई वरुण गुप्ता को एसटीएफ पुलिस ले गई है।

### गोला गोकर्णनाथ सीट पर उपचुनाव के लिए भाजपा और सपा ने प्रत्याशी घोषित किए

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में गोला गोकर्णनाथ विधानसभा सीट के लिए हो रहे उपचुनाव में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी (सपा) ने शनिवार को अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। गोला गोकर्णनाथ से भाजपा विधायक अरविंद गिरि के हाल ही में हुए निधन के कारण यह सीट रिक्त हुई थी। भाजपा ने सीट पर गोला गोकर्णनाथ से दिवंगत विधायक अरविंद गिरी के बेटे अमन गिरी को प्रत्याशी बनाया है। इसके अलावा सपा ने भी आज इस सीट पर अपना प्रत्याशी घोषित करते हुए विनय तिवारी को चुनाव मैदान में उतारा है। गौरतलब है कि चुनाव आयोग ने इस सीट पर उपचुनाव के लिए मतदान की तारीख 03 नवंबर तय की है। उपचुनाव की अधिसूचना कल शुक्रवार को जारी होने के साथ ही नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गयी है। उम्मीदवार अपने नामांकन 14 अक्टूबर तक कर सकेंगे।

### गोरखपुर में तेज बारिश के बाद रोहिन नदी लाल निशान पार, राप्ती भी हो रही बेताब

गोरखपुर। गोरखपुर और आसपास के जिलों में हो रही बारिश और नेपाल के पहाड़ों पर हुई तेज बारिश के कारण गोरखपुर से होकर बहने वाली नदियों में फिर एक बार उफान आ गया है। रोहिन नदी शुक्रवार को तीसरी बार खतरे का निशान पार कर गई है जबकि राप्ती नदी खतरे के निशान के एकदम करीब पहुंच गई है। रोहिन नदी में उफान को देखते हुए कैम्पियरगंज तहसील क्षेत्र में नदी के किनारे के गांवों के लोगों के बीच दहशत में है। लोगों को यह डर सताने लगी है कि कहीं नदी और उफनाई तो क्या होगा। वर्ष 2017 में रोहिन नदी ने इस इलाके में जमकर तबाही मचाई थी। उन दिनों को याद कर इलाके के लोग सिहर जा रहे हैं। लोगों ने एहतियातन बचाव उपाय शुरू कर दिए हैं। जिला आपदा प्रबंध प्राधिकरण ने चेतावनी जारी की है कि जिस तरह से नदियों का जलस्तर बढ़ रहा है उसके मुताबिक कभी भी राप्ती नदी भी खतरे का निशान पार कर सकती है। प्रशासन ने राप्ती-रोहिन के किनारे के गांवों के लोगों को सतर्कता बरतने को कहा है।

# यूपी में बारिश का कहर

## बलरामपुर में बाढ़ के पानी में बहे दो किशोर, पुलिस टीम तलाश में जुटी



**बलरामपुर।** यूपी के कई जिलों में अक्टूबर में भी बारिश ने कहर ढाया हुआ है। बलरामपुर के ललिया थाना क्षेत्र के कैली गांव में शनिवार को दो किशोर बाढ़ के पानी में बह गए। दोनों की तलाश में पुलिस और पीएसी के जवानों को लगाया गया है।

पुलिस के अनुसार कैली गांव के मजरे शेखन पुरवा निवासी जीशान (15) और उसका दोस्त आलम (16) गांव से मथुरा बाजार में सामान लेने जा रहे थे। गांव की सड़क पर बाढ़ के पानी का तेज बहाव था। इसे पार करते समय वे बह गए। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंचकर तलाश में जुट गयी। उपजिलाधिकारी विजय बहादुर ने बताया कि किशोरों की तलाश में पीएसी जवानों को लगाया गया है और राष्ट्रीय आपदा मोचक बल (एनडीआरएफ) को सूचित किया गया है। उन्होंने बताया कि एनडीआरएफ की टीम आते ही दोनों किशोरों की तलाश में जुट जाएगी। उल्लेखनीय है कि पिछले चार दिनों से हो रही लगातार बारिश और पड़ोसी देश नेपाल के पहाड़ी नालों से आई बाढ़ से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है।बाढ़ और जलभराव से दर्जनों गांव घिर गए है और बाढ़ का पानी सड़कों पर आ जाने से यातायात प्रभावित हुआ है।

# वाराणसी आ रही वंदेभारत खुर्जा में अटकी

## छह घंटे इंतजार के बाद दूसरी ट्रेन से भेजे गए यात्री

बुलंदशहर। दिल्ली से चलकर वाराणसी जा रही वंदे भारत एक्सप्रेस खुर्जा के पास खड़ी हो गई। बताया गया कि ट्रैक्शन मोटर में खराबी के कारण ट्रेन आगे नहीं बढ़ सकी। करीब छह घंटे तक ट्रेन की खराबी ठीक होने का इंतजार होता रहा। जब खराबी ठीक नहीं हो सकी तो दिल्ली से आई शताब्दी ट्रेन की रेक से यात्रियों को वाराणसी रवाना किया गया।

शनिवार को वंदे भारत एक्सप्रेस दिल्ली से चलकर वाराणसी जा रही थी। सुबह करीब 9 बजे दनकौर और वैर स्टेशन के बीच गाड़ी में खराबी आ गई। बताया गया कि ब्रेक जाम हो गया है। वंदेभारत जैसी वीआईपी ट्रेन के खड़े होने की खबर से अधिकारियों में खलबली मच गई। टेक्नीशियन से लेकर अन्य कई रेलवे कर्मचारी और अधिकारी एक्सप्रेस के पास पहुंच गए। इसके बाद ट्रेन को लोको पायलट के जरिए खुर्जा जंक्शन पर लाया गया।

खुर्जा स्टेशन पर करीब 1 घंटे से अधिक समय तक गाड़ी खड़ी रहने से परेशान यात्रियों ने ट्विटर पर रेल मंत्रालय, रेल मंत्री, उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक समेत तमाम अफसरों को वंदे भारत एक्सप्रेस के बीच रास्ते में खड़े होने की समस्या से अवगत कराना शुरू कर दिया।

इसके बाद रेलवे बोर्ड सक्रिय हुआ। नई दल्लिी स्टेशन से शताब्दी एक्सप्रेस का एक रैक भेजा गया। इसमें वंदे भारत एक्सप्रेस के यात्रियों को बिठा कर करीब छह घंटे की देरी से दोपहर एक बजे वाराणसी के लिए रवाना किया गया। खुर्जा जंक्शन के स्टेशन अधीक्षक घनश्याम मीणा ने बताया कि वंदे भारत एक्सप्रेस के ब्रेक जाम होने पर एक्सप्रेस को लोको पायलट के जरिए खुर्जा जंक्शन पर लाकर यात्रियों को अन्य ट्रेन में शिफ्ट किया जा रहा है। शिफ्टिंग के बाद ट्रेन को रवाना किया जाएगा।

### वाराणसी से दिल्ली जाने वाले भी परेशान

इधर वाराणसी में वंदेभारत के नहीं पहुंचने से नई दिल्ली जाने वाले यात्री भी परेशान रहे। वंदेभारत दोपहर दो बजे वाराणसी पहुंचती है। अब बताया जा रहा है कि रात आठ बजे तक ट्रेन के यहां पहुंचने की संभावना है। स्टेशन डायरेक्टर गौरव दीक्षित ने बताया कि 22435 वन्देभारत से नई दिल्ली जाने वाली इस ट्रेन के रात 9:15 बजे तक यहां से जाने की संभावना है।

### अपना दल (एस) का सदस्यता अभियान सफल रहा

जौनपुर। उत्तर प्रदेश के जौनपुर में अपना दल के राष्ट्रीय सचिव पप्पू माली ने शनिवार को कहा कि पार्टी की ओर से चलाया गया विशेष सदस्यता अभियान सफल रहा है। पार्टी की विशेष सदस्यता अभियान की समीक्षा बैठक आज जिला कार्यालय वाजिदपुर में जिलाध्यक्ष शिव नायक पटेल के अध्यक्षता की गयी। जिसमें राष्ट्रीय सचिव माली ने कहा कि पार्टी द्वारा चलाया गया विशेष सदस्यता अभियान सफल रहा, बड़े पैमाने पर हर जाति धर्म के लोगों ने जिस प्रकार से पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया है उससे सिद्ध होता है कि वंचित समाज के लोग आशा भरी निगाहों से पार्टी की तरफ उम्मीद लगाए हुए हैं। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसी पार्टी है जिसमें सर्व समाज का उत्थान और विकास संभव है जिस प्रकार से पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल सड़क से लेकर संसद तक दबे कुचले वंचित समाज की हक अधिकार की लड़ाई लड़ रही हैं।

# शादी का झांसा देकर दूसरे समुदाय के युवक ने किया दुष्कर्म

लखनऊ। लखनऊ में दूसरे समुदाय के युवक ने शादी का झांसा देकर युवती के साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। युवक ने छात्रा को प्रेमजाल में फंसाकर उसे कानपुर ले गया और वहां धर्मांतरण कराया। विरोध पर आरोपी ने बंधक बनाकर एक महीने तक युवती के साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता के पिता की शिकायत के बाद पुलिस ने कानपुर से युवती को बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। एडीसीपी चिरंजीवी नाथ सिन्हा ने बताया कि आरोपी जियाउद्दीन सिद्दीकी मूलतः बांदा का रहने वाला है। आरोपी लखनऊ के चारबाग में बैंक में चतुर्थ श्रेणी का कर्मचारी है। वहीं उसकी मुलाकात एक छात्रा से हुई। जियाउद्दीन, छात्रा का बैंक अकाउंट खुलवाने में मदद की थी। इसके बाद उसका नंबर ले लिया फिर दोनों के बीच बातचीत शुरू हो गई। हाल ही में युवक का ट्रांसफर अकबरपुर हो गया था।

पीड़िता के पिता का आरोप है कि एक महीने पहले जियाउद्दीन लखनऊ आया और युवती के साथ होटल में दुष्कर्म किया। इसके बाद उसने शादी का झांसा दिया। पीड़िता का आरोप है कि जियाउद्दीन उसे लेकर कानपुर गया और वहां जबरदस्ती धर्मांतरण कराया। विरोध करने पर बंधक बनाकर रेप किया।

छात्रा के पिता ने नाका कोतवाली में जियाउद्दीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। इसके बाद पुलिस कानपुर पहुंचकर छात्रा को बरामद कर लिया। वहीं शुक्रवार को जियाउद्दी चारबाग मेट्रो स्टेशन के पास से पकड़ा गया। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी हिन्दी में नमाज पढ़वाता था।

# पांच घंटे तक जिला अस्पताल के अंदर एंबुलेंस में पड़ा रहा युवक का शव

हरिद्वार। हरिद्वार के जिला चिकित्सालय में एक नया मामला देखने को मिला जहां चिकित्सकों ने अपने यहां मृत घोषित युवक का शव लेने से ही इंकार कर दिया। एंबुलेंस चालक का कहना है कि वह सुबह पांच बजे अमरोहा से मृतक के शरीर को लेकर जिला अस्पताल आ गया था लेकिन अभी तक 5 घंटे बीत जाने के बाद भी अस्पताल प्रबंधन ने बॉडी को अपने सुपुर्द नहीं लिया।

शुक्रवार को एंबुलेंस द्वारा मृतक की मां बेटे के शव को लेकर अमरोहा गई थी लेकिन अमरोहा में पिता ने शव बेटे का होने से ही इंकार कर दिया और एंबुलेंस चालक को बैरंग वापस लौटा दिया अब एंबुलेंस चालक शव को एंबुलेंस में रख अस्पताल प्रबंधन से शव अपने आजमाने की गुहार लगा रहा है लेकिन उसकी कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह सात बजे बानो निवासी नौगांव, थावर का बाजार अमरोहा उत्तरप्रदेश 22 वर्षीय तस्कीन अहमद को अपना बेटा बताकर 108 द्वारा कलियर शरीफ से जिला चिकित्सालय लाई थी महिला ने युवक को अपना बेटा बताया था जहां चिकित्सकों के उपचार के बावजूद शुक्रवार शाम पांच बजे युवक की मौत हो गई।

बेटे की मौत के बाद महिला ने एंबुलेंस चालक गुलाम नवी निवासी ज्वालापुर की एंबुलेंस से शव को लेकर अमरोहा चली गई। लेकिन महिला जब शव को लेकर घर पहुंची तो उसके पति ने शव बेटे का होने से ही इंकार कर दिया। इस दौरान एकत्र हुए लोगों ने महिला को भी गायब कर दिया और शव वापस ले जाने की बात पर अड़ गए। मौके पर चालक द्वारा स्थानीय पुलिस भी बुलाई गई लेकिन पुलिस ने भी गुलाम नवी पर दबाव बनाकर शव वापस लेकर जाने का फरमान सुना दिया। जिसके बाद फरमान शव लेकर सुबह वापस जिला चिकित्सालय पहुंच गया।

लेकिन अस्पताल पहुंचने पर जब यूनीमल की जानकारी चिकित्सकों को दी तो उन्होंने भी साथ गई महिला के बिना शव लेने से साफ इनकार कर दिया। एंबुलेंस चालक सुबह से ही कभी कोतवाली हरिद्वार तो कभी चिकित्सकों के चक्कर काट रहा है लेकिन कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

### सुल्तानपुर में घर के बाहर से गायब हुई 5 साल की मासूम की नाले में मिली लाश

सुल्तानपुर। यूपी के सुलतानपुर में शुक्रवार को घर के बाहर खेलते समय गायब पांच साल की मासूम बच्ची का शव नाले में पाया गया है। परिवारवालों ने गोसाईगंज थाने में बच्ची के अपहरण की सूचना देते हुए केस दर्ज कराया था। शनिवार को कुछ लोगों ने मासूम बच्ची का शव नाले में देखकर पुलिस को सूचना दी। परिवारवालों ने मौके पर पहुंचकर बच्ची को देखा तो कोहराम मच गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गोसाईगंज थाना क्षेत्र के शेषपुरा कटघरा गांव में घर के बाहर खेलते हुए पांच साल की रोशनी पुत्री कमलेश कुमार लापता हुई थी। शुक्रवार शाम ही परिजनों ने लापता होने की पुलिस को तहरीर दी थी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज किया था। पुलिस बच्ची की तलाश में जुटी हुई थी। शनिवार सुबह 11 बजे ग्रामीणों द्वारा गांव के आसपास बच्ची की खोज की जा रही थी। इसी बीच घर से करीब 600 मीटर की दूरी पर स्थित कसमऊ से शेखपुरा नालें की पुलिया के पास लापता बच्ची रोशनी का शव पाया गया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी।

### यूपी में चलती कार में इंजीनियरिंग की छात्रा का रेप, लिफ्ट देकर उठाया, फिर नहर किनारे फेंक दिया

सुल्तानपुर। यूपी के सुलतानपुर में जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र में बीटेक छात्रा के साथ बोलेरो गाड़ी में रेप करके आरोपी ने उसे नहर किनारे फेंक दिया और फरार हो गया। पुलिस घटना की जांच पड़ताल में जुटी है। बताया जा रहा है कि सुलतानपुर जिले के जयसिंहपुर कोतवाली से जुड़े एक टेक्निकल इंस्टिट्यूट में पढ़ने वाली बीटेक छात्रा शुक्रवार शाम घर लौट रही थी जिस समय ये घटना हुई। जानकारी के मुताबिक लड़की घर जाने के लिए वाहन खोज रही थी। लेकिन अंधेरा होने पर उसे कोई वाहन नहीं मिल रहा था। इसी दौरान उसने एक बोलेरो वाहन से लिफ्ट मांगी। चालक ने छात्रा को बैठा लिया, रास्ते में उसके साथ रेप कर दिया। घटना के बाद छात्रा को नहर के किनारे फेंककर फरार हो गया। पीड़ित घर पहुंची और परिजनों को आपबीती सुनाई। शनिवार को जयसिंहपुर थाने पहुंचे परिजनों ने पुलिस को तहरीर दी और मुकदमा दर्ज करने की मांग की। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। पुलिस लिफ्ट लिए जाने के स्थान और फेंके जाने के स्थान के बारे में पूछताछ स्थानीय लोगों से कर रही है। प्रकरण क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। क्षेत्राधिकारी जयसिंहपुर प्रशांत सिंह ने बताया कि बीती रात बारिश के दौरान घटना बताई जा रही है। घटनास्थल के आधार पर पूरे मामले में जांच पड़ताल की जा रही है। घटना से संबंधित साक्ष्य मिलने के आधार पर मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। प्रकरण को गंभीरता से लिया गया है। बताया जा रहा है कि पुलिस ने लड़की को मेडिकल के लिए भेजा और मामले की जांच में जुट गई है।

### लखनऊ में निर्माणाधीन इमारत की दीवार गिरने से चार घायल

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में शनिवार को आशियाना इलाके में एक निर्माणाधीन इमारत की दीवार गिरने से तीन बच्चों समेत चार लोग घायल हो गए। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। पूर्वी पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) प्राची सिंह ने कहा कि आज अपराह्न एक बजकर 10 मिनट पर रिशा कॉलोनी में एक निर्माणाधीन इमारत की दीवार गिरने की सूचना मिली। सिंह ने कहा, पुलिस मौके पर पहुंची गयी है और बचाव एवं राहत अभियान तुरंत शुरू किया गया है। अभी तक मलबे में दबे चार लोगों को बाहर निकाला गया है और उन्हें लोक बंधु अस्पताल भेजा गया है।

# सहारनपुर में 38 करोड़ साल पुराने जीवाश्म मिले, वैज्ञानिकों ने बताया हाइडनोसेरस का है फॉसिल

सहारनपुर। सहारनपुर के शिवालिक क्षेत्र में कई भौगोलिक रहस्य छिपे हैं। शिवालिक की तलहटी से निकलने वाली सहन्सरा नदी के बेसिन में 30 से 38 करोड़ वर्ष पहले समुद्र में पाए जाने वाले जीव का जीवाश्म मिलने का दावा किया गया है।

सेंटर फॉर वाटरपीस संस्था के विज्ञान प्रभारी और हिमालयन इंस्टीट्यूट ऑफ इन्वॉयरमेंट, इकोलॉजी एंड डेवलपमेंट उत्तराखंड के वैज्ञानिक डॉ. उमर सैफ ने दावा किया है कि जीवाश्म लेट डिवानियन से कार्बोनिफेरस कॉल के समय मिलने वाले हाइडनोसेरस नाम के बहुकोशिकीय जीव का है। जीवाश्म मिलने के बाद वैज्ञानिकों ने कई अन्य रहस्य होने का भी दावा किया है। साथ



ही रिसर्च भी शुरू कर दी है। सहारनपुर के शिवालिक क्षेत्र से कई छोटी नदियां निकलती हैं। इन्हीं में से एक है सहन्सरा नदी। काफी समय से नदी को पुनर्जीवित करने के लिए नदी का जियोलाजिकल जीर्णोद्धार किया जा रहा है। इसके लिए भू-वैज्ञानिक शिवालिक क्षेत्र और नदी में सर्वे कर रहे हैं। सेंटर फॉर वाटरपीस संस्था को इसी दौरान एक जीवाश्म मिला। जिसकी जांच में बड़ा रहस्य सामने आया। देहरादून, वैज्ञानिक हिमालयन इंस्टीट्यूट, डॉ. उमर सैफ ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि शिवालिक क्षेत्र में सहन्सरा नदी से हाईडनोसेरस के जीवाश्म मिले हैं। हाइडनोसेरस एक जीव नहीं बल्कि कई अन्य जीवों का एक समूह होता था, जो एक साथ रहता था।

#### क्या होता है जीवाश्म

पृथ्वी पर किसी समय जीवित रहने वाले प्राचीन जीवों के परिरक्षित अवशेषों या उनके द्वारा चट्टानों में छोड़ी गई छापों को जीवाश्म कहते हैं। जीवाश्म पृथ्वी की सतहों या चट्टानों में पत्थरों के रूप में सुरक्षित पाए जाते हैं। जीवाश्म से कार्बनिक विकास का प्रत्यक्ष प्रमाण मिलता है।

# हमीरपुर में महज़ 30 फ़ीसदी आयुष्मान कार्ड बन सके चार साल में

हमीरपुर। उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में गरीबों को मुफ्त चिकित्सीय सुविधा देने वाली केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना आयुष्मान भारत खुद बीमार हो गयी है। जिले में चार साल में मात्र 30 फीसदी गरीबों के आयुष्मान कार्ड बन पाये हैं उसमें भी केवल तीन फीसदी लोगो को मुफ्त उपचार की सुविधा मिल पायी है।

इस मामले में सदर विधायक ने नाराजगी जाहिर करते हुए इस स्थिति को दुरुस्त करने का भरोसा दिलाया है। जिल्द के मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) डा. रामऔतार ने शनिवार को बताया कि जिले में चार साल पहले पांच लाख आयुष्मान कार्ड बनाने का लक्ष्य दिया गया था। जिसमें अभी तक एक 1. 61 लाख आयुष्मान कार्ड बन पाये है जो लक्ष्य का मात्र 30 फीसदी है। उन्होंने बताया कि आयुष्मान कार्ड से मुफ्त इलाज कराने के लिये शासन ने 15 अस्पताल चिंहित किये है जिसमे अभी तक केवल 5,153 मरीजों का मुफ्त इलाज ख़ासी मशक़्क़त के बाद हो पाया है। जो लक्ष्य का मात्र तीन फीसदी है। आयुष्मान कार्ड बेहद कम बनाये जाने पर शासन बराबर नाराजगी जाहिर करता रहा है। यही नहीं शासन ने ये कार्ड बनाने के लिये अंशिका श्रीवास्तव की अध्यक्षता में पांच लोगों की टीम भी बना दी है, मगर टीम के सदस्य ग्रामीण क्षेत्रों में कैम्प लगाने के लिए पहुँच ही नहीं सके। इस कारण कार्ड बनाने की प्रगति बेहद धीमी है।

जिले के पूर्व सीएमओ डा. ए के रावत ने बताया कि उन्होंने कई बार आयुष्मान कार्ड बनाने वाली टीम से जवाब तलब भी किया है मगर उसका कोई असर नही हुआ है इधर सबसे ज्यादा खराब स्थिति जिला महिला अस्पताल की है,यहां की मुख्य चिकित्साधीक्षिका (सीएमएस) डा.फौजिया अंजुम नोमानी का कहना है कि महिला

अस्पताल में डेढ़ साल तक कोई आयुष्मान मित्र की नियुक्ति नही की गयी है। जिससे वहां पर आयुष्मान कार्ड ही नही बने है इसके लिये उन्होने बराबर सीएमओ से पत्राचार किया , मगर कोई सुनवाई नही हुई। अभी एक माह पहले अस्पताल में आयुष्मान मित्र आने से कुछ प्रगति हुई है।

# अमेठी : भाजपा नेता संजय सिंह सहित 23 लोगों के शस्त्र लाइसेंस हुए निरस्त

एजेंसी

अमेठी। उत्तर प्रदेश में अमेठी के जिला प्रशासन ने शस्त्र लाइसेंस धारकों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो से अधिक शस्त्र रखने वाले धारकों के लाइसेंस रद्द कर दिए। इनमे पूर्व केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के नेता संजय सिंह एवं मसाला कारोबारी राजेश मसाला सहित 23 लोग शामिल है। इस कार्रवाई की जद में पूर्व केंद्रीय मंत्री और अमेठी राजा संजय सिंह सहित अन्य प्रभावशाली लोगों का भी शामिल होना चर्चा का विषय बन गया है। इनके अतिरिक्त जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरी, नगर पंचायत अध्यक्ष चंद्रमा देवी के शस्त्र लाइसेंस भी निरस्त हुए है। ग़ौरतलब है कि शासन के निर्देश पर जिलाधिकारी द्वारा पूर्व में निर्देशित किया गया था कि जिनके पास दो अधिक शस्त्र है वे लोग एक शस्त्र लाइसेंस जमा करवा दे।

# झांसी में हथौड़ा मारकर एक की हत्या, दो गंभीर रूप से घायल

झांसी। उत्तर प्रदेश में झांसी जनपद के प्रेमनगर थानाक्षेत्र अंतर्गत बिजौली रेलवे स्टेशन के पास शनिवार को एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया और उसी स्थान पर दो लोग गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिले। झांसी -ललितपुर राजमार्ग पर प्रेमनगर थानाक्षेत्र में डगरवाहा के पास बन रही एक लोहे की फैक्ट्री से एक व्यक्ति का शव और दो लोगों को घायल अवस्था में बरामद किया गया । मौके पर पहुंचे वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) राजेश एस ने बताया कि स्थानीय लोगों से सूचना मिलने के बाद प्रेमनगर और बबीना थाना क्षेत्र की पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन की। इसके साथ ही फोरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची और मौका मुआयना कर साक्ष्य एकत्र कर लिये गये हैं।

मृतक मनोज अहिरवार (42) के हाथ पैर बंधे हुए थे और उसके सिर पर हथौडे से मारकर हत्या की गयी है। हथौड़ा भी मौके से बरामद किया गया है। पूछताछ में पता चला कि शुक्रवार देर रात छह से सात लोग पार्टी करने यहां आये थे।

# कोरोना कालखंड में दुनिया ने समझा आयुष की ताकत को : योगी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारतीय चिकित्सा पद्धति आयुष के महत्व का ज़िक्र करते हुए कहा कि समूची दुनिया ने कोरोना कालखंड में आयुष के महत्व को समझा है।



मुख्यमंत्री ने शनिवार को यहाँ आरोग्य भारती के अखिल भारतीय प्रतिनिधिमंडल की वार्षिक बैठक का शुभारंभ करते हुए कोरोना महामारी के दौरान आयुष की उपयोगिता के बारे में कहा कि कोई भारतीय परिवार ऐसा नहीं होगा जो अपने दैनिक भोजन में हल्दी का सेवन न करता हो। हल्दी की ताकत और उसके सामर्थ्य को पूरी दुनिया ने कोरोना कालखंड में महसूस किया। उन्होंने कहा, हल्दी हजारों वर्षों से हमारी दैनिक दिनचर्या का अहम हिस्सा रही है। आयुष की ताकत को भले ही दुनिया ने कोरोना कालखंड में समझा हो, लेकिन 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आयुष से जुड़े सभी विभागों को जोड़कर देश को एक नया मंत्रालय देने का काम किया। ये चीजें बताती हैं कि ये ताकत हमारे पास पहले से थी, लेकिन हमने कभी उन्हें महत्वपूर्ण नहीं समझा।

योगी ने कहा कि योग के साथ भी ऐसा ही हुआ। जब 21 जून को मोदी जी के प्रयास से विश्व योग दिवस के रूप में मान्यता प्राप्त हुई तो भारत ही नहीं बल्कि दुनिया के करीब 175 देश योग से जुड़ने को लालायित दिखाई दिए। योग के प्रति पूरी दुनिया में जो भाव है वो भारत के समृद्ध आरोग्यता के प्रति भाव को दर्शाता है।

उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ शरीर ही धर्म के सभी साधनों को पूरा कर सकता है। धर्म के सभी साधन एक स्वस्थ शरीर में ही निहित होते हैं। उत्तम आरोग्यता को प्राप्त करना प्रत्येक भारतीय की दिनचर्या का हिस्सा रहा है। उन्होंने कहा कि समय से जागने, सोने या भोजन की आदत हो या अपने जीवन के प्रत्येक संस्कार से जुड़ा कोई भी कार्यक्रम हो, हर भारतीय परिवार खुद को उससे जोड़ता रहा है।

योगी ने कहा कि सही मायनों में, स्वस्थ समाज से ही स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण होता है।

इस अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया भी कार्यक्रम में वर्चुअली उपस्थित रहे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा, आरोग्य भारती, अखिल भारतीय स्तर पर संपूर्ण आरोग्यता को प्राप्त करने के लिए विगत 20 वर्षों से काम कर रही है।

## शार्ट न्यूज

### दिल्ली-एनसीआर में सीएनजी, पीएनजी के दामों में बढ़ोतरी



नयी दिल्ली। त्योहारी मौसम के बीच आम आदमी की जेब पर एक ओर खर्च बढ़ गया है। इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) ने शनिवार को कंप्रेस्ड नेचुरल गैस (सीएनजी) और घरेलू रसोई में इस्तेमाल होने वाली पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) के दामों में तीन रुपये का इजाफा कर दिया। नयी दरें आज से प्रभावी हो गयी हैं। गैस विपणन कंपनी की अधिसूचना के अनुसार सीएनजी की कीमत 78.61 रुपये प्रति किलोग्राम हो गयी है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद में सीएनजी के दाम 81.17 रुपये और गुरुग्राम में 86.94 रुपये प्रति किलोग्राम हो गए हैं। बढ़ोतरी के बाद से मुजफ्फरनगर, मेरठ और शामली में दाम 85.84 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गए। आईजीएल की इस बढ़ोतरी के बाद राजधानी में पीएनजी के दाम 53.59 रुपये प्रति घन मीटर हो गए हैं। नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद में 53.46 रुपये, गुरुग्राम में 51.79 रुपये और मुजफ्फरनगर, मेरठ तथा शामली में 56.97 रुपये प्रति घन मीटर हो गए हैं।

### बंधन बैंक ने दूसरी तिमाही में बांटे 22 प्रतिशत अधिक ऋण

नयी दिल्ली। निजी क्षेत्र के बंधन बैंक का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में बांटा गया ऋण 22 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 99,374 करोड़ रुपये रहा। वित्त वर्ष 2021-22 की समान तिमाही में यह 81,661 करोड़ रुपये था। बंधन बैंक ने शनिवार को जारी प्रारंभिक आंकड़ों में बताया कि वित्त वर्ष 2022-23 की जुलाई-सितंबर तिमाही में कुल जमा 21 प्रतिशत बढ़कर 99,365 करोड़ हो गयी। वित्त वर्ष 2021-22 की दूसरी तिमाही में यह राशि 81,898 करोड़ रुपये थी। सितंबर 2022 को समाप्त हुयी तिमाही में कुल जमा में से खुदरा जमा सात प्रतिशत बढ़कर 73,660 करोड़ रुपये दर्ज की गयी जो एक वर्ष पूर्व की समान तिमाही में 68,787 करोड़ रुपये थी। बैंक की कुल जमा में खुदरा जमा का हिस्सा 74 प्रतिशत रहा। बैंक के आंकड़ों के अनुसार आलोच्य तिमाही में उसका चालू खाता और बचत खाता (कासा) में जमा 11 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 40,509 करोड़ रुपये पर पहुंच गयी। बैंक का 30 सितंबर 2022 को कासा अनुपात 40.8 प्रतिशत पर रहा। बंधन बैंक ने कहा कि उसकी अखिल भारतीय संग्रह क्षमता, गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों को छोड़कर और पुनर्गठित ग्राहकों सहित 97 प्रतिशत दर्ज की गयी जो जून 2022 तिमाही के अंत में 96 प्रतिशत थी।

### बच्चों के लिए आया बैल कोल्हू कॉमिक्स

नयी दिल्ली। बच्चों में कॉमिक्स पढ़ने की आदत को बढ़ावा देने और उनका मोबाइल या टेलीविजन पर स्क्रीन टाइम कम करने के उद्देश्य से एफएमसीजी कंपनी बीएल एग्रो ने कॉमिक पढ़ना आसान है अभियान के तहत आज हिंदी और अंग्रेजी में बैल कोल्हू कॉमिक्स लॉन्च की, जिसमें कई मज़ेदार और रोचक कहानियां हैं, जो युवा पाठकों को खूब पसंद आएंगी। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि बैल कोल्हू कॉमिक्स की परिकल्पना और प्रकाशन लीड्स ब्रांड्स कनेक्ट प्राइवेट लिमिटेड ने किया है। यह अभियान सभी सोशल और प्रिंट मीडिया पर लॉन्च किया जा चुका है। कंपनी के इस प्रमुख कच्ची घानी तेल ब्रांड बैल कोल्हू ने घोषणा की है कि पहली दो प्रकाशित कॉमिक्स निःशुल्क वितरित की जाएंगीं और भारतीय डाक सेवा का उपयोग करते हुए देशभर में उन लोगों तक पहुंचाई जाएंगीं, जिन्होंने बैल कोल्हू की वेबसाइट पर सब्सक्राइव किया है। कंपनी ने कॉमिक्स की प्रतियां नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 16 जो बैल कोल्हू प्लेटफॉर्म से भी जाना जाता है, पर भी उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। ये कॉमिक्स उत्तर प्रदेश के प्रमुख शहरों में आयोजित दिवाली मेलों में भी उपलब्ध कराई जाएंगी। देशभर में अभियान चलाने के लिए ब्रांड ने स्कूलों के साथ भी साझेदारी करने का फैसला लिया है। ग्राफिक्स के साथ कहानी बताने के रचनात्मक माध्यम से यह कॉमिक्स, विज्ञापन के इतिहास में ऐतिहासिक क्षण ला रहा है और इसके साथ ही बच्चों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बना रहा है। चूंकि टेक्नोलॉजी, शिक्षा और मनोरंजन के लिए प्रमुख माध्यम बन गया है जिसकी वजह से बच्चे घंटों स्क्रीन से चिपके रहते हैं, चाहे वह स्मार्टफोन्स हों, कंप्यूटर/लैपटॉप हों, टैबलेट हों या टीवी।

### सोना की वायदा कीमतों में 1,785 रुपये का उछाल

मुंबई। देश के अग्रणी कमोडिटी डेरिवेटिव्स एक्सचेंज एमसीएक्स पर कमोडिटी वायदा, ऑप्शंस और इंडेक्स फ्यूचर्स में 30 सितंबर से छह अक्टूबर के सप्ताह के दौरान 33,96,015 सौदों में कुल 2,63,450.27 करोड़ रुपये का कारोबार हुआ। कीमती धातुओं का सूचकांक बुलडेक्स के अक्टूबर वायदा में 755 अंक की चाल देखने को मिली। कीमती धातुओं के वायदाओं में सोना-चांदी में एमसीएक्स पर 13,27,577 सौदों में कुल 67,440.16 करोड़ रुपये का कारोबार हुआ। सोने के अनुबंधों में एमसीएक्स सोना दिसंबर वायदा प्रति 10 ग्राम सप्ताह की शुरुआत में 50,283 रुपये के भाव से खुलकर सप्ताह के दौरान इंट्रा-डे में ऊपर में 52,093 रुपये और नीचे में 50,151 रुपये के स्तर को छूकर, सप्ताह के अंत में 1,785 रुपये बढ़कर 51,972 रुपये के भाव पर पहुंचा। इसके सामने गोल्ड-गिनी अक्टूबर वायदा प्रति आठ ग्राम 1,130 रुपये बढ़कर 41,128 रुपये और गोल्ड-पेटल अक्टूबर वायदा प्रति 1 ग्राम 149 रुपये बढ़कर 5,130 रुपये के भाव हुए। सोना-मिनी नवंबर वायदा प्रति 10 ग्राम 50,083 रुपये के भाव से खुलकर, 1,694 रुपये बढ़कर 51,711 रुपये के स्तर पर पहुंचा। चांदी के वायदाओं में चांदी दिसंबर वायदा प्रति एक किलोग्राम सप्ताह की शुरुआत में 56,500 रुपये के भाव से खुलकर, सप्ताह के दौरान इंट्रा-डे में ऊपर में 3.62,370 और नीचे में 3.55,280 के स्तर को छूकर, सप्ताह के अंत में 5186 रुपये बढ़कर 61,346 रुपये पर बंद हुआ। चांदी-मिनी नवंबर वायदा 5031 रुपये बढ़कर 61,643 रुपये और चांदी-माइक्रो नवंबर वायदा 4,904 रुपये बढ़कर 61,647 रुपये पर बंद हुआ।

### निकट भविष्य में 10 गुना बढ़ सकता है भारतीय फुटवियर : पीयूष गोयल



नयी दिल्ली। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि फुटवियर क्षेत्र में देश के लिए बहुत संभावनाएं हैं और निकट भविष्य में देश का उत्पादन तथा निर्यात 10 गुना तक बढ़ सकता है। गोयल ने शुक्रवार को मीट एट आगरा लेदर, फुटवियर कंपोनेंट्स एंड टेक्नोलॉजी फेयर कार्यक्रम को वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया। उन्होंने कहा कि देश में लगभग 7,000 लघु उद्योग इकाइयां फुटवियर क्षेत्र से जुड़ी हुई हैं जो देश की अर्थव्यवस्था में और विदेशी मुद्रा में आय अर्जित करने के लिए बेहद महत्व रखती हैं। इस उद्योग में लगभग 40 प्रतिशत महिलाएं कार्य करती हैं और प्रत्येक 1000 जोड़ी फुटवियर जिनका उत्पादन अथवा विक्रय किया जाता है, उसमें करीब 425 नौकरियां सुरक्षित हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत, जूता-चप्पल और चमड़े के परिधान का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक राष्ट्र है और यह विश्व में इस सेक्टर का अग्रणी बन सकता है। भारत में दुनिया का लगभग तीन अरब वर्ग फुट चमड़े का उद्योग कार्यरत है। उन्होंने कहा कि सभी प्रमुख ब्रांड कच्चे माल के लिए भारत पर निर्भर हैं। इस दौरान एक योजना तैयार करने का सुझाव किया ताकि उच्च मूल्य की परियोजनाओं वाले भारतीय ब्रांड वैश्विक बाजार तक अपनी पहुंच स्थापित कर सकें। गोयल ने कहा कि राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान और राष्ट्रीय पैकेजिंग संस्थान को कौशल विकास की दिशा में कार्य करने के लिए सहयोग करना चाहिए ताकि भारतीय तथा वैश्विक बाजार के लिए नए डिजाइन तैयार किए जा सकें।

# 50 प्रतिशत सौदों को लागू करना कोई आसान काम नहीं : गहलोत




जयपुर। राजस्थान में दो दिवसीय निवेश सम्मेलन के शनिवार को समापन पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि सरकार निवेश से जुड़े सभी 11 लाख करोड़ रुपये के समझौतों को धरातल पर देखना चाहती है लेकिन इस लक्ष्य का 50 प्रतिशत भी हासिल करना कोई आसान काम नहीं होगा।

मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से कहा, यह मानते हैं कि सभी समझौते वास्तविक निवेश में साकार नहीं होंगे हम कम से कम 50 प्रतिशत के लक्ष्य तक पहुंचने का प्रयास करेंगे। हम अपने लक्ष्य को 50 प्रतिशत से अधिक रखेंगे लेकिन अगर हम आधे रास्ते तक भी पहुंच जाते हैं तो यह एक आसान कार्य नहीं होगा। यदि सभी समझौते सफल होते हैं तो नौ लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा।

उन्होंने कहा, सच्चाई यह है कि सभी प्रस्तावित निवेश समझौते पूरे नहीं होंगे। वक्त आने पर निवेशक पीछे हट जाते हैं और अन्य समस्याएं भी आ जाती हैं। अडाणी समूह के चेयरमैन गौतम अडाणी के साथ मंच साझा करने पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने उनपर निशाना साधा जिस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में सभी निवेशकों का स्वागत है। गहलोत ने कहा, यह कोई निजी कार्यक्रम नहीं है। जिन 3,000 निवेशकों ने राजस्थान में निवेश सम्मेलन में भाग लिया वह कांग्रेस पार्टी के नहीं हैं। वे भाजपा और कांग्रेस किसी के भी समर्थक हो सकते हैं। उन्होंने कहा, गौतम अडाणी हो या कोई अडाणी, अंबानी हो या अमित शाह के बेटे जय शाह हो हम उद्योग जगत के सभी लोगों का स्वागत करेंगे। हमें रोजगार और निवेश चाहिए।

राज्य में ऊर्जा क्षेत्र में निवेश के लिए बड़े पैमाने पर समझौते देखे गए जबकि अन्य प्रमुख क्षेत्रों के निवेशकों के हितों में सीमेंट, खदान एवं खनिज, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, कपड़ा, पर्यटन और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस शामिल थे।

## जिंसों में टिकाव

नयी दिल्ली। स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों के साथ ही दाल दलहन, चावल, गेहूं, चीनी में टिकाव रहा।

तेल-तिलहन : इस दौरान पॉम ऑयल, सरसों तेल, सोया रिफाइंड, सूरजमुखी तेल, मूंगफली तेल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पुराने स्तर पर टिके रहे।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव स्थिर रहे।

दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में मसूर दाल, चना तथा चना दाल, अरहर दाल, मूंग दाल और उड़द दाल के भाव पड़े रहे।

अनाज : अनाज मंडी में टिकाव रहा। इस दौरान गेहूं और चावल के भाव पड़े रहे।

### सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे

दाल-दलहन : चना 44500-4550, दाल चना 5450-5550, मसूर काली 8100-8200, मूंग दाल 8200-8300, उड़द दाल 10400-10500, अरहर दाल 9600-9800 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2200-2300 रुपये और चावल : 2700-2800 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

चीनी-गुड़ : चीनी एस 3530-3660, चीनी एम. 3800-3900, मिल डिलीवरी 3410-3510 और गुड़ 3650-3750 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

खाद्य तेल : सरसों तेल 16923 रुपये, मूंगफली तेल 19633 रुपये, सूरजमुखी तेल 18608 रुपये, सोया रिफाइंड 13919 रुपये, पाम ऑयल 10256 रुपये और वनस्पति तेल 14505 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

## 3 कंपनियों के शेयरों का होने जा रहा है बंटवारा, दिवाली से पहले है रिकॉर्ड डेट

एजेंसी

नई दिल्ली। दिवाली में आने में अब ज्यादा दिन नहीं बचा है। लेकिन उससे पहले तीन कंपनियों के शेयरों का बंटवारा होने जा रहा है। आइए जानते हैं कि इन कंपनियों के शेयरों का बंटवारा किस रेशियो में होगा? साथ कंपनी को बोर्ड ऑफ डॉयरेक्टर्स की तरफ से कब रिकॉर्ड डेट तय कियी गया है?

कंपनी अपने के शेयर को 10 हिस्सों में बांटने जा रही है। इस स्टॉक स्प्लिट के बाद कंपनी के एक शेयर की फेस वैल्यू 10 रुपये से घटकर 1 रुपये हो जाएगी। कंपनी के बोर्ड ऑफ डॉयरेक्टर्स ने 13 अक्टूबर 2022 की तारीख को रिकॉर्ड डेट तय किया है। बता दें, 12 अक्टूबर को कंपनी शेयर बाजार में एक्स-डिविडेंड के रूप में ट्रेड करेगी।

यहा भी कंपनी के एक शेयर का बंटवारा 10 शेयरों में किया जाएगा। जिसके बाद कंपनी के एक शेयर कीमत घटकर 10 रुपये से 1 रुपये हो जाएगी। कंपनी ने शेयरों के बंटवारे के लिए 13 अक्टूबर 2022 की तारीख को रिकॉर्ड डेट तय किया है। बता दें, यह एक स्मॉल कैप कंपनी है और इसका मार्केट कैप 847 करोड़ रुपये का है।

दो अन्य कंपनियों की तरह इस कंपनी का रिकॉर्ड डेट 13 अक्टूबर ही है। कंपनी के शेयर 12 अक्टूबर को एक्स-स्प्लिट के रूप में ट्रेड करेंगे। बता दें, कंपनी 5:1 रेशियों में शेयरों का बंटवारा करेगी। इस बंटवारे के बाद कंपनी के शेयरों की फेस वैल्यू 10 रुपये के घटकर 2 रुपये हो जाएगी। यह भी एक स्मॉल कैप कंपनी है। और इसका मार्केट कैप 153 करोड़ रुपये का है।

## विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट का दौर जारी

नई दिल्ली। देश के विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट का सिलसिला जारी रहने के बीच 30 सितंबर को समाप्त सप्ताह में यह 4.854 अरब डॉलर घटकर 532.664 अरब डॉलर रह गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। विदेशी मुद्रा भंडार इससे पिछले सप्ताह में 8.134 अरब डॉलर कम होकर 537.518 अरब डॉलर पर रहा था। वैश्विक घटनाक्रमों के कारण रुपये की विनियम दर में गिरावट को रोकने के जारी प्रयासों के बीच विदेशी मुद्रा भंडार में यह कमी आई है। देश की विदेशी मुद्रा भंडार अक्टूबर 2021 में 645 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। आरबीआई की तरफ से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़ों के अनुसार, विदेशी मुद्रा आस्तियों (एफसीए) में गिरावट के कारण 30 सितंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार में कमी आई है।

## ओयूपीएस ने हैदराबाद में एक नए विकास और वितरण केंद्र के साथ अपनी वैश्विक उपस्थिति का विस्तार किया

**पुणे, भारत।** विश्वसनीय भुगतान आधुनिकीकरण प्रदाता, ओयूपीएसने आज हैदराबाद भारत में अपना नया कार्यालय खोलने की घोषणा की। कार्यालय दिव्यश्री ओमेगा, कोंडापुर, हैदराबाद में स्थित है और विकास और वितरण केंद्र के रूप क्षमता को दोगुना करता है।

भुगतान समाधानों में अपनी उत्कृष्टता और 25 साल की विरासत के लिए जानी जाने वाली, कंपनी वैश्विक भुगतान पारिस्थितिकी तंत्र के भीतर अपने महत्वपूर्ण विकास के संकेत के रूप में अपने विस्तार की ओर संकेत करती है।

नए कार्यालय के उद्घाटन पर, ओयूपीएस के सीईओ टीएम प्रवीण ने कहा, हमारी निरंतर वैश्विक विस्तार रणनीति और हाल के वर्षों में हमारी शानदार सफलता के एक भाग के रूप में, हम हैदराबाद में अपना कार्यालय खोलकर खुश हैं। यह नई फैसिलिटी क्षेत्र में हमारी उपस्थिति को मजबूत करती है तथा हमारे ग्राहकों और उद्योग भागीदारों के लिए हमारी दशक भर की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

कंपनी DevOps, Cloud, API, डेटा और सुरक्षा के इर्द गिर्द अपनी समाधान पेशकशों का विस्तार करके भुगतान आधुनिकीकरण और डिजिटल परिवर्तन के अगले युग में अपने ग्राहकों की मदद करने की तैयारी कर रही है। ओयूपीएस अपने भर्ती प्रयासों को भी तेज कर रही है, जिसका उद्देश्य उत्पाद इंजीनियरिंग, बिक्री और समर्थन टीमों में कर्मचारियों की संख्या में 40 प्रतिशत की वृद्धि करना है।

इस पर टिप्पणी करते हुए, प्रवीण ने कहा, हमें विश्वास है कि हमारी नई फैसिलिटी हमारी टीमों को हमारे बढ़ते ग्राहक आधार की बेहतर सेवा करने में मदद करेगी और दीर्घकालिक विकास हासिल करने के लिए उनके साथ मिलकर काम करेगी। हम भविष्य को उत्साह और बड़ी आशा के साथ देख रहे हैं क्योंकि हमें बढ़ोतरी की व्यापक संभावनाएं दिख रही हैं। डिजिटल-फर्स्ट दृष्टिकोण अपनाकर, हम अपने ग्राहकों को भुगतान आधुनिकीकरण में तेजी लाने और उनके डिजिटल रूपांतरण रोडमैप में व्यापक प्रगति करने में मदद कर रहे हैं।

### Opus Consulting Solutions के बारे में

Opus Consulting Solutions परिणाम-संचालित भुगतान रणनीतियों की वैश्विक प्रदाता है। ओयूपीएस अपनी गहरी प्रौद्योगिकी दक्षता को भुगतान में बेजोड़ डोमेन विशेषज्ञता तथा फिनटेक के साथ जोड़ती है ताकि अपने काम में अद्वितीय गुणवत्ता व मूल्य प्रदान कर सके।

## श्रीलंका को पर्यटन उद्योग में सुधार की उम्मीद

कोलंबो। आर्थिक संकट से जूझ रहे श्रीलंका के पर्यटन उद्योग का भारत के चुनिंदा शहरों में रोड शो की एक सफल श्रृंखला के बाद 2023 में बेहतर होने की उम्मीद है।

डेली एफटी समाचार पत्र ने शनिवार को पर्यटन मंत्री हरिन फर्नांडो के हवाले से कहा कि उन्होंने पत्रकारों को कहा कि इस उद्योग में सर्दियों के मौसम में पर्यटकों की संख्या में बड़ा उछाल हो सकता है।

उन्होंने मीडिया से कहा, श्रीलंका सुरक्षित, व्यापार के लिए तैयार और दुनिया भर से पर्यटकों के स्वागत के लिए तैयार है। हमारा उद्देश्य देश को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दोबारा स्थापित करना है जिससे महामारी के पूर्व के मानकों को 2023 में प्राप्त किया जा सकता है।

श्री फर्नांडो ने कहा, इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हम विभिन्न पहलों को कदम उठाए हैं जबकि अन्य योजनाओं पर विचार किया जा रहा है।

उन्होंने कहा, मुझे खुशी है कि हम एक छोटी समयावधि के दौरान सकारात्मक प्रभाव डालने में सक्षम रहे और भारतीय रोड शो के बाद प्राप्त अच्छी प्रतिक्रियाओं के साथ श्रीलंका के पर्यटन में 2023 को सर्वश्रेष्ठ वर्ष बनाने के लिए महत्वाकांक्षी है।

इस दौरान पर्यटन उद्योग ने 10 लाख पर्यटकों के आने का लक्ष्य स्थापित किया है। श्री फर्नांडो ने कहा कि अनुमानित 8,00,000 से 8,50,000 पर्यटक आ सकते हैं जिससे 2022 के अंत तक 1.7 अरब डॉलर की कुल आय प्राप्त की जा सकती है।

उन्होंने कहा, कुछ प्राप्त करने की लिए बड़ा लक्ष्य रखना अच्छा होता है।

श्री फर्नाडो ने कहा कि दिल्ली, मुंबई और हैदराबाद में आयोजित रोड शो सफल रहे हैं और इसी तरह के रोड शो का आयोजन 14 नवंबर से चेन्नई, कोचि और बेंगलुरु में होने जा रहा है।

उन्होंने कहा, श्रीलंका के लिए भारत एक प्रमुख देश है। देश को लेकर फैले नकारात्मक प्रचार को लेकर उच्च मीडिया संस्थानों के माध्यम से ठीक करने का यह एक बड़ा अवसर है। इसने हमारे उद्योग हितधारकों को व्यवसाय को बढ़ावा देने में मदद करने के लिए व्यापार से व्यापार (बी2बी) सत्र आयोजित करने में भी मदद की।

पर्यटन मंत्री ने कहा, भारत की उड़ान कंपनी स्पाइसजेट 15 नवंबर से कोलंबो के लिए उड़ान शुरू करने जा रही है जिससे पर्यटन उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। अगले महीने से पुडुचेरी से एक क्रूज की शुरुआत की जाएगी।

श्रीलंका पर्यटन संवर्धन ब्यूरो के अध्यक्ष चलाका गजबाहू ने कहा कि रोड शो के बाद उद्योग को भारत से 1,000 से अधिक लोगों ने पूछताछ की है।

## ए बालासुब्रमण्यम फिर से बने एएमएफआई के अध्यक्ष

नयी दिल्ली। श्री ए बालासुब्रमण्यम को एक बार फिर एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआई) का अध्यक्ष चुना गया है।

एएमएफआई ने आज यहां जारी बयान में कहा कि सितंबर 2022 में आयोजित 27 वीं वार्षिक बैठक के बाद एएमएफआई की बोर्ड बैठक में श्री बालासुब्रमण्यम को सर्वसम्मति से एएमएफआई का अध्यक्ष चुना गया। इसी तरह बोर्ड ने सुश्री राधिका गुप्ता संगठन का उपाध्यक्ष निर्वाचित हुयी है। श्री बालासुब्रमण्यम और सुश्री राधिका गुप्ता एएमएफआई की 28 वीं वार्षिक आम बैठक के समापन तक पद पर बने रहेंगे।

विशाल कपूर (मुख्य कार्यकारी अधिकारी, आईडीएफसी एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड) को एएमएफआई कमेटी ऑफ सर्टिफाइड डिस्ट्रीब्यूटर्स (एआरएन समिति) के अध्यक्ष के रूप में फिर से चुना गया है। कश्री संदीप सिक्का (ईडी और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, निप्पॉन लाइफ इंडिया एसेट मैनेजमेंट लिमिटेड) को एएमएफआई ईटीएफ समिति के अध्यक्ष के रूप में चुना गया है।

## पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं

नयी दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में लगभग तीन सप्ताह से कच्चे तेल की कीमतों पर दबाव बने रहने के बाद इसके दामों में बढ़ोतरी शुरू हो गयी है। इस बीच देश में घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम शनिवार को भी स्थिर रहे। कच्चे तेल की कीमत 95 डॉलर प्रति बैरल को पार कर चुकी हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लंदन ब्रेंट क्रूड आज 97.92 डॉलर प्रति बैरल पर और अमेरिकी क्रूड 5.37 प्रतिशत के उछाल के साथ 93.20 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। घरेलू स्तर पर तेल विपणन कंपनी भारत पेट्रोलियम के अनुसार, पेट्रोल और डीजल की कीमतों में आज भी कोई बदलाव नहीं हुआ। दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर है। देश में पिछले चार महीने से ईंधन की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। मुंबई में पेट्रोल के दाम 106.31 रुपये प्रति लीटर और और डीजल की कीमत 94.27 रुपये प्रति लीटर है। पेट्रोल और डीजल की कीमतें मूल्य वर्धित कर (वैट) और माल ढुलाई शुल्क के आधार पर सभी राज्यों में अलग-अलग हैं। पेट्रोल-डीजल के मूल्यों की प्रतिदिन समीक्षा की जाती है।

## जम्मू-कश्मीर केवीआईबी ने लौटायी 1.80 करोड़ की देयता

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर खादी ग्राम और उद्योग बोर्ड (केवीआईबी) की उपाध्यक्ष डॉ हिना शफी भट ने शनिवार को उप-राज्यपाल मनोज सिन्हा को खादी ग्राम और उद्योग आयोग (केवीआईसी) को वापस करने के लिए 1.80 करोड़ रुपये रुपये का चेक सौंपा।

श्री सिन्हा ने इस अवसर पर केंद्र शासित प्रदेश में हस्तशिल्प और स्थानीय विनिर्माण इकाइयों के विकास के लिए आवश्यक प्रशिक्षण, प्रौद्योगिकी और बुनियादी ढांचा सहायता प्रदान करने में जम्मू-कश्मीर केवीआईबी के प्रयासों की सराहना की।

उन्होंने जम्मू-कश्मीर के सर्वांगीण विकास और आत्मनिर्भरता को सुनिश्चित करने के लिए ग्रामोद्योग को मजबूत करने के लिए कारीगरों और नए उद्यमियों के प्रयासों की भी सराहना की।

उप-राज्यपाल ने कहा, केवीआईबी ने परंपरा के साथ आधुनिक तकनीक और व्यावसायिक प्रथाओं को सामंजस्यपूर्ण रूप से मिश्रित किया है और धन एवं रोजगार सृजन में अपार योगदान दिया है। ग्रामीण स्तर पर हस्तशिल्प समूह, विनिर्माण और सेवा इकाइयां कारीगरों की वृद्धि और कमाई में महत्वपूर्ण योगदान देगी।

उल्लेखनीय है कि जम्मू-कश्मीर केवीआईबी देश के उन प्रमुख बोर्डों में से एक है जिन्होंने केवीआईसी के साथ लंबित देनदारियों को मंजूरी दे दी है। यह राशि सुक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय के खादी और ग्रामोद्योग आयोग को वापस की जाएगी जो बैंकों के संघ से धन उधार लेता है और बदले में इसे बोर्ड को बैंक योग्य ब्याज दरों पर जारी करता है जिससे वे आयोग द्वारा अनुमोदित योजनाओं को आगे बढ़ाने में सक्षम होते हैं। जम्मू-कश्मीर खादी और ग्रामोद्योग बोर्ड ने संघ राज्य क्षेत्र में खादी संस्थानों और ग्रामीण कारीगरों को वित्तपोषित करने के लिए कंसोर्टियम बैंक क्रेडिट (सीबीसी) के तहत आयोग से करीब 7.35 करोड़ रुपये उधार लिए थे।

बोर्ड ने पहले ही 6.71 करोड़ रुपये वापस कर दिए थे और 1.80 करोड़ रुपये के नवीनतम देयता से अर्जित ब्याज सहित सीबीसी वित्त पोषण के कारण जम्मू-कश्मीर केवीआईबी की पूरी देनदारी समाप्त हो जाएगी।

## नीतिगत सुधारों से अनौपचारिक श्रमिकों के लिए सूक्ष्म बीमा की पैठ बढाने पर जोर

नयी दिलली। अनौपचारिक श्रमिकों तक बीमा की पहुंच को सुनिश्चित करने के लिए नीतिगत सुधारों पर जोर देते हुये इसमें अधिकाधिक कंपनियों को भागीदार बनाने के लिए लाइसेंस की पूंजी को न्यनूतम 100 करोड़ से कम कर 20 करोड़ रुपये करने की आवश्यकता बतायी गयी है।

स्व-नियोजित महिला संघ, सेवा की सूक्ष्म बीमा शाखा, विमोसेवा ने नीतिगत सुधारों के माध्यम से कम आय वाले परिवारों के लिए सूक्ष्म बीमा पैठ बढ़ाने के उद्देश्य से राजधानी में एक कार्यशाला का आयोजन किया जिसमें वक्ताओं ने यह राय व्यक्त की है।

यह कार्यशाला आईआरडीएआई और सरकार के साथ बातचीत को आगे बढ़ाने की उम्मीद करती है और कम आय वाले परिवारों को सूक्ष्म बीमा प्रदान करने के वैश्विक अनुभव के आधार पर आईआरडीएआई की समिति द्वारा की गई सिफारिशों को लागू करने के लिए दबाव डालती है, विशेष रूप से लाइसेंस के लिए पूंजी की आवश्यकता को न्यूनतम 100 करोड़ रुपये से घटाकर अधिकतम 20 करोड़ रुपये करने के लिए। इसके लिए महत्वपूर्ण कानूनी परिवर्तन करने होंगे और यह वर्तमान में आईआरडीएआई और भारत सरकार के पास विचाराधीन हैं। विमोसेवा की सेवा सामाजिक सुरक्षा की निदेशक और संस्थापक बोर्ड सदस्य मिराई चटर्जी ने कहा, विमोसेवा के अनुभव से पता चलता है कि महिलाएं न केवल बीमा योग्य हैं, बल्कि उनके माध्यम से पूरे परिवार को कुछ बुनियादी सुरक्षा मिलती है। अब हम वित्तीय और सामाजिक सुरक्षा के साथ देश भर में लाखों महिलाओं तक पहुंचते हैं। यह एक समृद्ध यात्रा रही है जिसमें इस बात की सीख मिली है कि हमारे देश की गरीबों और विशेष रूप से मेहनती महिलाओं तक पहुंचने के लिए क्या काम करने की जरूरत है। हमने सीखा है कि महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता के लिए सूक्ष्म बीमा आवश्यक है।

हालांकि, हमें सूक्ष्म बीमा के विकास और उसका पूरे देश में प्रसार करने के लिए उपयुक्त कानूनों और नीतियों की आवश्यकता है।

## रिटेल सेक्टर रोजगार खोजने वाले लोगों की संख्या घटी, रिपोर्ट में आई ये बातें सामने

नई दिल्ली। रिटेल सेक्टर में नौकरी की तलाश करने वाले भारतीयों की संख्या अगस्त 2021 के मुकाबले इस वर्ष अगस्त में 11.80 फीसदी घट गई है। एक रिपोर्ट में यह अनुमान पेश किया गया है।

वैश्विक रोजगार वेबसाइट इन्डीड ने एक रिपोर्ट में कहा कि अगस्त 2019 से अगस्त 2022 के बीच के समय में खुदरा क्षेत्र में रोजगार 5.50 फीसदी घट गए और वैश्विक महामारी के दौरान तथा उसके बाद खुदरा क्षेत्र में नौकरी तलाश करने वाले भारतीय लोगों की संख्या भी घटी है।

इस रिपोर्ट के मुताबिक, अगस्त 2020 से अगस्त 2021 के बीच खुदरा रोजगार 27.70 फीसदी बढ़े थे लेकिन अगस्त 2021 से अगस्त 2022 के बीच इनमें 11.80 फीसदी की गिरावट आ गई। ऐसा मोटे तौर पर लॉकडाउन की वजह से और घर से ही काम करने (वर्क फ्रॉम होम) की संस्कृति की वजह से हुआ जिसमें लोगों ने त्योहारों के दौरान भी ऑनलाइन खरीदारी की।

### अक्टूबर में होगी बोनस की बरसात, इन 5 कंपनियों की रिकॉर्ड डेट है नजदीक

यह रिपोर्ट अगस्त 2019 से अगस्त 2022 के बीच इन्डीड मंच पर उपलब्ध आंकड़ों के विश्लेषण पर आधारित है। इसके मुताबिक खुदरा क्षेत्र में सबसे ज्यादा 22.9 फीसदी नौकरियां शाखा प्रबंधक जैसी प्रबंधन भूमिका के लिए निकलीं जबकि सेल्स एसोसिएट स्तर पर यह आंकड़ा 10.07 फीसदी, स्टोर मैनेजर के लिए 9.52 फीसदी, लॉजिस्टिक्स के लिए 4.58 फीसदी और मर्चेंडाइजर के लिए 4.39 फीसदी रहा। नौकरी करने के इच्छुक लोगों की दिलचस्पी सबसे ज्यादा 15 फीसदी स्टोर मैनेजर पद के लिए, खुदरा सेल्स एसोसएिट (14.4 श्रद्गह्र फीसदी), कैशियर (11 फीसदी), शाखा प्रबंधक (9.49 फीसदी) और लॉजिस्टिक्स एसोसिएट (9.08 फीसदी) है।

इन्डीड इंडिया के बिक्री प्रमुख शशि कुमार ने कहा, भारत में त्योहारी सीजन में बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए मौसमी रोजगार में बढ़ोतरी होती है। हालांकि यह बढ़ोतरी पिछले साल के बराबर तो नहीं है लेकिन करीब 39.6 फीसदी नए रोजगार पैदा हुए हैं। रिपोर्ट में बताया गया कि खुदरा रोजगार में सबसे बड़ी हिस्सेदारी बेंगलुरु (12.26 फीसदी) की है।

## शार्ट न्यूज

### बधिर चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में भारत

अजमन। भारतीय बधिर क्रिकेट टीम ने पहले क्वालीफायर में शनिवार को दक्षिण अफ्रीका को सात विकेट से हराकर डीआईसीसी टी20 चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में जगह बनाई। दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत को 20 ओवर में 101 रन का लक्ष्य दिया था, जिसे भारत ने 15.5 ओवर में ही हासिल कर लिया। दक्षिण अफ्रीका को 100 रन के छोटे स्कोर पर रोकने के लिये कुलदीप सिंह ने चार ओवर में तीन विकेट चटकाये। इसके बाद साई आकाश ने 36 रन की मैच जिताऊ पारी खेलकर भारत को लक्ष्य तक पहुंचाया। कुलदीप को मैन ऑफ द मैच आंका गया। भारत ने इससे पहले टूर्नामेंट के लीग स्टेज में ऑस्ट्रेलिया, बंगलादेश और दक्षिण अफ्रीका को मात दी थी।

### यूएस किड्स गोल्फ इंडिया में रणवीर की विजयी शुरुआत

गुरुग्राम। रणवीर सिंह धूपिया ने तिहरी बोगी मारने के बाद शानदार वापसी करते हुए यूएस किड्स गोल्फ इंडिया 2022 के लड़कों के 13-14 वर्ग के पहले लेग में विजयी शुरुआत की है। धूपिया ने यहां क्लासिक गोल्फ एंड कंट्री क्लब में एक-अंडर 71 के स्कोर के साथ शुक्रवार को पहला स्थान हासिल किया। उन्होंने 2022 यूएस किड्स गोल्फ इंडिया के शुरुआती चरण में दो बोगी और एक ट्रिपल बोगी के खिलाफ छह बर्डी खेलीं। उदय आदित्य मिड्ढा ने 78 के स्कोर के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। पिछले साल अंडर-12 श्रेणी में शानदार प्रदर्शन करने वाले भावेश निर्वाण और अर्शवंत श्रीवास्तव ने इस साल 13-14 वर्ग में चौथे और आठवें स्थान पर जगह बनाई।

### भारत ने अंडर-17 एशियाई कप क्वालीफायर में तीसरी जीत दर्ज की

अल-खोबार (सऊदी अरब)। भारत ने यहां एएफसी अंडर-17 एशियाई कप 2023 क्वालीफायर में म्यांमार को 4-1 से हराकर जीत की हैट्रिक पूरी कर ली है। प्रिंस सऊद बिन जलावी स्टेडियम पर शुक्रवार को खेले गये मैच में कप्तान वानलालपेका गुइटे (27वां, 34वां मिनट) और थंगलालसुन गंगटे (32वां, 44वां मिनट) ने भारत के लिये दो-दो गोल किये। मलेशिया का एकलौता गोल ह्टू वाई यान (60वां मिनट) ने किया। पहले हाफ की शुरुआत में कोई बड़ा मौका नहीं बना और दोनों टीमों ने बॉल को अपने नियंत्रण में रखने का प्रयास किया। भारत के सभी गोल पहले हाफ के दूसरे हिस्से में आये, जबकि गंगटे ने 32वें मिनट में एक पेनल्टी को भी गोल में तब्दील किया। दूसरे हाफ में वाई यान ने मलेशिया के लिये एक गोल किया, लेकिन भारतीय युवा आक्रामकता के साथ विपक्षी टीम पर हावी रहे और उन्हें कभी भी मैच में वापस आने का मौका नहीं दिया। भारत ने अंडर-17 एशियाई कप 2023 क्वालीफायर के अपने पहले दो मैचों में मालदीव और कुवैत को हराया था। भारत का अगला मुकाबला रविवार को मेज़बान सऊदी अरब से होगा।

### भारत ने बंगलादेश को 59 रन से मात दी

सिलहेट। भारत ने शेफाली वर्मा (55) के अर्द्धशतक और स्मृति मंधाना (47) की कप्तानी पारी की बदौलत शनिवार को महिला एशिया कप 2022 में बंगलादेश को 59 रन से हराया। भारत ने बंगलादेश के सामने 20 ओवर में 160 रन का लक्ष्य रखा था, जिसके जवाब में मेज़बान टीम सात विकेट के नुकसान पर 100 रन ही बना सकी। युवा सनसनी शेफाली ने भारत की जीत में महत्वपूर्ण योगदान देते हुए 44 गेंदों पर पांच चौकों और दो छक्कों के साथ 55 रन की पारी खेली। इसी के साथ 18 वर्षीय शेफाली टी20 अंतरराष्ट्रीय में 1000 रन पूरे करने वाली सबसे युवा बल्लेबाज भी बन गयीं। स्मृति ने शेफाली का साथ देते हुए 37 गेंदों पर छह चौकों की मदद से 47 रन बनाये। दोनों बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिये 96 रन की साझेदारी की और मध्य ओवरों में खराब बल्लेबाजी के बावजूद भारत ने इस साझेदारी की बदौलत बंगलादेश के सामने 160 रन का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य रखा। बंगलादेश के सलामी बल्लेबाजों ने इसके जवाब में 45 रन की साझेदारी की, लेकिन उनका स्ट्राइक रेट कम होने के कारण टीम पर दबाव बना और पहले तीन बल्लेबाजों के अलावा कोई भी बंगलादेशी खिलाड़ी दहाई के आंकड़े को नहीं छू सका।

### बाबर का अर्द्धशतक, पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड को हराया

क्राइस्टचर्च। पाकिस्तान ने हारिस रउफ (28/3) की घातक गेंदबाजी के बाद कप्तान बाबर आज़म (79 नाबाद) के अर्द्धशतक की बदौलत शनिवार को त्रिकोणीय टी20 श्रृंखला के दूसरे मैच में न्यूजीलैंड को छह विकेट से मात दी। न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान के सामने 148 रन का लक्ष्य रखा, जिसे पाकिस्तान ने 18.2 ओवर में हासिल कर लिया। बाबर ने अपनी टीम को लक्ष्य तक पहुंचाने के लिये 53 गेंदों पर 11 चौकों की बदौलत 79 रन बनाये। उनका साथ देते हुए शादाब खान ने 22 गेंदों पर दो चौके और दो छक्के लगाकर 34 रन की पारी खेली। दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिये 61 रन की साझेदारी हुई जिसने पाकिस्तान की जीत को आसान बना दिया।

### सुंदर ने द अफ्रीका एकदिवसीय श्रृंखला में चाहर की जगह ली

मुंबई/रांची। अखिल भारतीय चयनकर्ता समिति ने चोटग्रस्त दीपक चाहर की जगह वाशिंगटन सुंदर को दक्षिण अफ्रीका एकदिवसीय श्रृंखला के लिये भारतीय टीम में शामिल किया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने शनिवार को बताया कि प्रोटियाज के खिलाफ तीसरे और अंतिम टी20 के बाद चाहर ने पीठ में अकड़न की शिकायत की। चाहर पहले एकदिवसीय मैच से बाहर रहे थे और अब वह बेंगलुरु की राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में बीसीसीआई की मेडिकल टीम की निगरानी में रहेंगे। अगले दो एकदिवसीय मैचों में सुंदर उनकी जगह लेंगे। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच दूसरा और तीसरा एकदिवसीय मैच क्रमशः नौ अक्टूबर और 11 अक्टूबर को खेला जायेगा। एकदिवसीय सीरीज के लिये भारतीय टीम में शिखर धवन (कप्तान), रुतुराज गायकवाड़, शुभमन गिल, श्रेयस अय्यर (उप-कप्तान), रजत पाटीदार, राहुल त्रिपाठी, ईशान किशन (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), शाहबाज अहमद, शार्दुल ठाकुर, कुलदीप यादव, रवि बिश्नोई, मुकेश कुमार, आवेश खान, मोहम्मद सिराज, वाशिंगटन सुंदर हैं।

### लिट्टे के सभी बंदियों को रिहा किया जाएगा: दिनेश गुणवर्धन



कोलंबो। श्रीलंका के प्रधान मंत्री दिनेश गुणवर्धन ने शनिवार को कहा कि देश में शेष सभी तमिल टाइगर बंदियों को रिहा कर दिया जाएगा और आतंकवाद रोकथाम अधिनियम (पीटीए) को निरस्त कर दिया जाएगा। द आइलैंड अखबार ने प्रधानमंत्री द्वारा संसद में दिये गये एक वक्तव्य के हवाले से बताया कि श्रीलंका, संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) से किए गए सभी वादों को पूरा करेगा। लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम (लिट्टे) के कैदियों और पीटीए का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि यूएनएचआरसी ने ये दो मुख्य मांगें की हैं। राष्ट्रपति विक्रमसिंघे लिट्टे से संबंधित कैदियों को रिहा करने में आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करेंगे, जो एक अलगाववादी समूह है, जिसने 2009 में सैन्य रूप से कुचले जाने से पहले एक चौथाई सदी तक भीषण लड़ाई लड़ी थी। गुणवर्धन ने कहा कि लिट्टे के ये बंदी लंबे समय से जेलों में बंद हैं। उन्होंने कहा, पीटीए को निरस्त करने के लिए मसौदा विधेयक को कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। इसे जल्द ही संसद में पेश किया जाएगा।

# पहले मैच की गलतियों से सबक लेना चाहेगा भारत




रांची। युवा खिलाड़ियों से सजी हुई भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले एकदिवसीय मैच में की गयी गलतियों को दूसरे मैच में रविवार को सुधारने का प्रयास करेगी।

भारत को सबसे पहले अपने क्षेत्ररक्षण में मुस्तैदी लानी होगी। खिलाड़ियों ने पहले मैच में कई जगह अनावश्यक रन देने के अलावा हेनरिक क्लासेन और डेविड मिलर के कैच छोड़े। दोनों खिलाड़ियों ने पांचवें विकेट के लिये 139 रन की साझेदारी की जो करीबी मैच में नौ रन से भारत की हार का कारण बना।

भारत के लिये 250 रन के लक्ष्य का पीछा करना मुश्किल नहीं होता लेकिन अत्यधिक डॉट गेंदें खेलना टीम पर भारी पड़ा। संजू सैमसन ने यह स्वीकार भी किया कि भारत सिर्फ दो बड़े शॉट कम खेलने के कारण हारा।

इस मैच में भारतीय प्रशंसकों के लिये अच्छी खबर यह रही कि तेज़ गेंदबाज़ों के खिलाफ कमज़ोर माने जाने वाले श्रेयर अय्यर और खराब शॉट खेलकर आउट होने के लिये विख्यात सैमसन ने इन मान्यताओं के विपरीत पारियां खेलीं। भारत की टी20 विश्व कप टीम के अतिरिक्त खिलाड़ी अय्यर ने आक्रामक पारी खेलते हुए 37 गेंदों पर 50 रन बनाये जबकि सैमसन ने 63 गेंदों पर 86 रन की ज़िम्मेदार पारी खेली। यह दोनों बल्लेबाज दूसरे मैच में भी अपनी कमियों से पार पाते हुए महत्वपूर्ण योगदान देना चाहेंगे।

भारतीय टीम के कप्तान शिखर धवन भी चाहेंगे कि वह पहले मैच के प्रदर्शन को भूलकर वापस रंग में लौटें। अगले साल संभवतः अपना आखिरी विश्व कप खेलने वाले 36 वर्षीय धवन ने यह स्पष्ट कर दिया कि उनका लक्ष्य विश्व कप 2023 के लिये तैयार होना है। इस लिहाज से यह श्रृंखला उनके लिये महत्वपूर्ण है।

दीपक चाहर के चोटग्रस्त होने के बाद यह श्रृंखला मोहम्मद सिराज और मुकेश सिंह के लिये भी अर्थपूर्ण हो गयी है। सिराज जहां टी20 विश्व कप के लिये ऑस्ट्रेलिया जाने के उम्मीदवार हैं, वहीं मुकेश अपनी पदार्पण श्रृंखला में चयनकर्ताओं पर छाप छोड़ सकते हैं।

दूसरी ओर, दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा चाहेंगे कि वह सीरीज में अजेय बढ़त हासिल करने के साथ-साथ कुछ रन भी बनायें। तीन मैचों की टी20 श्रृंखला में कुल तीन रन बनाने के बाद उन्होंने पहले एकदिवसीय मैच में आठ रन बनाये, जो टी20 विश्व कप से ठीक पहले प्रोटियाज के लिये अच्छे आसार नहीं हैं। बावुमा के विपरीत, मिलर इस दौरे पर बेहतरीन रंग में दिखे हैं और अगर भारत इस मैच में उनका विकेट जल्दी नहीं निकालता तो वह एक बार फिर महंगे साबित हो सकते हैं। भारत के लिये जहां यह श्रृंखला ज्यादा मायने नहीं रखती, वहीं दक्षिण अफ्रीका का लक्ष्य इस सीरीज को जीतकर अगले वर्ष आईसीसी विश्व कप के लिये सुपर लीग पॉइंट हासिल करना है। दूसरे एकदिवसीय मैच में भारत और दक्षिण अफ्रीका रविवार, नौ अक्टूबर को आमने-सामने होंगे।

### भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच दूसरा एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच रांची में 9 अक्टूबर को, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

रांची। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच दूसरा एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच रांची के जेएससीए स्टेडियम में 9 अक्टूबर को खेला जाएगा और इसको लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए है। मैच देखने के लिए आने वाले लोगों को सख्त हिदायत दी गई है कि वे किसी भी तरह के आपत्तिजनक सामान को साथ लेकर ना आएं, ऐसा करने पर उन्हें स्टेडियम में प्रवेश की अनुमति नहीं मिलेगी और ड्रॉप गेट से ही वापस लौटना पड़ेगा। रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने आज कहा कि मैच के दौरान जेएससीए की टीम के साथ प्रशासनिक टीम समन्वय स्थापित कर कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि स्टेडियम में अनुशासन बनाये रखने और लोगों के बैठने की व्यवस्था से संबंधित किसी भी मामले में जेएससीए की टीम की तरफ से पहला रिएक्शन होगा, इसके बाद स्थिति अनुसार प्रशासनिक टीम कार्य करेगी। रांची के एसएसपी किशोर कौशल ने कहा कि प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारियों और जवानों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने कार्यस्थल पर समय पहुंचे और समन्वय स्थापित करते हुए मुस्तैदी से ड्यूटी करें। उन्होंने कहा कि इस बात का ख्याल रखने का निर्देश दिया गया कि कोई भी व्यक्ति अनाधिकृत रूप से स्टेडियम में प्रवेश ना करें और ना ही आपत्तिजनक वस्तु अपने साथ ले जाये। उन्होंने कहा कि स्टेडियम में बोतल, कैमरा, बैग, झोला, किसी प्रकार का अस्त-शस्त्र, लाइटर, माचिस या कोई अन्य आपत्तिजनक सामान लाने पर पूरी तरह से रोक रहेगी। मैच के दौरान दुरुस्त विधि व्यवस्था के लिए मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पुलिस बलों की तैनाती की गई है। क्रिकेट खिलाड़ियों के रांची आगमन को लेकर झारखंड पुलिस-प्रशासन की ओर से सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये है।

## बेन स्टोक्स को बल्लेबाजी क्रम में ऊपर लाना चाहते हैं बटलर



पर्थ। इंग्लैंड के कप्तान जॉस बटलर ने शनिवार को कहा कि वह बेन स्टोक्स को बल्लेबाजी क्रम में ऊपर देखना चाहते हैं ताकि उनकी क्षमताओं का सर्वश्रेष्ठ प्रयोग किया जा सके। बटलर ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टी20 मैच से पूर्व आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा, बेन स्टोक्स ऐसे व्यक्ति हैं जिन्हें हम खेल को प्रभावित करने का अधिक से अधिक अवसर देने का प्रयास करना चाहते हैं। कोशिश रहेगी कि उन्हें जितना हो सके उतना ऊपर रखें और उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन सामने लाने के लिये उन्हें उनके अंदाज में खेलने दें। इंग्लैंड की टेस्ट टीम के कप्तान स्टोक्स ने अपना आखिरी टी20 अंतरराष्ट्रीय मार्च 2021 में भारत के खिलाफ खेला था। आईसीसी टी20 विश्व कप 2022 से ठीक पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला उन्हें शीर्ष टूर्नामेंट के लिये आवश्यक अभ्यास प्रदान करेगी। बटलर ने अपने स्वास्थ्य के बारे में कहा, मैं 100 प्रतिशत फिट हूं।

पाकिस्तान में रिहैब में अच्छा समय बिताया था। शायद मैं पहले खेल सकता था, लेकिन विश्व कप के इतना करीब होने के कारण यह सही फैसला था।

बटलर पाकिस्तान के खिलाफ सात मैचों की टी20 श्रृंखला के लिये इंग्लैंड की स्क्वाड में शामिल थे, हालांकि वह एक बार भी एकादश का हिस्सा नहीं रहे।

# सुल्तान जौहर कप के लिए भारतीय टीम घोषित

एजेंसी

नयी दिल्ली। हॉकी इंडिया ने मलेशिया में होने वाले आगामी सुल्तान जौहर कप 2022 के लिये 18-सदस्यीय भारतीय जूनियर पुरुष टीम की घोषणा शनिवार को की।

सुल्तान जौहर कप 2019 की उपविजेता भारतीय टीम 22 अक्टूबर को शुरू होने वाले टूर्नामेंट में ऑस्ट्रेलिया, जापान, दक्षिण अफ्रीका, मेज़बान मलेशिया और गत चैंपियन ग्रेट ब्रिटेन का सामना करेगी।

भारतीय युवाओं की कमान उत्तम सिंह संभालेंगे। उत्तम सिंह जूनियर विश्व कप 2021 में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं, जबकि एशिया कप 2022 में उन्होंने सीनियर टीम में पदार्पण किया था। बॉबी सिंह धामी को टीम का उपकप्तान चुना गया है।



डिफेंडर आमिर अली, शार्दानंद तिवारी, रोहित, अमनदीप लाकड़ा, साइरिल लुगुन के साथ गोलकीपर मोहित एचएस और अंकित मलिक ने टीम में जगह बनाई है।

फॉर्वर्ड पंक्ति की ज़िम्मेदारी कप्तान उत्तम सिंह के साथ अंगत बीर सिंह, अरैजीत सिंह हुंडल, उपकप्तान बॉबी सिंह और सुदीप चिरमाको संभालेंगे।

**भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम**

मोहित एच.एस, अंकित मलिक, आमीर अली, शारदानन्द तिवारी, रोहित, अमनदीप लाकड़ा, सिरिल लुगुन, विष्णुकांत सिंह, राजिंदर सिंह, अंकित पाल, पूवन्ना सीबी, अमनदीप, जॉनसन पुरथी, उत्तम सिंह (कप्तान), अंगद बीर सिंह, अरिजीत सिंह हुंडाल, बॉबी सिंह धामी (उप कप्तान), सुदीप चिर्मको

महामारी के कारण दो साल के अंतराल के बाद आयोजित इस टूर्नामेंट में भारत अपने अभियान की शुरुआत 22 अक्टूबर को मलेशिया के खिलाफ करेगा। इसके बाद भारत का सामना दक्षिण अफ्रीका (23 अक्टूबर), जापान (25 अक्टूबर), ऑस्ट्रेलिया (26 अक्टूबर) और ग्रेट ब्रिटेन (28 अक्टूबर) से होगा, जबकि फाइनल 29 अक्टूबर को खेला जायेगा।

भारतीय टीम के कोच सीआर कुमार ने टीम की तैयारियों के बारे में कहा, हम टूर्नामेंट के लिये अच्छी तरह तैयार हैं। यह खिलाड़ी राष्ट्रीय कोचिंग कैम्प में कुछ समय से साथ हैं और खेलने के लिये तत्पर हैं।

हमारे पास एक संतुलित टीम है जिनमें से सात खिलाड़ी 2021 जूनियर विश्व कप टीम का हिस्सा रह चुके हैं और कुछ खिलाड़ी सीनियर टीम में भी खेल चुके हैं।

उन्होंने कहा, यह जूनियर हॉकी कैलेंडर में एक महत्वपूर्ण और प्रतिष्ठित टूर्नामेंट है। हम मेज़बान मलेशिया के खिलाफ अपना अभियान शुरू करने के लिये बेहद रोमांचित हैं।

# इजरायल में भारतवंशी की हत्या, बर्थडे पार्टी में नाबालिग को चाकू से गोदा



**जेरूसलम।** विदेशों में भारतवंशियों की हत्या का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। अमेरिका में भारतीय मूल के लोगों की निर्मम हत्या के बाद ताजा घटनाक्रम इजरायल का है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, एक किशोर की बर्थडे पार्टी के दौरान हुए झगड़े में चाकू गोदकर हत्या कर दी गई। बताया जा रहा है कि किशोर अपने परिवार के साथ एक साल पहले ही भारत से इजरायल गया था। वह उत्तर पूर्वी भारतीय यहूदी समुदाया bnei menashe से संबद्ध बताया जा रहा है। इजरायल के एक न्यूज पोर्टल के मुताबिक, बर्थडे पार्टी में भारतीय मूल का छात्र लेहिंगहेल शामिल था। उसके अलावा 20 अन्य किशोर भी थे। दरअसल, वह पार्टी में भारत से इजरायल पहुंचे अपने एक और दोस्त मिलने के लिए नोफ हागलिल गया था। योएल लेहिंगहेल अपने परिवार के साथ एक साल पहले ही इजरायल के शहर किरयात शनोमा में रहने के लिए पहुंचा था। मीडिया रिपोर्ट्स हैं कि लेहिंगहेल को शुक्रवार तक घर वापस आना था लेकिन कोई अता-पता नहीं होने पर परिवारवालों में बैचेने बढ़ गई। इस बीच उसके एक दोस्त ने फोन पर परिवारवालों को इत्तला दी कि पार्टी में लड़ाई के दौरान लेहिंगहेल घायल हो गया था और उसे अस्पताल में भर्ती किया गया है। इससे पहले परिवारवाले अस्पताल पहुंचते, उन्हें अपने बेटे की मौत की सूचना मिल गई।

#### पुलिस ने शुरू की जांच

उधर, परिवारवालों ने मामले में हत्या का शक जताया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामले में जांच शुरू की। रिपोर्ट है कि पुलिस ने हत्या के शक में 15 साल के एक किशोर को पकड़ा है। उधर, अखबार टाइम्स ऑफ इजरायल की रिपोर्ट बताती है कि पुलिस ने शुक्रवार शाम तक इस मामले में 13 से 15 साल के सात किशोरों को हिरासत में लिया है।

#### चाकू से गोदा

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में लेहिंगहेल की मौत चाकू लगने से बताई जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि कुछ लोगों को हिरासत में लिया है। जल्द ही मामले का खुलासा होगा।

### श्रीलंका में भ्रष्टाचार खत्म होना चाहिए : सांसद

कोलंबो। श्रीलंका के दो प्रमुख सांसदों ने भ्रष्टाचार के खिलाफ युद्ध छेड़ने का आह्वान करते हुए कहा है कि यह देश में कैंसर बन गया है। मुख्य विपक्षी दल एसएलपीपी पार्टी के प्रो जी एल पीरिस ने कहा कि श्रीलंका को अपने आर्थिक संकट से उबरने के लिए विदेशों से सार्थक सहायता प्राप्त करने से पहले 'व्यापक भ्रष्टाचार' को रोकने की जरूरत है। द आइलैंड अखबार ने संसद में कही गयी सांसद पीरिस की बातों के हवाले से कहा, विश्व बैंक ने कहा है कि जब वह भविष्य में श्रीलंका को सहायता और ऋण देगा, तो वह खुद ऑडिट करेगा। हमें वास्तव में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार को समाप्त करने की आवश्यकता है। समागी जाना बालवेगया के सदस्य और श्रीलंका के पूर्व सेना प्रमुख सरथ फोन्सेका ने कहा कि सरकार को पहले भ्रष्टाचार से लड़ना चाहिए। उन्होंने कहा, सबसे पहले, हमें देश में व्याप्त भ्रष्टाचार के बारे में कुछ करना चाहिए। नेता देश को लूट रहे हैं और चूस रहे हैं। इससे गरीबी में विस्फोट हुआ है। फोन्सेका के हवाले से कहा गया कि जब तक भ्रष्ट राजनेताओं को संसद से खदेड़ नहीं दिया जाता, कार्यकारी अध्यक्ष पद को समाप्त करने का कोई मतलब नहीं है।

## पाकिस्तान : वित्तमंत्री को आतंकियों ने किया किडनैप; विदेशी टूरिस्ट्स को भी बनाया बंदी



इस्लामाबाद। पाकिस्तान में आतंकियों ने शनिवार को एक मंत्री और कुछ टूरिस्ट्स को किडनैप कर लिया। इन आतंकियों ने बदले में पाकिस्तान की जेल में बंद जेहादियों की छोड़ने की मांग रखी थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मामला खैबर पख्तूनवा और गिलगिट बाल्टीस्तान का है। बताया जाता है कि इस अपहरण को तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान को अंजाम दिया है। आतंकियों ने पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा (केपी) को गिलगिट-बाल्टिस्तान (जीबी) से जोड़ने वाली प्रमुख सड़क को घेर लिया था। बताया जाता है कि बाद में आतंकियों ने सभी को छोड़ दिया। वहीं आतंकियों ने मांग पूरी करने के लिए 10 दिन का समय दिया है।

#### इस्लामाबाद से जा रहे थे गिलगिट

जानकारी के मुताबिक पाकिस्तान के वित्तमंत्री ओबैदुल्लाह बेग दो अन्य लोगों के साथ इस्लामाबाद से गिलगिट जा रहे थे। इसी दौरान उनका अपहरण किया गया। आतंकियों ने पाकिस्तानी मंत्री अब्दुल्लाह बेग और कुछ टूरिस्ट्स को किडनैप कर लिया। किडनैपर्स ने जिन टेररिस्ट्स की रिहाई की मांग की है उन्होंने नंगा पर्वत क्षेत्र में विदेशियों की भीषण हत्या की थी। इसके अलावा यह आतंकी डायमेर में अन्य टेररिस्ट इंसीडेंट्स में शामिल थे। आतंकियों के चंगुल से छूटने के बाद मंत्री बेग ने एक वीडियो जारी किया है।

#### मोस्ट वांटेड आतंकी की करतूत

बताया जाता है कि गिलगिट-बाल्टीस्तान के मोस्ट वांटेड आतंकी हबीबुर रहमान ने इस अपहरण को अंजाम दिया था। डॉन अखबार के मुताबिक हबीबुर रहमान नंगा पर्वत में 10 विदेशियों की हत्या का आरोपी है। आतंकियों ने प्रांत में इस्लामिक नियमों को लागू करने और महिलाओं को खेल से दूर रखने की मांग भी रखी थी। जानकारी के मुताबिक इस घटना की जानकारी उस वक्त सामने आवई जब गलियारे के दोनों ओर से पाकिस्तान के सीनेटरों ने प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान द्वारा आतंकी एक्टिविटीज में इजाफे पर अलार्म बजाया, जबकि एक सीनेटर ने हाल ही में जारी खतरे की चेतावनी के बारे में जानकारी मांगी। आंतरिक मंत्रालय ने प्रतिबंधित संगठन द्वारा आतंकवादी हमलों के बढ़ते जोखिम के बारे में बताया।

### आयरलैंड में गैस स्टेशन पर हुए विस्फोट में मृतकों की संख्या सात हुई

डबलिन। आयरलैंड गणराज्य के काउंटी डोनेगल में एक गैस स्टेशन पर हुए विस्फोट से मरने वालों की संख्या बढ़कर सात हो गई है। इस घटना में अन्य आठ लोग हुए घायल हुए। आयरलैंड की राष्ट्रीय पुलिस एन गार्डा सियोचाना ने शनिवार को यह जानकारी दी हैं। उन्होंने बयान कहा, एक गार्डा सिओचाना अब इस घटना में सात लोगों के मारे जाने की पुष्टि करता है (कल तीन मौत की पुष्टि हुई थी जबकि चार लोगों की रात के दौरान मौत की पुष्टि की गई हैं) बचाव और तलाश कार्य जारी है। कल आठ लोगों को चिकित्सा के लिए अस्पताल में स्थानांतरित किया गया था। इससे पहले दिन में, द आयरिश इंडिपेंडेंट दैनिक ने पुलिस का हवाला से बताया कि गैस स्टेशन पर विस्फोट में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई है। पुलिस अभी तक घटना के कारणों की जानकारी नहीं दे पाई है।


### भारत ने श्रीलंका सशस्त्र बलों को प्रशिक्षित करने का लिया संकल्प

कोलंबो। भारत के उच्चायुक्त गोपाल बागले ने शनिवार को प्रकाशित एक टिप्पणी में कहा कि भारत श्रीलंका के सशस्त्र बलों को प्रशिक्षण देना जारी रखेगा और इससे पहले चुनौतीपूर्ण समय में भी ऐसा किया है। द आइलैंड अखबार ने श्री बागले के हवाले से भारतीय सेना के प्रशिक्षु पूर्व विद्यार्थियों की एक सभा को बताया, जिसमें भारत में प्रशिक्षित श्रीलंका सेना के कई वरिष्ठ सेवारत और सेवानिवृत्त अधिकारी शामिल हुए। इस दौरान मुख्य अतिथि, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल शैवेंद्र सिल्वा और श्रीलंका सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल विकुम लियानागे शामिल हुए। श्री बगले ने कहा कि भारत अपने पड़ोसी देश श्रीलंका की मदद करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि भारत ने चुनौतीपूर्ण समय में भी श्रीलंका के सशस्त्र बलों के लिए प्रशिक्षण की पेशकश की। श्री बागले ने कहा कि दोनों सशस्त्र बलों के बीच प्रशिक्षण से भाईचारे और अंतरसंचालन की भावना पैदा हुई है। इसके अलावा, इस प्रकार की भागीदारी श्रीलंका में भारतीय सेना के प्रशिक्षु पूर्व विद्यार्थियों के साथ मजबूत संबंधों को पोषित करने की आवश्यकता को रेखांकित करती है। जनरल सिल्वा ने सभा को संबोधन के दौरान दोनों देशों को मित्रवत, परस्पर सम्मान करने वाले और देखभाल करने वाले पड़ोसियों के रूप में जोड़ने में उच्चायुक्त के प्रयासों की सराहना की।

### गोटबाया, महिंदा पर कानूनी कार्रवाई की मंजूरी

कोलंबो। श्रीलंका उच्चतम न्यायालय ने पूर्व राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे, पूर्व प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे और 37 अन्य के खिलाफ वित्तीय अनियमितताओं तथा अर्थव्यवस्था कुप्रबंधन के लिए कानूनी कार्रवाई संबंधी कई मौलिक अधिकारों की याचिकाओं पर कार्यवाही आगे बढ़ाने की अनुमति दे दी है। द आइलैंड अखबार ने शनिवार को बताया कि ये मामले ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल श्रीलंका (टीआईएसएल) और सीलोन चैंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष चंद्र जयरत्ने सहित अन्य लोगों द्वारा दायर किए गए थे। प्रतिवादी के रूप में नामित अन्य लोगों में पूर्व वित्त मंत्री बेसिल राजपक्षे के साथ-साथ वरिष्ठ अधिकारी हैं जो अब श्रीलंका मौद्रिक बोर्ड और सेंट्रल बैंक के साथ काम करते हैं या पहले इसका नेतृत्व करते थे। श्री महिंदा राजपक्षे इस साल मई तक प्रधानमंत्री थे और उनके भाई श्री गोटबाया राजपक्षे जुलाई तक राष्ट्रपति थे। हिंसक प्रदर्शन होने के बाद श्री गोटबाया श्रीलंका से भाग गए। देश की आर्थिक स्थिति खराब करने के लिए इनके एक अन्य भाई तुलसी राजपक्षे को भी जिम्मेदार माना जाता है। देश की अर्थव्यवस्था के ढहने से पहले तीनों भाइयों ने श्रीलंका पर शिकंजा जैसा बना रखा था। अदालत ने महालेखा परीक्षक को एक ऑडिट रिपोर्ट तैयार करने और तीन नवंबर तक एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया, जो कि अमेरिकी डॉलर के मुकाबले श्रीलंकाई रुपये के मूल्य को 203 रुपये पर निर्धारित करने के मौद्रिक बोर्ड की ओर से किए गए निर्णय के संबंध में आईएमएफ से सहायता मांगने में देरी पर आधारित होगा।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटरा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. -DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा



# कोयल की तरह ही चातक देती है दूसरों के घोंसलों में अंडे

माथे पर किलंगी और काले सफ़ेद पंख चातक पक्षी की खासियत होते हैं। प्राचीन साहित्य में चातक का यह विवरण उसके पारिस्थितिकी व्यवहार से काफी मेल खाते हैं। यह मौसम इसका प्रजनन काल भी है। प्रजनन के इस समय में नर दिनभर तरह तरह की कोकिल ध्वनियों से लगातार मादा को आकर्षित करने की कोशिश करते हैं। इस मौसम की शुरुआत में ये पक्षी उत्तर भारत के विभिन्न क्षेत्रों में प्रवास करते हैं।

## हल्के नीले रंग के होते हैं अंडे


कोयल की तरह चातक पक्षी भी अन्य पक्षियों के घोंसलों में अपने अंडे देती है। जून से अगस्त तक चलने वाले प्रजनन काल की शुरुआत में मादाएं मेज़बान पक्षियों के घोंसलों की तलाश में रहती हैं। इन चातक के अंडे भी गैगई पक्षी के अंडों के समान हल्के, नीले रंग व छोटे आकार के होते है। गैगई, जिन्हें 7-10 के झुंड में घूमने के कारण लोक भाषा में सातभाई या बहन भी कहा जाता है, चातक के बहुत ही चहेते होते हैं। मादा चातक अक्सर अंडे देते वक्त मेजबान के अंडों को क्षतिग्रस्त कर देती हैं। पंखों के विकास होने तक गैगई अपने व चातक के चूजों में भेद नहीं कर पाती और सबका भरण-पोषण समान रूप से करती हैं।


## भारत में होती हैं दो प्रजातियां

भारत में चातक की दो विशिष्ट उप प्रजातियां पाई जाती हैं। एक क्लैमेटर जैकोबिनस जैकोबिनस और दूसरी उत्तर भारत से आने वाली उप-प्रजाति क्लैमेटर जैकोबिनस पिका होती है। इनका मुख्य भोजन कीट-पतंगे होते हैं, लेकिन कभी कभी फलों को भी खूब चाव से खाते हैं।

# प्यासा मर जाएगा पर इधर-उधर का पानी नहीं पीता चातक

धरती पर मौजूद हर जीव को जिंदा रहने के लिए दाना-पानी तो चाहिए ही. कीड़े-मकोड़ो की बात नहीं कर रहा. कम से कम इंसानों, पशु-पक्षियों वगैरह के लिए तो हवा के बाद दूसरी सबसे जरूरी चीज है पानी. खाने के बगैर तो इंसान कुछ दिन जिंदा रह सकता है लेकिन पानी के बगैर तो प्यार से ही मर जाएगा. पक्षियों के साथ भी ऐसा ही है. लेकिन आज हम एक ऐसे पक्षी के बारे में बात करने जा रहे हैं, जो प्यास के मारे मर जाएगा, लेकिन इधर-उधर का पानी पीना इसे मंजूर नहीं! आप सोच रहे होंगे, ये भला कैसा पागलपन है... लेकिन इस पक्षी की तो यही कहानी है. गर्मियों में अक्सर हम पशुओं के लिए छतों पर और आंगन में किसी बर्तन में पानी रख देते हैं. तमाम पक्षी आकर वे पानी पी लेंगे, लेकिन चातक पक्षी प्यासा होने के बावजूद ऐसा नहीं करेगा. चातक पक्षी केवल बारिश का ही पानी ही पिया करता है. यह चिड़िया किसी झील, तालाब, नदी वगैरह का पानी नहीं पीती है. भले ही वह प्यासा ही मर क्यों न जाए, लेकिन यह बारिश के अलावा कोई पानी नहीं पीती. चातक पक्षी, केवल बारिश के पानी से ही अपनी प्यास बुझाता है. ऐसा कहा जाता है कि यह पक्षी बहुत प्यासा है और इसे बिल्कुल साफ पानी के झील में भी छोड़ दिया जाए, तो भी यह पानी नहीं पिएगा. इस स्थिति में पानी पीने के लिए ये अपनी चोंच भी नहीं खोलेगा. बारिश के अलावा यह किसी भी दूसरे सोर्स से पानी नहीं पीता है. चातक कीटभक्षी पक्षी होता है. कीट-फतंगों के अलावा इसे फल खाते भी देखा गया है. चातक पक्षी की एक अलग बात ये भी है कि ये दूसरे पक्षियों के घोसले में अपने अंडे दिया करते हैं. ये पक्षी बुलबुल ओर बब्बलर जैसे पक्षियों के घोंसले में अपने अंडे देते हैं. चातक पक्षी मुख्य तौर पर एशिया और अफ्रीका महाद्वीप का पक्षी है. बात करें भारत की तो ये पक्षी उत्तराखंड में पाया जाता है. गढ़वाल में इसे चातक की बजाय चोली बुलाया जाता है. इसे मारवाड़ी/राजस्थानी में मघवा और पपिया भी कहा जाता है.








# भारत की कंकालों वाली झील का रहस्य

भारत के हिस्से में आने वाले हिमालयी क्षेत्र में बर्फीली चोटियों के बीच स्थित रूपकुंड झील में एक अरसे से इंसानी हड्डियां बिखरी हैं. रूपकुंड झील समुद्रतल से क़रीब 16,500 फीट यानी 5,029 मीटर की ऊंचाई पर मौजूद है. ये झील हिमालय की तीन चोटियों, जिन्हें त्रिशूल जैसी दिखने के कारण त्रिशूल के नाम से जाना जाता है, के बीच स्थित है.त्रिशूल को भारत की सबसे ऊंची पर्वत चोटियों में गिना जाता है जो कि उत्तराखंड के कुमाऊं क्षेत्र में स्थित हैं.

आधी सदी से अनसुलझी है पहेली रूपकुंड झील को कंकालों की झील कहा जाता है. यहां इंसानी हड्डियां जहां-तहां बर्फ़ में दबी हुई हैं. साल 1942 में एक ब्रिटिश फॉरेस्ट रेंजर ने गश्त के दौरान इस झील की खोज की थी. तकरीबन आधी सदी से मानवविज्ञानी और वैज्ञानिक इन कंकालों का अध्ययन कर रहे हैं. वहीं, बड़ी संख्या में पर्यटक यहां आते हैं और ये झील उनकी जिज्ञासा का कारण बनी हुई है. साल के ज्यादातर वक़्त तक इस झील का पानी जमा रहता है, लेकिन मौसम के हिसाब से यह झील आकार में घटती - बढ़ती रहती है. जब झील पर जमी बर्फ़ पिघल जाती है तब ये इंसानी कंकाल दिखाई देने लगते हैं. कई बार तो इन हड्डियों के साथ पूरे इंसानी अंग भी होते हैं जैसे कि शरीर को अच्छी तरह से संरक्षित किया गया हो. अब तक यहां 600 से 800 लोगों के कंकाल पाए गए हैं. पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए उत्तराखंड की सरकार इसे रहस्यमयी झील के तौर पर बताती है.

## कंकालों वाली झील

गुज़री आधी सदी से ज्यादा वर्षों से वैज्ञानिकों ने इस झील में पड़े कंकालों का अध्ययन किया है और कई अनसुलझी पहेलियों को सुलझाने की कोशिश की है. उनके सामने कई सवाल थे. मसलन, ये कंकाल किन लोगों के हैं? इन लोगों की मौत कैसे हुई? ये लोग कहां से यहां आए थे? इन मानव कंकालों को लेकर एक पुरानी कहानी यह बताई जाती है कि ये कंकाल एक भारतीय राजा, उनकी पत्नी और उनके सेवकों के हैं. 870 साल पहले ये सभी लोग एक बर्फ़ीले तूफ़ान का शिकार हो गए थे और यहीं दफ़न हो गए थे.

## कंकालों को लेकर कई थ्योरी

एक अन्य थ्योरी के मुताबिक़, इनमें से कुछ कंकाल भारतीय सैनिकों के हैं जो कि 1841 में तिब्बत पर कब्ज़ा करने की कोशिश कर रहे थे और जिन्हें हराकर भगा दिया गया था. इनमें से 70 से ज़्यादा सैनिकों को हिमालय की पहाड़ियों से होते हुए वापस लौटना पड़ा और रास्ते में उनकी मौत हो गई. एक अन्य कहानी के अनुसार माना जाता है कि यह एक कब्रगाह हो सकती है जहां किसी महामारी के शिकार लोगों को दफ़नाया गया होगा. इस इलाक़े के गांवों में एक प्रचलित लोकगीत गाया जाता है. इसमें बताया जाता है कि कैसे यहां पूजी जाने वाली नंदा देवी ने एक 'लोहे जैसा सख़्त तूफ़ान' खड़ा किया जिसके कारण झील पार करने वालों की मौत हो गई और वे यहीं झील में समा गए.

## महिलाओं के कंकाल भी मौजूद

कंकालों को लेकर किए गए शुरुआती अध्ययनों से पता चला है कि यहां मरने वाले अधिकतर लोगों की ऊंचाई सामान्य से अधिक थी. इनमें से ज़्यादातर मध्यम आयुवर्ग के थे जिनकी उम्र 35 से 40 साल के बीच रही होगी. इनमें उम्रदराज़ महिलाओं के भी कंकाल हैं लेकिन बच्चों का कोई भी कंकाल नहीं है. इन सभी का स्वास्थ्य अच्छा रहा होगा. साथ ही आमतौर पर ये माना जाता है कि ये कंकाल एक ही समूह के लोगों के हैं जो कि नौवीं सदी के दौरान किसी अचानक आई किसी आपदा के दौरान मारे गए थे. पांच साल तक चले एक हालिया अध्ययन में कहा गया है कि ये सभी कयास शायद सच नहीं हैं. इस अध्ययन में भारत समेत जर्मनी और अमेरिका के 16 संस्थानों के 28 सह-लेखक शामिल रहे हैं. वैज्ञानिकों ने जेनेटिक रूप से और कार्बन डेटिंग के आधार पर झील में मिले 38 इंसानी अवशेषों का अध्ययन किया. इनमें 15 महिलाओं के अवशेष शामिल हैं. इनमें से कुछ 1,200 साल पहले के हैं. अध्ययनकर्ताओं ने पाया है कि मरे हुए लोग जेनेटिक रूप से अलग-अलग हैं और उनकी मौतों के बीच में 1,000 साल तक का अंतर है. अध्ययन की मुख्य लेखिका ईडेओइन हार्ने हार्वर्ड यूनिवर्सिटी में पीएचडी की छात्र हैं. वे कहती हैं, इससे वे थ्योरी ख़ारिज हो गई जिनमें कहा गया था कि किसी एक तूफ़ान या आपदा में ये सभी मौतें हुई हैं. वे कहती हैं, अभी भी यह साफ नहीं है कि रूपकुंड झील में आख़िर क्या हुआ था. लेकिन, हम यह बात ज़रूर कह सकते हैं कि ये सभी मौतें किसी एक घटना में नहीं हुई हैं. इससे भी ज्यादा दिलचस्प यह है कि जेनेटिक स्टडी से पता चला है कि ये लोग अलग-अलग मूल के थे. मसलन, इसमें एक समूह के लोगों के जेनेटिक्स मौजूदा वक्त में दक्षिण एशिया में रहने वाले लोगों जैसे ही हैं, जबकि दूसरे समूह के लोगों के जेनेटिक्स मौजूदा वक्त के यूरोप के लोगों से मिलते-जुलते हैं. ख़ासतौर पर ये यूनान के द्वीप क्रीट में रहने वाले लोगों जैसे हैं. हार्न कहती हैं, जेनेटिक्स के आधार पर इनमें से कुछ इस उपमहाद्वीप के उत्तरी हिस्से के लोगों से मिलते-जुलते हैं, जबकि, अन्य दक्षिण हिस्से में बसे समूहों से मिलते-जुलते हैं.

तो, ऐसे में क्या अलग-अलग समूहों के लोग कुछ सौ वर्षों के अंतराल पर छोटे जत्थों में इस झील के दौरे पर गए थे? क्या इनमें से कुछ किसी एक घटना में मारे गए? यह झील किसी ट्रेड रूट पर नहीं पड़ती है, यानी व्यापार के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले रास्तों का हिस्सा नहीं थी. इस जगह पर न तो कई हथियार मिले और न ही व्यापार का कोई सामान ही मिला है. जेनेटिक अध्ययनों से इनमें से किसी में प्राचीन बैक्टीरियल जीवाणु का भी पता नहीं चला, जिससे यह माना जा सके कि किसी ख़ास बीमारी की वजह से ये लोग मारे गए थे.

## क्या तीर्थयात्रा पर आए थे लोग?

झील के रास्ते में पड़ने वाले एक तीर्थस्थल से शायद इस बात का स्पष्टीकरण मिलता है कि लोग आख़िर इस इलाक़े की यात्रा पर क्यों आए होंगे. अध्ययनों की मानें तो 19वीं सदी के आख़िर तक इस इलाक़े में तीर्थयात्रा के कोई पुख़्ता प्रमाण नहीं मिलते हैं. लेकिन, 8वीं और 10वीं सदी के स्थानीय मंदिरों में मिले शिलालेख इशारा करते हैं कि यहां उस दौर में लोग तीर्थयात्रा पर जाया करते थे. ऐसे में वैज्ञानिकों का मानना है कि इस जगह पर कुछ कंकाल उन लोगों के हो सकते हैं जिनकी मौत किसी तीर्थयात्रा के दौरान हुई होगी. लेकिन, पूर्वी भूमध्यसागरीय इलाक़े के लोग भारत के हिमालय की इन ऊंची पहाड़ियों पर मौजूद झील पर क्या करने गए थे? इस बात की उम्मीद कम जान पड़ती है कि यूरोप के लोग इतना लंबा सफर तय करके एक हिंदू तीर्थ यात्रा में हिस्सा लेने के लिए रूपकुंड पहुंचे होंगे. तो क्या ये हो सकता है कि पूर्वी भूमध्यसागरीय पूर्वजों की जेनेटिक रूप से अलग आबादी पीढ़ियों से इस इलाके में रह रही हो? हार्ने कहती हैं, हम अभी भी इन सब सवालों का जवाब ढूंढने की कोशिश कर रहे हैं.

## नर कंकालों से भरा है पानी, होती हैं कई रहस्यमयी घटनाएं

सोचिए आप पहाड़ों के बीच किसी सुंदर झील घूमने के लिए गए हैं और अचानक आपको वहां पर कई सारे नर कंकाल दिख जाएं तो क्या करेंगे आप? हिमालय की रूपकुंड झील की कहानी कुछ ऐसी ही है। साल 1942 में यहां पर ब्रिटिश के फॉरेस्ट गार्ड को सैकड़ों नर कंकाल मिले थे। इस दौरान झील पूरी तरह मानवों के कंकाल और हड्डियों से भरी थी। इतने सारे कंकालों और हड्डियों को देख ऐसा आभास होता था कि शायद पहले यहां पर जरूर कुछ न कुछ बहुत बुरा हुआ था। शुरुआत में इसे देख कई लोगों ने यह कयास लगाया कि हो न हो यह सभी नर कंकाल जापानी सैनिकों के होंगे, जो द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान भारत में ब्रिटेन पर आक्रमण करने के लिए हिमालय के रास्ते घुसते वक्त मर गए होंगे। उस वक्त जापानी आक्रमण के भय से ब्रिटिश सरकार ने फौरन इन नर कंकालों की जांच के लिए एक वैज्ञानिकों की टीम को बुलाया। जांच के बाद पता चला कि ये कंकाल जापानी सैनिकों के नहीं थे, बल्कि ये नर कंकाल तो और भी ज्यादा पुराने हैं। इसके बाद समय समय पर इन कंकालों का परीक्षण होता रहा। इन परीक्षणों के आधार पर वैज्ञानिकों के मत अलग-अलग सामने निकलकर आए। कई वैज्ञानिकों का कहना है कि वर्षों पहले यहां पर कई लोगों की मृत्यु हिमस्खलन के चलते हुई तो दूसरे वैज्ञानिकों का कहना है कि इन लोगों की मौत किसी महामारी के कारण हुई। रूपकुंड झील में नर कंकाल क्यों हैं? और कैसे हैं? इस पर वैज्ञानिकों का मत एकसमान नहीं है।

हालांकि 2004 में हुए एक अध्ययन ने रूपकुंड झील से जुड़े कई चौंकाने वाले खुलासे किए। इस अध्ययन के जरिए यह पता चला कि ये कंकाल 12वीं से 15वीं सदी के बीच के थे। डीएनए जांच के बाद कई नई चीजें सामने निकलकर आईं। यह भी पता चला कि इन कंकालों का संबंध अलग-अलग भौगोलिक जगहों से था। अंत में वैज्ञानिकों ने बताया कि काफी समय पहले इन लोगों की मृत्यु किसी भारी गेंद जैसे आकार की चीजों का सिर पे गिरने से हुई थी।

आपको जानकर आश्चर्य होगा कि हिमालय पर्वत पर रहने वाली महिलाओं के एक प्रसिद्ध लोकगीत में एक माता का वर्णन आता है। लोकगीत के मुताबिक ये देवी माता बाहर से आए लोगों पर गुस्सा करती थीं, जो यहां आकर पहाड़ की सुंदरता में खलल डालते थे। इसी गुस्से में उन्होंने भारी भरकम ओलों की बारिश करवाई, जिसके कारण कई लोगों की जानें गईं थी। गौरतलब बात है कि 2004 में हुए रिसर्च में यही बात सामने निकल कर आई थी कि अचानक हुई भयंकर ओलावृष्टि से इन लोगों की जानें गई होंगी। वहीं आज भी इस रूपकुंड झील के कई रहस्य झील के भीतर ही दफन हैं। झील में प्रवेश करने पर सख्त प्रतिबंध है। लोगों का कहना है कि यहां पर अक्सर कई सारी रहस्यमय घटनाएं होती हैं।









# इस रहस्यमयी मंदिर में जाने के नाम से ही थरथर कांपने लगते हैं लोग

पूजा-पाठ और भूत प्रेत से छुटकारा पाने के लिए लोग मंदिर जाते हैं लेकिन हमारे देश में एक ऐसा मंदिर है जिसमें जाने से लोग कतराते हैं. कहा जाता है कि मंदिर के अंदर जाने पर भूतों और पिशाचों को डरने लगता है. लेकिन यह मंदिर ऐसा है जहां जाने से उल्टा लोग ही डर जाते हैं. दरअसल, हिमाचल प्रदेश के चंबा में एक छोटे से कस्बे भरमोर में एक मंदिर है. ये मंदिर देखने में तो काफी छोटा है, लेकिन इसकी ख्याति दूर-दूर तक फैली हुई है. इस मंदिर के बारे में कहा जाता है कि लोग इस मंदिर के अंदर जाने की गलती कभी नहीं करते हैं. और भक्त मंदिर के बाहर से ही प्रार्थना कर चले जाते हैं. दरअसल, यह मंदिर मृत्यु के देवता यमराज का है. यही वजह है कि लोग इस मंदिर के पास जाने से भी डरते हैं. यह दुनिया का एकमात्र ऐसा मंदिर है जो यमराज को समर्पित है. लोगों का कहना है कि इस मंदिर को यमराज के लिए ही बनाया गया था. इसलिए इसके अंदर उनके अलावा और कोई भी प्रवेश नहीं कर सकता है. गांव के लोगों का कहना है कि इस मंदिर में चित्रगुप्त के लिए भी एक कमरा बनाया गया है, जिसमें वो इंसानों के अच्छे-बुरे कामों का लेखा-जोखा एक किताब में रखते हैं. ऐसा माना जाता है कि, मनुष्यों की मृत्यु के बाद, पृथ्वी पर उनके द्वारा किए गये कार्यों के आधार पर उनके लिए स्वर्ग या नर्क का निर्णय लेने का अधिकार चित्रगुप्त के ही पास है. यानि भगवान चित्रगुप्त ही मृत्यु के बाद इंसान के स्वर्ग या नरक में जाने का निर्णय लेते हैं. कहा जाता है कि इस मंदिर के अंदर चार छिपे हुए दरवाजे हैं जो कि सोने, चांदी, तांबे और लोहे के बने हुए हैं. माना जाता है कि जो लोग ज्यादा पाप करते हैं, उनकी आत्मा लोहे के गेट से अंदर जाती है और जिसने पुण्य किया हो, उसकी आत्मा सोने के गेट के अंदर जाती है.



